CMYK

अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, मंगलवार 28 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 241 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 | 9 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES
UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
Top Law firm partners as Professors of Practice
Alumni serving as Law firm partners, Judges and Corporates
LL.B. ADMISSIONS 2026
BA LL.B. (Hons.) | BBA LL.B. (Hons.)
LL.B.*
Apply through ULSAT Entrance Test
SCAN TO APPLY
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students^ | LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026
^T&C Apply | *All LL.B. programs are approved by Bar Council of India.
For more details visit upes.ac.in or call toll free 080 68660685 (10 am to 7 pm)

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान ने भारतीय रासायनिक टैंकर को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में समुद्र के रास्ते व्यापार करना लगातार खतरनाक होता जा रहा है। भारत सरकार ने बताया ईरान ने भारतीय चालक दल वाले एक रासायनिक टैंकर को अपना निशाना बनाया। ओमान की समुद्री सीमा के पास हुई इस फायरिंग की घटना ने सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। हालांकि, भारत सरकार पूरे हालात पर करीब से नजर बनाए हुए है और देशवासियों को खाद और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर भी बड़ा भरोसा दिया है।

### राजस्थान में बारिश बीकानेर-गंगानगर में ओले गिरे

**नई दिल्ली।** देश में भीषण गर्मी जारी है। राजस्थान, यूपी और महाराष्ट्र के 7 शहरों में रविवार को तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। महाराष्ट्र का अकोला 46.9 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म रहा। अमरावती 46.8 डिग्री सेल्सियस, बांदा 46.6डिग्री सेल्सियस, वर्धा और बाड़मेर 46.4डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर और यवतमाल 46डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ हीटवेव की चपेट में हैं। इस बीच राजस्थान के बीकानेर और गंगानगर में सोमवार को बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी के 60 जिलों में लू का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पहली बार तापमान 45 डिग्री पहुंचा। इंदौर-भोपाल में भी पारा 43डिग्री पर बना हुआ है। उत्तराखंड के देहरादून में गर्मी के चलते 12वीं तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

### पीएम मोदी ने बंगालवासियों के नाम लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है। वहीं इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यवासियों के नाम एक पत्र और एक ऑडियो संदेश जारी किया है। बता दें कि, राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 29 अप्रैल को मतदान होगा और इसके नतीजे 4 मई को जारी होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा कि पश्चिम बंगाल के पूरे चुनाव अभियान के दौरान मुझे अपने परिवारजनों का जो अपार स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने एक नई ऊर्जा से भर दिया है।

### पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नई दिल्ली।** कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान-इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के नामांकन और सिफारिश आगामी 31 जुलाई तक की जा सकती है। प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन या सिफारिशें भेजने की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें राष्ट्रीय पद्म पुरस्कार पोर्टल पर केवल ऑनलाइन की जा सकती हैं। पद्म पुरस्कार यानी पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।

# पुतिन से मिले अराघची, ईरान की हिमायत में खुलकर आया रूस

**तेहरान/ मास्को।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। बैठक में रूस ने ईरान के प्रति खुला समर्थन जताया।

रूसी मीडिया के मुताबिक, पुतिन ने कहा कि ईरानी जनता साहस और वीरता के साथ अपनी आजादी और संप्रभुता के लिए लड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई का संदेश मिला है। अराघची की यह यात्रा ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। ऐसे में ईरान रूस का समर्थन मजबूत करने में जुटा है। साथ ही पुतिन ने कहा कि हम हर वो काम करेंगे जो ईरान के हित में होगा। दोनों नेताओं की वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने रूसी राष्ट्रपति का धन्यवाद किया।इस मीटिंग के बाद से पश्चिमी एशिया में चल रहा युद्ध का माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है, क्योंकि सभी जानते हैं कि इस युद्ध में ईरान का समर्थन रूस कर रहा है। साथ ही चीन भी रूस के पीछे-पीछे चल रहा है।



- रूसी राष्ट्रपति बोले: ईरान अपनी आजादी के लिए लड़ रहा, ट्रम्प के अफसरों के साथ बैठक करेंगे

## पहले खुले होर्मुज, फिर होगी परमाणु मुद्दे पर बात: ईरान

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और शांति वार्ता के ठप पड़ने के बीच ईरान ने अमेरिका को एक नया दो-चरणीय शांति प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए वाशिंगटन तक पहुंचाया गया है, जिसमें सबसे पहले होर्मुज स्ट्रेट को खोलने और क्षेत्रीय युद्ध को समाप्त करने की बात कही गई है।

अमेरिकी न्यूज आउटलेट एक्सियोस के अनुसार, ईरान चाहता है कि परमाणु मुद्दों पर बातचीत को बाद के चरण में रखा जाए। ईरान की प्रस्तावित दो-चरणीय योजना के अनुसार पहले होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और अमेरिका की नाकेबंदी खत्म करने पर जोर दिया गया है। इसके बाद युद्धविराम या स्थायी शांति समझौते की बात है, जबकि परमाणु मुद्दों पर बातचीत बाद में की जाएगी। यह प्रस्ताव पाकिस्तान और ओमान के जरिये अमेरिका तक पहुंचा है। पहले चरण में होर्मुज स्ट्रेट को -शेष पृष्ठ दो पर

## ईरान के पास युद्धविराम पर सिर्फ तीन दिन: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी। उसके पास युद्ध खत्म करने के लिए युद्धविराम पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा। अगर ईरान तेल का निर्यात नहीं कर पाता, तो पाइपलाइन में दबाव बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा, क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है। उन्होंने दावा किया कि जब तेल का बहाव अचानक रोकना पड़ता है, तो पाइपलाइन के अंदर दबाव बनता है और तकनीकी व प्राकृतिक कारणों से वह फट सकती है।

# 'आप' के सात सांसदों का भाजपा में विलय

## राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने दी मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सात बागी सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है।

इस फैसले के बाद राज्यसभा में आप की संख्या घटकर 3 रह गई है, जबकि भाजपा सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। जो सात सांसद भाजपा में शामिल हुए हैं, उनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता शामिल हैं। राज्यसभा की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इन सांसदों को भाजपा के सदस्यों के रूप में दिखाया गया है। आप ने रविवार को सभापति से सातों सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की थी। संजय सिंह ने भी लेटर लिखकर उन्हें दलबदल कानून के उल्लंघन का दोषी बताते हुए अयोग्य घोषित करने की अपील की। संजय सिंह के मुताबिक, आप ने एडवोकेट कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। कपिल सिब्बल ने कहा था कि संविधान की 10वीं अनुसूची के मुताबिक सबसे पहले पार्टी को प्रस्ताव पास करके दूसरी पार्टी विलय करना पड़ेगा। कोई भी सांसद दूसरी पार्टी में विलय नहीं कर सकते। आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने शुक्रवार को भाजपा जाइन कर ली थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन सांसदों ने शुक्रवार को राज्यसभा सभापति को आवेदन देकर खुद को भाजपा सांसद के रूप में मान्यता देने की मांग की थी, जिसे अब स्वीकार कर लिया गया है।

- राज्यसभा में भाजपा सांसद 106 से बढ़कर 113 हुए
- केजरीवाल की आम आदमी पार्टी तीन पर सिमटी



### जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से न्याय की उम्मीद खत्म: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी मामले में सुनवाई से हटने की (रिक्युजल) याचिका खारिज होने के बाद जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील के माध्यम से पेश होने से इन्कार कर दिया है। यह घटनाक्रम जस्टिस शर्मा के उस विस्तृत आदेश के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने मामले की सुनवाई से हटने से इनकार कर दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि 'दबाव में झुकने से न्याय नहीं मिलता' और न्यायाधीश किसी वादी की निराधार आशंकाओं के आधार पर खुद को सुनवाई से अलग नहीं कर सकते। जस्टिस शर्मा ने यह भी टिप्पणी की थी कि उन पर व्यक्तिगत हमले न्यायपालिका पर हमले के समान हैं और याचिका को 'अनुमानों' और 'कथित झुकाव' पर आधारित बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद, श्री केजरीवाल ने पत्र लिखकर कहा कि उन्होंने इस अदालत से 'न्याय मिलने की उम्मीद खो दी है।

# महिला अधिवक्ता पर पति के हमले को लेकर सुप्रीम संज्ञान, पुलिस कमिश्नर को सख्त निर्देश

## अस्पतालों ने इलाज से क्यों किया इन्कार, सीजेआई ने पूछे सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में महिला अधिवक्ता पर कथित बर्बर हमले के मामले का सोमवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को कई सख्त निर्देश दिए। अदालत ने मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी को सौंपने का आदेश दिया और कहा कि जांच अधिकारी महिला अधिकारी हो तो बेहतर होगा, जो एसीपी या डीसीपी रैंक की हो।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालत को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग वाला पत्र मिला था, जिसके बाद स्वतः संज्ञान लिया गया। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पीड़िता के पति, जो हमले का मुख्य आरोपी है, को 25 और 26 अप्रैल की दरम्यानी रात गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी मनोज कुमार, जो सोनिया विहार का निवासी है, जिसे रविवार को खजूरी खास इलाके से पकड़ा गया। आरोप है कि उसने 22 अप्रैल को अपनी 38 वर्षीय पत्नी पर चाकू से हमला किया। पूछताछ में उसने पारिवारिक विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक गंभीर पहलू पर भी चिंता जताई। अदालत ने दिल्ली को निर्देश दिया कि यह जांच की जाए कि घायल महिला को तीन अलग-अलग अस्पतालों ने भर्ती करने से कथित रूप से इन्कार क्यों किया। अदालत ने कहा कि अगर गंभीर हालत में किसी पीड़ित को समय पर इलाज नहीं मिलता है, तो यह बेहद चिंताजनक विषय है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। पीठ ने शिकायत में लगाए गए उस आरोप पर भी संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया कि पीड़िता के ससुराल पक्ष दो नाबालिग बच्चों को अपने साथ ले गया है और उनका पता नहीं चल पा रहा। अदालत ने पुलिस को दोनों बच्चों का तत्काल पता लगाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच अधिकारी को मामले की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट अगली सुनवाई में पेश करने का आदेश दिया है। फिलहाल पुलिस घरेलू विवाद समेत सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### 2030 राष्ट्रमंडल खेल: गुजरात में जमीन वापस लेने की कार्रवाई पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए विवादित जमीन मामले में 4 मई तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। यह मामला स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम के अहमदाबाद स्थित आश्रम की जमीन से जुड़ा है, जिसे गुजरात सरकार 2030 राष्ट्रमंडल खेल 2030 की तैयारी के लिए लेना चाहती है। करीब 45,000 वर्ग मीटर जमीन, जहां यह आश्रम बना हुआ है, अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास स्थित है। सरकार इस जमीन पर सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना पर काम कर रही है। इस मामले में संत श्री आसाराम ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ट्रस्ट ने गुजरात उच्च न्यायालयके 17 अप्रैल के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा जमीन वापस लेने के फैसले को सही ठहराया था। सरकार का आरोप है कि ट्रस्ट ने जमीन की लीज की शर्तों का उल्लंघन किया और आसपास की सरकारी जमीन पर भी कब्जा किया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता शामिल हैं, ने पहली नजर में कहा कि ऐसा लगता है कि ट्रस्ट को सही तरीके से नोटिस नहीं दिया गया था।

### 80 की उम्र कोर्ट में लड़ने की नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सोना ग्रुप विवाद में दी मध्यस्थता की सलाह

**नई दिल्ली।** भारत के बड़े कॉर्पोरेट घरानों में संपत्ति और व्यापार पर नियंत्रण को लेकर विवाद होना आम बात हो गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में दो प्रमुख व्यापारिक घरानों- सोना ग्रुप और गाडफ्रे फिलिप्स के पारिवारिक विवादों पर अहम सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे पारिवारिक व्यापारिक झगड़ों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए लंबी मुकदमेबाजी के बजाय शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। ऑटोमोटिव सेक्टर की जानी-मानी कंपनी सोना ग्रुप के भीतर इन दिनों एक बड़ा कानूनी विवाद चल रहा है। यह विवाद 80 वर्षीय रानी कपूर और उनकी बहू प्रिया सचदेवा कपूर के बीच है। रानी कपूर ने रानी कपूर फैमिली ट्रस्ट के गठन को चुनौती देते हुए आरोप लगाया है कि यह ट्रस्ट धोखे से बनाया गया था। रानी कपूर के अनुसार, 2017 में स्ट्रोक (लकवा) आने के बाद उनकी खराब सेहत का फायदा उठाया गया। उनका आरोप है कि उनके दिवंगत बेटे संजय कपूर और बहू प्रिया कपूर ने प्रशासनिक काम का बहाना देकर उनसे खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए और उनकी सारी संपत्ति ट्रस्ट में डाल दी। पिछले साल जून में संजय कपूर के निधन के बाद यह विवाद और बढ़ गया।




# एस्ट्रोनॉट कैडर पहली बार आम नागरिकों के लिए खुलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पहली बार अपने एस्ट्रोनॉट कैडर को आम नागरिकों के लिए खोलने का फैसला किया है। इसरो की एस्ट्रोनॉट सिलेक्शन कमेटी ने इसकी सिफारिश की है। हालांकि इसका क्राइटेरिया अभी जारी नहीं किया गया है।

कमेटी की सिफारिश में कहा गया है कि गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के दूसरे बैच में वायुसेना के 6 पायलट के साथ 4 सिविलियन स्पेशलिस्ट शामिल किए जाएं। ये सिविलियन साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ बैकग्राउंड से होंगे। पहला बैच सिर्फ पायलटों का, दूसरे में आम लोगों के एंट्री होगी। एक एस्ट्रोनॉट को चुनने से लेकर उसकी ट्रेनिंग और मिशन की तैयारी में करीब साढ़े 4 साल (54 महीने) का समय लगता है। कमेटी ने लक्ष्य रखा है कि दूसरे बैच को अगले 72 महीनों में और तीसरे बैच को 96 महीनों में पूरी तरह तैयार कर लिया जाए। भले ही दूसरे बैच में सिविलियंस को शामिल किया जा रहा है, लेकिन वे तुरंत अंतरिक्ष में नहीं जाएंगे। कमेटी की योजना के अनुसार, सिविलियन एस्ट्रोनॉट्स को चौथे मानव मिशन से चालक दल का हिस्सा बनाया जाएगा। दुनिया भर में यह परंपरा रही है कि तकनीक के परिपक्व होने से पहले मिलिट्री बैकग्राउंड वाले पायलटों को ही भेजा जाता है, इसके बाद ही नागरिकों की बारी आती है। मिशन गगनयान इसरो का पहला क्रू वाला स्पेस फ्लाइट प्रोग्राम है, जो 2027 तक लॉन्च होगा। ये 3 दिन का एक मिशन होगा। इसमें 3 एस्ट्रोनॉट्स 400 किमी की यात्रा कर अंतरिक्ष में जाएंगे। उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। पहले बैच में चार एस्ट्रोनॉट्स शामिल हैं। इसरो के पहले बैच में इंडियन एयरफोर्स के टेस्ट पायलट शामिल थे। इसमें चार एस्ट्रोनॉट्स को सिलेक्ट किया गया था। इन एस्ट्रोनॉट्स को सिलेक्ट करने का उद्देश्य पहले क्रू मिशन को सुरक्षित पहुंचाना है। पहले बैच में फाइटर प्लेन के एयर कमांडर प्रशांत बी. नायर, जीपी कैप्टन शुभांशु शुक्ला, जीपी कैप्टन अजीत कृष्णन, जीपी कैप्टन अंगद प्रताप शामिल हुए थे। दूसरे बैच में इंडियन आर्मी के फाइटर जेट के लड़ाकू हेलीकॉप्टर पायलट भी शामिल हो सकते हैं। सातवें मिशन के बाद इसरो अपने मिशन की क्षमता को बढ़ाएगा, जिससे एक साथ 3 एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष में जा सकेंगे। इसके लिए तीसरे बैच में 12 एस्ट्रोनॉट्स की जरूरत होगी। इस बैच में रेशियो पूरी तरह बदल जाएगा, जिसमें केवल 2 मिशन पायलट और 10 सिविलियन स्पेशलिस्ट शामिल किए जाएंगे। इसरो अब एक स्थायी एस्ट्रोनॉट कैडर बनाने की दिशा में काम कर रहा है।



- सिविल एक्सपर्ट को भी अंतरिक्ष में भेजेगा इसरो
- गगनयान मिशन के एस्ट्रोनॉट के दूसरे बैच में शामिल होंगे
- ट्रेनिंग में साढ़े चार साल लगेंगे, सिलेक्शन कमेटी ने सिफारिश की

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में सोमवार को एक नए युग की शुरुआत हुई। दोनों देशों ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाला है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल व न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टाड मैक्ले की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण समझौते को आधिकारिक रूप दिया गया। यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मानी जा रही है। इस एफटीए की सबसे खास बात इसकी गति रही है। 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई बातचीत को रिकॉर्ड नौ महीनों के भीतर संपन्न कर लिया गया। इस समझौते के लागू होने से भारत को सभी टैरिफ उत्पादों पर तत्काल 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। इसके परिणामस्वरूप, न्यूजीलैंड को होने वाले शत-प्रतिशत भारतीय निर्यात पर अब कोई टैरिफ (सीमा शुल्क) नहीं लगेगा। वर्तमान में न्यूजीलैंड द्वारा भारत से निर्यात किए जाने वाले लगभग 450 उत्पादों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया जाता था। नए समझौते के तहत यह शुल्क खत्म हो जाएगा, जिससे भारतीय निर्यात को भारी बढ़ावा मिलेगा।

- द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत

# सीएम ने किया चारधाम यात्रा के लिए एलपीजी आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में भेंट कर उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों एवं आपदाजन्य संवेदनशीलता के दृष्टिगत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के निर्बाध, सुरक्षित एवं सुचारू संचालन के लिए व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को पूर्ववत् 100 प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने अवगत



कराया कि राज्य में अप्रैल से नवम्बर तक संचालित होने वाली चारधाम

■ **केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने मुख्यमंत्री धामी के प्रस्तुत सभी प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई करने का दिया आश्वासन**

यात्रा के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है, जिससे व्यावसायिक एलपीजी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इस अवधि में राज्य को लगभग 9,67,949 व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यकता होती है। साथ ही साथ यह समय प्रदेश में पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जून से सितम्बर के मध्य मानसून अवधि में राज्य को प्रतिवर्ष प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। पर्वतीय भू-भाग एवं दुर्गम परिस्थितियों के कारण आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों में एलपीजी गैस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने व्यावसायिक सिलेंडरों का अतिरिक्त 5 प्रतिशत (लगभग 48,397 सिलेंडर) आवंटन सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध किया, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों का प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था मुख्यत: पर्यटन आधारित है, जिसमें धार्मिक पर्यटन, तीर्थाटन एवं साहसिक पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। चारधाम यात्रा और पर्यटन राज्य की आस्था, सांस्कृतिक पहचान एवं आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख आधार है। उन्होंने प्रदेश में घरेलू गैस की आपूर्ति भी सुचारू रखने का अनुरोध किया है।

केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन प्रदान किया तथा राज्य के हितों के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को पुन: दोहराया।

# प्रो. शिवेन्द्र कश्यप बने पंतनगर कृषि विवि के नए कुलपति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर का कुलपति नियुक्त किया है।

प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक या अग्रेत्तर आदेश तक जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप वर्तमान में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में ही कार्यरत हैं।प्रोफेसर शिवेन्द्र कश्यप वर्ष 2019 से पंतनगर विश्वविद्यालय में रैंकिंग टीम के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अब

■ **लोकभवन की ओर से आदेश जारी**

उन्हें नई जिम्मेदारी देते हुए कुलपति नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि प्रो. कश्यप एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद हैं, जिन्हें कृषि शिक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए आईसीएआर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं। पंतनगर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, कृषि संचार विभागाध्यक्ष, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, विश्व बैंक पोषित एनएएचईपी परियोजना के प्रधान अन्वेषक, डीएसटीटीईसीपरियोजना के पीआई व कई अन्य परियोजनाओं में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। वर्ष 2019 से वे पंतनगर विश्वविद्यालय में रैंकिंग टीम के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

# विपक्ष के पास मातृ शक्ति के सम्मान में खड़े होने का आखिरी अवसर है विशेष सत्र : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। भाजपा ने कल (आज) होने वाले विशेष सत्र को महिला अधिकारों के हनन पर देवभूमि के आक्रोश का प्रकटीकरण बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने प्रदेश कांग्रेस विधायकों को सुझाव दिया कि उनके पास आखिरी मौका है, अपने केंद्रीय नेताओं से उलट महिला हितों में प्रस्ताव का समर्थन करने का। अन्यथा इस बार 27 के चुनावों में मातृ शक्ति, कांग्रेस को खाता भी नहीं खोलने देगी

उन्होंने कहा, जो कुछ संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ अन्याय किया गया वो अक्षम्य है। हालांकि कांग्रेस और विपक्ष की कभी भी मातृ शक्ति को अधिकार सम्पन्न बनाने की नीयत नहीं रही है। पहले 60 साल सरकार में रहते महिला आरक्षण के मुद्दे को दबाए रखा और जब भाजपा ने समर्थन से राज्यसभा में पास कराया तो लोकसभा में विधेयक पेश ही नहीं किया। लेकिन इस बार संसद में महिला आरक्षण की खिलाफत में



■ **महिला अधिकारों के हनन पर देवभूमि के आक्रोश का प्रकटीकरण है सत्र, सत्र में समर्थन दे कांग्रेस, अन्यथा 27 में खाता नहीं खुलने वाला**

कांग्रेस और विपक्ष ने किया उससे महिलाओं में जबरदस्त आक्रोश है। जनता, महिला अधिकारों का विरोध करने वाली मानसिकता को लोकतांत्रिक तरीके से सबक सिखाना चाहती है। देवभूमि की माता बहिनों की भावनाओं और इच्छाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के आवाज को देश में पहुंचाने के लिए विशेष सत्र का आयोजन हो रहा है।

उन्होंने कांग्रेस विधायकों को सुझाव देते हुए कहा कि इस सत्र का वे मातृ शक्ति के सम्मान में खड़े होने के आखिरी अवसर के रूप में करें। क्योंकि जो कुछ उनके केंद्रीय नेतृत्व ने संसद में किया वह पूर्णतया अक्षम्य है, लेकिन शायद सदन में माफी के बाद स्थानीय विधायकों की सजा कुछ कम हो जाए। अन्यथा प्रदेश की जनता विशेषकर मातृ शक्ति कांग्रेस और विपक्ष को लोकतांत्रिक तरीके से करारा सबक सिखाने के लिए तत्पर है। जिस तरह का गुस्सा महिलाओं और प्रदेशवासियों में विपक्षी गद्दारी को लेकर है, उससे तो कांग्रेस का इस बार 27 के चुनावों में खाता खुलना भी असंभव है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस व विपक्षी दल महिला आरक्षण को लेकर अब कितनी भी सफाई और दलीलें पेश कर लें जनता उनकी बातों में आने वाली नहीं है। देश की जनता ने कांग्रेस व विपक्ष का चेहरा संसद में देख लिया है।

# अतिरिक्त बिजली प्रबंधन के लिए उठाएं ठोस कदम: सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव, आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य में विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने मई एवं जून माह में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अतिरिक्त विद्युत प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में यूपीसीएल द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुए वर्तमान परिदृश्य से अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि देशभर में हीट वेव के प्रभाव से विद्युत मांग में तीव्र वृद्धि हुई है, वहीं अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण गैस की सीमित उपलब्धता से राज्य के गैस आधारित संयंत्रों से उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके अतिरिक्त, नदियों में जल स्तर में कमी के कारण जल विद्युत उत्पादन में गिरावट आई है तथा चालू वित्तीय वर्ष में औसतन लगभग 5% की मांग वृद्धि दर्ज की जा रही है। उपभोक्ताओं द्वारा इंडक्शन कुकर



एवं अन्य विद्युत उपकरणों के बढ़ते उपयोग से अतिरिक्त 50 से 100 मेगावाट तक का लोड भी सिस्टम पर आया है, जिससे पीक डिमांड के समय दबाव और बढ़ा है।

वर्तमान समय में देशभर में पड़ रही भीषण गर्मी एवं हीट वेव के कारण विद्युत मांग ऐतिहासिक स्तर पर पहुँच गई है। दिनांक 24 अप्रैल 2026 को भारत की अधिकतम विद्युत मांग लगभग 252 गीगावाट दर्ज की गई, जो नई 2024 के लगभग 250 गीगावाट के पूर्व रिकॉर्ड से अधिक है। पिछले वर्ष जून 2025 में यह मांग लगभग 242 गीगावाट रही थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में यह मांग 270 से 277 गीगावाट तक पहुँचने का अनुमान है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य में भी 24 अप्रैल 2028 को अधिकतम मांग 2646 मेगावाट तथा 25 अप्रैल 2026 को 2647 मेगावाट दर्ज की गई है।

■ **मुख्य सचिव ने गर्मी बढ़ने से विद्युत मांग बढ़ने पर ली यूपीसीएल के साथ उच्च स्तरीय बैठक, यूपीसीएल उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध: एमडी यूपीसीएल**

## केन्द्रीय पुल से अतिरिक्त 150 मेगावाट विद्युत उपलब्ध कराने का मिला है आश्वासन

राज्य सरकार के सक्रिय प्रयासों से भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल से अतिरिक्त 150 मेगावाट विद्युत उपलब्ध कराने का आश्वासन प्राप्त हुआ है, जिससे आगामी दिनों में आपूर्ति व्यवस्था और सुदृढ़ होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, ऊर्जा एक्सचेंज के माध्यम से अग्रिम रूप से विद्युत क्रय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि उपभोक्ताओं पर न्यूनतम प्रभाव पड़े। इसी क्रम में आज मुख्यालय (ऊर्जा भवन) में यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक से हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के अध्यक्ष प्रभोध सक्सेना द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई। इस दौरान उत्तराखण्ड एवं हिमाचल प्रदेश के मध्य जून 2026 के लिए विद्युत उपलब्धता को लेकर बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दिशा में वार्ताएं सकारात्मक रूप से प्रगति पर है, जिससे आगामी अवधि में राज्य की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। यूपीसीएल अपने सभी उपभोक्ताओं को आश्वस्त करता है कि इस चुनौतीपूर्ण समय में भी विद्युत आपूर्ति को सुचारु, विश्वसनीय एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, सभी उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे बिजली का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें, विशेषकर पीक आवर्स (शाम के समय) में अनावश्यक विद्युत उपकरणों के उपयोग से बचें, ताकि सभी को समान रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

देश के 40 से अधिक शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। उत्तर एवं मध्य भारत में सामान्य से अधिक तापमान के कारण घरेलू एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों में एयर कंडीशनर, कूलर एवं अन्य विद्युत उपकरणों के उपयोग में तीव्र वृद्धि हुई है, जिससे बिजली की मांग में अभूतपूर्व उछाल आया है।

इस अत्यधिक नांग के कारण राष्ट्रीय स्तर पर पीक आवर्स के दौरान विद्युत की उपलब्धता सीमित हो रही है। यहां तक कि ऊर्जा एक्सचेंज में अधिकतम निर्धारित दर घ10 प्रति यूनिट पर भी पर्याप्त विद्युत उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

इन परिस्थितियों के बावजूद यूपीसीएल उपभोक्ताओं को यथासंभव निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान करने हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, प्रबंध निदेशक यू जे वी एन एल, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल के साथ मुख्य अभियंता (वाणिज्य) एन एस बिष्ट, अधीक्षण अभियंता (वाणिज्य) नवीन मिश्रा तथा मैसर्स मार्काडोज से आकाश शर्मा उपस्थित रहे।

# महिलाएं लेकर रहेंगी अपना अधिकार: रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने विपक्षी दलों पर महिलाओं को आरक्षण के उनके अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि महिलाएं अपना अधिकार लेकर रहेगी और जिन दलों ने सदन में विधेयक का विरोध किया है उन्हें आधी आबादी सबक सिखाएगी।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को विधानसभा स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के नेता लंबे समय से महिला आरक्षण में अड़ंगा लगाने का काम कर रहे हैं। इस बार भी जब केंद्र सरकार ने गंभीरता पूर्वक महिलाओं को आरक्षण देने की कोशिश की तो विपक्ष ने बहाने



■ **कहा - जिन दलों ने सदन में विधेयक का विरोध किया है उन्हें आधी आबादी सबक सिखाएगी**

बाजी करके इस बिल को पारित नहीं होने दिया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 28 अप्रैल को देहरादून में होने वाली आक्रोश मशाल रैली में आम महिलाओं का गुस्सा देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा आधी आबादी को लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण देने पर अडिग है और आज नहीं तो कल इस कार्य का श्रेय भी मोदी सरकार को ही मिलेगा।

एक सवाल के जवाब में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कांग्रेस समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल जैसे परिवारवादी दलों में एक खास परिवार की महिलाओं को तो एक तरह से अघोषित आरक्षण दिया जा रहा है। लेकिन यही पार्टियां आम महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं राजनीतिक रूप से बेहद सजग हैं और विपक्षी दलों की इस ऐतिहासिक गलती की सजा जनता चुनाव में देगी।

## वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच के दिए निर्देश

**नई टिहरी।** जिला मजिस्ट्रेट नितिका खण्डेलवाल ने बीती 21 अप्रैल को वाहन के कोडियाला की तरफ व्यासी के पास सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराकर दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच के निर्देश दिए है। वाहन दुर्घटना में सवार एक महिला की मृत्यु व 6 व्यक्ति घायल हुए हैं। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने तथा सुझाव प्राप्त करने एवं दुर्घटना के कारणों की मजिस्ट्रीयल जांच के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट नरेन्द्रनगर आशीष चन्द्र घिल्डियाल को जांच अधिकारी नामित किया है। जांच अधिकारी दो सप्ताह के भीतर मजिस्ट्रीयल जांच में विभिन्न बिन्दुओं जैसे दुर्घटना की तिथि, समय व मोटर मार्ग, दुर्घटनाग्रस्त वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर, परमिट संख्या तथा उसकी वैधता, दुर्घटना में मृत एवं घायल लोगों के नाम व पता, वाहन खराबी, तकनीकी परीक्षण आदि का स्पष्ट विवरण सहित आख्या दो सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# सीएम धामी ने ली निर्माणाधीन आधुनिक लैंड पोर्ट परियोजना प्रगति की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष जयंत सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड निवास में बैठक की।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने चम्पावत जनपद के बनबसा (गुदमी) क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर निर्माणाधीन आधुनिक लैंड पोर्ट परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। इस परियोजना को एशियन हाईवे से जोड़कर अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित उत्तराखंड राज्य के पिथौरागढ़ जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों धारचूला



■ **सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार व आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण को लेकर मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक**

एवं झूलाघाट में सीमा व्यापार, आवागमन तथा आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किए जाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों को स्थानीय आवश्यकताओं एवं जनहितों को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ाया जाए, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सकेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे सुगमता के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया को सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए चल रहे कार्यों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# यूपीईएस में वैश्विक सहमति को मिला नया आयाम

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल पीस फॉर ग्रोथ (आईसीएसपीजी-2026) में देश-विदेश के शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और सामाजिक नवाचारकर्ताओं ने शांति आधारित विकास मॉडल पर व्यापक चर्चा की। सम्मेलन ने वैश्विक स्तर पर शांति, समानता और सततता को विकास की नई दिशा के रूप में स्थापित करने पर सहमति जताई।

सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और भू-राजनीतिक चुनौतियां आपस में जुड़ती जा रही हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि स्थायी विकास केवल न्यायपूर्ण व्यवस्था, मजबूत संस्थानों और सामाजिक सौहार्द के साथ ही संभव है। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति डॉ. सुनील राय ने किया। उन्होंने कहा कि सतत विकास की आधारशिला शांति, समानता और मजबूत संस्थागत ढांचे पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि शांति कोई अमूर्त अवधारणा नहीं, बल्कि समावेशी विकास का आधार है।



■ **अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शांति आधारित विकास मॉडल पर हुआ मंथन आईसीएसपीजी-2026 का आयोजन, शांति, समानता व सततता को विकास की नई दिशा मानने पर जोर**

## विज्ञान, नैतिक प्रौद्योगिकी, संस्कृति, सुशासन पर हुआ विमर्श

सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों, विशेष रूप से एसडीजी-16, के अनुरूप एकीकृत और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया गया।

सम्मेलन की खासियत 'बैरोमीटर्स ऑफ पीस' थी, जिसके तहत विज्ञान, नैतिक प्रौद्योगिकी, संस्कृति, सुशासन, पर्यावरण और युवा नेतृत्व जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन में संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, पर्यावरण और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। नवाचार प्रदर्शनी और पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों और शोधकर्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष डॉ. राम शर्मा, कुलसचिव मनीष मदान और डॉ. वीणा दत्ता ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि सतत प्रथाओं को अपनाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

सम्मेलन का आयोजन डॉ. अश्विनी नांगिया और डॉ. जितेंद्र पांडेय के नेतृत्व में किया गया। यह बहु-विषयक मंच विभिन्न क्षेत्रों के दृष्टिकोणों को जोड़ते हुए व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करने में सफल रहा। सम्मेलन में पद्म विभूषण से सम्मानित सोनल मानसिंह, सच्चिदानंद जोशी, मीनाक्षी गुप्ता सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आंदोलन सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण: आर्य

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आंदोलन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सरकार पूरी तरह संवेदनहीन और जनविरोधी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं पर मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और समाज के कमजोर वर्गों की जिम्मेदारी है, उन्हें ही अपने हक के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, जो बेहद चिंताजनक है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमित संसाधनों में वर्षों से सरकारी योजनाओं को जमीन पर लागू कर रही हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों के पोषण, टीकाकरण जागरूकता, कुपोषण उन्मूलन और सैनिटरी नेपकिन वितरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के



■ **सदन से लेकर सड़क तक पूरी मजबूती से उठाऐंगे आंगनबाड़ी बहनों की आवाज**

बावजूद उन्हें समय पर मानदेय तक नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महीनों से मानदेय लंबित है, दो वर्षों से भवन किराया नहीं दिया गया और कोविड काल में घोषित पारितोषिक भी अधूरा छोड़ दिया गया। इसके अलावा धरना अवधि का भुगतान नहीं हुआ, कुक्ड फूड और टीएचआर की राशि भी अटकी हुई है। ढुलान का कोई प्रावधान नहीं है और सैनिटरी नेपकिन योजना में भी कार्यकर्ताओं पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। आर्य ने कहा कि सरकार केवल घोषणाओं और प्रचार में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्थिति इसके विपरीत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत सभी लंबित भुगतानों का निस्तारण नहीं किया, तो आंदोलन पूरे प्रदेश में और व्यापक होगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार अब भी नहीं चेती, तो विपक्ष इस मुद्दे को विधानसभा से लेकर सड़कों तक मजबूती से उठाएगा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संघर्ष करेगा।

# जीबी पंत कृषि विवि के 29वें कुलपति बने प्रो. एसके कश्यप

## सोमवार को कार्यभार संभालते ही बैठक में आगामी योजनाओं पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** देश के पहले कृषि विश्व. विद्यालय गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को नए कुलपति (29वें) डा. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने पदभार ग्रहण कर लिया है। डा. कश्यप के कार्यभार ग्रहण करने पर शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मियों ने उनको बधाई दी। सोमवार को राज्यपाल/कुलाधि. पति ले.ज. (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह की संस्तुति पर उनके सचिव रविनाथ रामन की ओर से जारी आद. ेश में कहा गया है कि जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के कुलपति के कार्य दायित्वों के लिए अस्थाई/अंतरिम व्यवस्था संबंधी निर्गत आदेश को अतिक्रमित करते हुए उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि अधिनियम 1958 की धारा 11 की उपधारा-1 में निहित प्रावधान के तहत गठित अन्वेषण समिति की ओर से प्रस्तुत पैनल से प्रो. शिवेंद्र कुमार कश्यप (प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय, पंतनगर) को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु पूरी होने तक अथवा



अग्रेत्तर आदेश तक, जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया जाता है। सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने के दौरान प्रो. कश्यप ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि वह इसी विवि में प्राध्यापक रहे हैं, इसलिए यहां की सभी समस्याओं से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मियों, लेखा संवर्ग और किसानों की समस्याएं दूर करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

**कौन हैं प्रोफेसर कश्यप**

**पंतनगर।** प्रो. कश्यप वर्तमान में गो. विंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में बतौर प्राध्यापक कार्यरत हैं। वह एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद हैं, जिन्हें कृषि शिक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए आईसीएआर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं। उन्होंने पंतनगर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, कृषि संचार विभागाध्यक्ष, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, विश्व बैंक पोषित नाहेप परियोजना के प्रधान अन्वेषक, डीएसटी एंड टेक परियोजना के पीआई सहित अनेक अन्य परियोजनाओं में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। उनका चयन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्तर के लीप (लीडरशिप इन एजुकेशन) कार्यक्रम के लिए किया गया। जिसके तहत उन्हें भावी शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता के रूप में हैदराबाद विवि और ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विवि में प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। वर्ष 2019 से वे पंतनगर विवि में रैंकिंग टीम के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में विवि ने आईसीएआर रैंकिंग में राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आईसीएआर के सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार सहित राष्ट्रीय स्तर पर अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया। उनके नेतृत्व एवं समन्वय के परिणामस्वरूप विवि ने वैश्विक रैंकिंग में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नाहेप परियोजना के तहत उन्होंने पाँच वर्षों तक सभी महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले 80 प्रतिभाशाली संकाय सदस्यों की बहुविषयक टीम का नेतृत्व किया। दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय देते हुए उन्होंने परियोजना निधि का उपयोग करते हुए भारत के पहला पंतनगर संग्रहालय, कोविड काल के दौरान 65 स्मार्ट कक्षाएँ, एक्सपोजर के के तहतसॉफ्ट स्किल एवं उन्नत प्रशिक्षण, वर्चुअल लैब एवं प्रबंधन मंडल से अनुमोदित फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर आदि स्थापित किए। उन्होंने 1500 से अधिक सॉफ्ट स्किल विकास सत्रों का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया है, जिनमें पाठ्यक्रम निर्माण, शिक्षण कौशल, प्रशासनिक कौशल, नेतृत्व क्षमता, श्रवण कौशल, प्रबंधन संचार तथा भाषा कौशल शामिल हैं। उन्होंने 25 से अधिक पुस्तकों तथा 55 शोध पत्रों का लेखन किया है और 75 से अधिक अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय विश्व. विद्यालयों के साथ एक सशक्त संस्थागत नेटवर्क विकसित किया है।

### तमाम उपलब्धियां, तो कई चुनौतियां भी हैं सामने

**पंतनगर।** भारत ही नहीं एशिया के प्रमुख कृषि विवि में शुमार रहे हरित क्रांति के जनक जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय का स्वर्णिम इतिहास रहा है। विवि में 29वें कुलपति के रूप में नियुक्त डा. शिवेंद्र कुमार कश्यप के लिए विवि की रैंकिंग, घटती परियोजनाओं सहित शिक्षकों की मांगों जैसी चुनौतियों से पार पाना आसान नहीं होगा। पंत विवि में कुलपति पद के करीब 186 आवेदकों में अपनी जगह बनाने वाले विख्यात कृषि वैज्ञानिक डा. कश्यप को विवि में फैली कई अनियमितताओं पर अंकुश लगाते हुए शिथिल पड़ चुके शिक्षा, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों को गति देनी होगी। साथ ही देश के विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में नीचे जा रहे पंत विवि को उसके पुराने स्तर पर लाना भी बड़ी चुनौती होगी।

## वनाग्नि रोकथाम को ओण जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध

**अल्मोड़ा।** वनाग्नि रोकथाम को लेकर सोमवार को डीएम अंशुल सिंह ने बैठक ली। इस दौरान उन्होंने वनाग्नि की रोकथाम एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए अधिकारियों के साथ विस्तृत रणनीति पर चर्चा की। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि तापमान में निरंतर वृद्धि के कारण वनाग्नि की घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, ऐसे में सभी संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने उपजिलाधिकारियों, पुलिस विभाग तथा वन विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए तत्परता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि वनाग्नि की घटनाओं में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए। इसके अलावा उन्होंने जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए निर्देशित किया कि आगामी तीन दिनों के भीतर सभी ग्राम पंचायतों में वनाग्नि रोकथाम के संबंध में बैठकें आयोजित की जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा-करकट तथा फसलों के अवशेष (ओण) जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने व इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। यहां बैठक में डीएफओ दीपक सिंह, एडीएम युक्ता मिश्र, डीडीएमओ विनीत पाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने वनाग्नि की सूचना प्राप्त होते ही न्यूनतम रिस्पांस टाइम के साथ त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही जंगलों में अधिक से अधिक फायर लाइन तैयार करने, उनकी नियमित निगरानी करने तथा पर्याप्त संख्या में फायर वाचरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे जंगलों को आग से बचाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

## एक नजर

### तापमान बढ़ने से आग की घटनाएं बढ़ी

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में वनाग्नि की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को जिले लमगड़ा विकासखंड के डोल के जंगल अचानक आग से धधक उठे। सूचना पर फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया। जिले के जंगलों में वनाग्नि की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। सोमवार दिन में लमगड़ा ब्लॉक के डोल आश्रम से सटे जंगलों में अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विक. राल रूप धारण कर लिया और तेजी से रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। आग को बढ़ता देख लोगों में भी हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर सर्विस की टीम को दी। मौके पर पहुंची टीम ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। टीम में अजब सिंह, मुकेश सिंह, दीपक मार्छाल, इंदु समेत आनंद, संदीप, हेमा, भावना, सोनी, सुनीता, शीला, मीना, पूजा, मुन्नी, दीपा, शिवानी, अंजू, आशा आदि ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### सातवां वेतनमान लागू करने की मांग

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा दुग्ध संघ के कर्मचारियों ने लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की है। कर्मचारियों ने डेयरी विकास विभाग के निदेशक को पत्र भेज महंगाई भत्ते के भुगतान और 7वें वेतनमान को लागू करने की मांग उठाई है। कर्मचारियों का कहना है कि जहां प्रदेश के अन्य कर्मचारियों को वर्ष 2016 से 7वें वेतनमान का लाभ मिल रहा है। वहीं दुग्ध संघ अल्मोड़ा के कर्मचारी अब भी छठे वेतनमान पर कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही वर्ष 2019 से महंगाई भत्ते में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि प्रबंध समिति द्वारा महंगाई भत्ते के भुगतान का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, लेकिन अब तक उसे स्वीकृति नहीं मिली है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### बच्चों को अनिवार्य खिलाई जाए एल्बेंडाजोल

**अल्मोड़ा।** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। सोमवार को डीएम अंशुल सिंह ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल आयोजन को लेकर बैठक ली। इस दौरान निर्देश दिए कि 7 मई को जनपद के सभी 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा अनिवार्य रूप से खिलाई जाए। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि यह अभियान जनपद के सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य शैक्षणिक, प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित किया जाएगा। संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र बच्चा दवा से वंचित न रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि जो बच्चे किसी कारणवश 7 मई को दवा लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें मॉप-अप दिवस 14 मई को अनिवार्य रूप से दवा खिलाई जाए। बैठक में अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार, दवा की उपलब्धता, एवं निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। यहां बैठक में प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अरविंद पांगती, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. योगेश पुरोहित, शिक्षा एवं बाल विकास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### चेकिंग अभियान, 16 बाइक चालकों के चालान

**काशीपुर।** कोतवाली कुंडा क्षेत्र के अंतर्गत उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित सूर्या पुलिस चौकी पर देर शाम चलाए गए विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चाल. कों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान में कुल 16 मोटरसाइकिल चालकों के चालान किए गए। 11 बाइक चालकों के कोर्ट चालान किए गए, जबकि पांच वाहन चालकों से मौके पर ही 2500 रुपये का संयोजन शुल्क वसूला गया। चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाकर मोटरसाइकिल चलाने तथा आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में वाहन संचालन करने वालों पर कार्रवाई की गई। चौकी प्रभारी गणेश दत्त भट्ट ने बताया कि सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से समय-समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाता है। अभियान में चौकी प्रभारी गणेश दत्त भट्ट, उप निरीक्षक रवीश कुमार, कांस्टेबल नवीन शर्मा, सूरज सिंह, कुंदन सिंह, राजीव कुमार, राजेश भट्ट और प्रणय राठी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### ब्लॉक स्तर पर छात्राओं ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** आशीष मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल बेलपोखरा की हाईस्कूल की छात्राओं ईशा पुरी पुत्री दिनेश पुरी ने 86.2 प्रतिशत, वहीं आरती पाठक पुत्री प्रकाश चन्द पाठक ने 85.4 प्रतिशत अंक के साथ कोटाबाग ब्लॉक में क्रमशः चौथा एवं पांचवां स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय के साथ साथ ब्लॉक का नाम भी रोशन किया है। विद्यालय के अन्य होनहार छात्रों तुषार बिष्ट पुत्र स्वव अनूप सिंह ने एवं रुद्रा जोशी पुत्र सुमित जोशी ने ऑनर्स के साथ उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय के साथ अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय विगत कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन परीक्षाफल दे रहा है। विद्यालय के प्रबंधक तारादत्त सत्यवली, प्रधानाचार्या ज्योति एवं समस्त शिक्षिकाओं ने विद्यालय के शत प्रतिशत परीक्षाफल और बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



## कालेज की मान्यता समेत फीस वसूली की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में स्थित मां अम्बे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के खिलाफ यूकेडी ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को यूकेडी कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। कॉलेज की मान्यता और मनमानी फीस वसूली के आरोप लगाए। मामले को लेकर कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि संस्थान में पिछले कई वर्षों से नर्सिंग कोर्स संचालित किया जा रहा है, जिसमें अधिकांश छात्र उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों से आते हैं। ऐसे में संस्थान की मान्यता को लेकर स्थिति स्पष्ट करना आवश्यक है, ताकि छात्रों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो। इसके अलावा आरोप लगाया गया है कि संस्थान द्वारा बिना स्पष्ट अनुमति के स्कूली शिक्षा भी संचालित की जा रही है। कार्यकर्ताओं ने स्कूल की मान्यता को सार्वजनिक करने की मांग की है। यूकेडी ने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित छात्रों से भी पूर्ण शुल्क वसूला जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। केंद्रीय मंत्री दिनेश नाथ गोस्वामी, संयुक्त मंत्री त्रिलोक लटवाल, जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, महानगर अध्यक्ष मोहित साह, जिला उपाध्यक्ष सुजीत टम्टा, कार्यकारी अध्यक्ष पान सिंह लटवाल, पंकज बोरा, संतोष नाथ समेत अन्य मौजूद रहे।

## डोला में खस्ताहाल सड़क से ग्रामीण परेशान

**बागेश्वर।** कपकोट विकास खंड के ग्राम सभा डोला के ग्रामीण खस्ताहाल सड़क के सुधारीकरण की मांग को लेकर 65 किमी दूर जिला मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के समक्ष सड़क मरम्मत की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2019 में जिला पंचायत द्वारा बनाई गई पांच किमी लंबी मोटर मार्ग आज तक अधूरी है। सड़क में न तो सोलिंग हो पाई है और न ही नाली निर्माण हुआ है। बीते बरसात के दौरान सड़क जगह-जगह से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे वाहनों का संचालन लगभग असंभव हो गया है। उन्होंने बताया कि डोला गांव में करीब 40 परिवार निवास करते हैं, जिन्हें गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीमार, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को इलाज के लिए करीब पांच किमी दूर पिंडर पुल तक पैदल जाना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चों को 8 किमी दूर बदियाकोट इंटर कॉलेज तक पैदल आना-जाना पड़ता है। गांव में खाद्यान्न भी घोड़े-खच्चरों के माध्यम से पहुंचाया जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। प्रदर्शन में परवीन सिंह, नीरज बिष्ट, अमर सिंह बिष्ट, सावित्री बिष्ट, कमला देवी, सीता दानू सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा आफरीन ने इंटरमीडिएट मेरिट में प्राप्त किया16वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** क्षेत्र के प्राचीन विद्यालयों में से एक रूप किशोर लालमणि आर्य कन्या इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शानदार एवं अभूतपूर्व रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्य रिंकू ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 94.5 प्रतिशत एवं इंटर का 93.8 प्रतिशत रहा। विद्यालय के इंटरमीडिएट की छात्रा आफरीन पुत्री शमीम अहमद खान ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 16 स्थान प्राप्त किया है। वहीं गर्ल्स की मेरिट लिस्ट में उसने 13वां स्थान अर्जित किया है। यह विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र के लिए हर्ष की बात है। इसके साथ ही विद्यालय की अन्य छात्राएं भी बहुत ही अच्छे अंक प्राप्त कर परीक्षा में उत्तीर्ण हुई है। आफरीन की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य श्रीमती रिंकू एवं प्रबंधक महेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा उसे सम्मानित किया गया। विद्यालय की अध्यक्षा विमला गुड़िया सहित समस्त प्रबन्ध समिति एवं अध्यापिकाओं ने आफरीन सहित सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# काशीपुर से भाजपा जिला प्रशिक्षण का आगाज़

## बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनगढ़ व प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** देश भर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत आज यहां भी बाजपुर रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिला प्रशिक्षण कार्ययोजना की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण/बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के राष्टीय सचिव ओमप्रकाश धनगढ़ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर उन्होंने वहां लगी भाजपा के इतिहास व विकास कार्यो से संबंधित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।



बाद में उन्होंने आगामी जिला प्रशिक्षण कार्ययोजना व समीक्षा बैठक भी की। इससे पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनगढ़ ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह प्रशिक्षण अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इससे पूर्व भाजपा सात राज्यों में यह प्रशिक्षण अभियान चला चुकी है। अब भाजपा ने उत्तराखंड के कुमायूं मण्डल के पार्टी के काशीपुर जिला में आज इस प्रशिक्षण अभियान का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को जिला स्तर पर किस तरह का प्रशिक्षण देना है, उन्हें प्रशिक्षण के दौरान पार्टी की विच. ारधारा व भारतीय जनता पार्टी के इतिहास को भी बताया जायेगा। जिससे कार्यकर्ताओं का मानसिक विकास हो सके और वह कुशल प्रशिक्षक बन आम जन तक भाजपा की नीतियों व विकास को पहुंचा सके। इस दौरान आज के जमाने में मीडिया का क्या महत्व है और क्या राजनीतिक सोच है इस संबंध में भी कार्यकर्ताओं को विस्तार पूर्वक बताया जायेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है चुनाव का प्रबंधन पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। भाजपा का हर कार्यकर्ता निपुण हो यही पार्टी का उद्देश्य है। कहा कि प्रदेश के 15 जिलों में यह वर्ग अभी चलने हैं जबकि पांच जिलों में जारी है। इस दौरान मंच पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार दर्जाधारी सीमा चौहान, कशीपुर जिलाध्यक्ष मनोज पाल, पीसीयू चैयरमेन राम मेहरोत्रा, आशीष गुप्ता, पूर्व मेयर उषा चौधरी, सुशील शर्मा, गुरविंदर सिंह चंडोक, रजत सिद्धू, सर्वेश शर्मा शशि, राहुल पैगिया, लवीश अरोरा, गंधार अग्रवाल, मोहन बिष्ट, मनोज मनराल, रवि पाल, समेत भारी संख्या मे प्रदेश स्तरीय एवं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरकाशी रमेश चौहान ने किया।

## मंडलसेरा की समस्याओं पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बागेश्वर।** पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सभासद कैलाश आर्या ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मंडलसेरा उत्तरी वार्ड में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जीआईसी मंडलसेरा का भवन जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है, जबकि यहां 250 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय की छत में लगी चादर और लकड़ी पूरी तरह से सड़ चुकी है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा प्राइमरी स्कूल मंडलसेरा में छत तक जाने वाली सीढ़ियां अत्यंत संकरी हैं, जिससे बच्चों के गिरने का खतरा बना रहता है। उन्होंने मंडलसेरा बाईपास मोटर मार्ग में नालियों के निर्माण की मांग भी उठाई।


**पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**

**निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु सील बंद लिफाफों में (दो भाग में) निविदायें दिनांक 25/05/2026 के 17:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जिसका प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग 17:00 बजे दिनांक 27/05/2026 को उपस्थित निविदाकारों/प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी। उक्त तिथि को अवकाश पड़ने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

निविदादाताओं को निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि निविदा में उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में भरकर पृथक रूप से प्रथम भाग लिफाफे में संलग्न करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में, निविदा शुल्क एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के आभाव में निविदा का दूसरा भाग नहीं खोला जायेगा। फर्म /ठेकेदार का आयकर/जी0एस0टी0/ ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 तथा उत्तराखण्ड राज्य में विद्युत कार्य करने हेतु वैध ए-क्लास लाईसेंस में पंजीकरण अनिवार्य है। निविदा केवल विभाग की वैबसाईट www.ptcul.org से दिनांक 27/04/2026 से दिनांक 17/05/2026 तक डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदा मात्र पंजीकृत डाक (स्पीड-पोस्ट/रजिस्ट्री) द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 01/2026-27 | Work of repairing of cooling fan of 2X315MVA transformers at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 2. | 02/2026-27 | Work of providing and fixing of control and relay panel illumination system and associate works at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 3. | 03/2026-27 | Supply of spares, silica gel, control wire and lugs of 2X160MVA transformers at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 4. | 04/2026-27 | Work of rectification of 132KV switchyard BMK's interlocking circuit at 400KV Sub-Station , Kashipur. | 7000.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

संख्या 365/अधि.अभि.(का)
दिनांक 27-04-2026

(अधिशासी अभियंता)
400 केवी(परि. एवं अनु.) खण्ड, काशीपुर


## धूमधाम से मनाया पूर्व सीएम का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के 78वें जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय, सदर बाजार, रानीखेत में सोमवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर तथा मिष्ठान वितरण कर उनका जन्मदिवस धूमधाम से मनाया और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि हरीश रावत उत्तराखंडियत के सशक्त प्रतीक हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल में कई जनहितकारी व ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने विशेष रूप से केदारनाथ आपदा 2013 के बाद केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण कार्य को रिकॉर्ड समय में पूरा कराए जाने को उनकी बड़ी उपलब्धि बताया। यहां पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी, कार्यालय प्रबंधक रमेश पंत, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष भगवंत नेगी, वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश राम, रामलीला कमेटी अध्यक्ष जयंत रौतेला, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, विनीत चौरसिया, दीप उपाध्याय, विजय तिवारी, मो. तैय्यब, कुसुम जोशी, ज्योति पांडेय, मीनाक्षी साह, नाजिश बेगम, प्रमोद पाल, पंकज गुरुरानी, संदीप बंसल, प्रमोद रावत, हरीश अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।


**NAME CHANGE**

I, **SHAMSHAD ALI** have changed my name from **SHAMSHAD** to **SHAMSHAD ALI** hence forth I shall be known as SHAMSHAD ALI S/o MEHANDI HASAN R/o Vill. Bailjuri, Kunda, Udham Singh Nagar, UK.




## धरने पर बैठी रहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना सोमवार को 12वें दिन भी जारी रहा। दीन दयाल पार्क में चल रहे इस प्रदर्शन को उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने समर्थन दिया और भीषण गर्मी में धरनारत कार्यकत्रियों को पेयजल वितरित किया। पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद जोशी ने सरकार से मांगों को जल्द स्वीकार कर आंदोलन समाप्त कराने की अपील की। वहीं कार्यकर्ताओं ने कहा कि मौजूदा महंगाई में कम मानदेय पर परिवार चलाना मुश्किल है, इसलिए इसे बढ़ाया जाना चाहिए। कार्यकत्रियों ने बताया कि उन्हें वर्तमान में 9,300 रुपये मानदेय मिल रहा है, जिसे बढ़ाकर 24,000 रुपये करने की मांग की जा रही है। साथ ही बायोमेट्रिक व्यवस्था समाप्त करने और सेवानिवृत्ति लाभ से जुड़ी मांगें भी उठाई गईं। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को उग्र किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष गीता मोमी, रमा पांडे, गंगा बिष्ट, शबनम परवीन, पुष्पा राठौर, द्रोपदी कुंवर, निर्मला कार्की, सना परवीन, सरस्वती, मंजू बोहरा, जीवंती देवी, रशीदा, पुष्पा पंत, मंजू सामंत, किरन, गीता बोरा, तनुजा, गीता देवी, विमला जोशी आदि उपस्थित रहीं।

# एसएसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** रानीखेत कोतवाली परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके



शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान शहर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि हिमांशु उपाध्याय ने अनाधिकृत रूप से संचालित हो रहे होम-स्टे से उत्पन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि ऐसे होम-स्टे न केवल नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय व्यवसाय और व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। इसके साथ ही शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की गई। उपाध्याय ने यह भी बताया कि रानीखेत में पर्यटकों के लिए सार्वजनिक शौचालय और पेयजल की कमी बनी हुई है, जिसका सीधा असर पर्यटन पर पड़ रहा है। बैठक में एक व्यापारी द्वारा विजय चौक पर वन-वे नो एंट्री लागू करने का सुझाव रखा गया, जिस पर उपस्थित नागरिकों ने असहमति जताई। वहीं रोडवेज बसों के कारण लगने वाले जाम की समस्या पर कोतवाल भुवन जोशी ने संयुक्त मजिस्ट्रेट से वार्ता कर समाधान निकालने की बात कही। संदीप गोयल ने बाजार क्षेत्र में नाबालिगों एवं ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही रात्रि गश्त बढ़ाने और ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी चालान करने का भी सुझाव दिया गया। जिस पर एसएसपी ने सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का आश्वासन दिया। यहां एएसपी हरबंस सिंह, कोतवाल भुवन जोशी सहित, हिमांशु उपाध्याय, गोविंद बिष्ट, संजय पंत, हर्ष पंत, नवल पांडेय, तयब अली, कैलाश अधिकारी, गिरीश पांडेय, नईम खान, बिट्टू सहित अन्य मौजूद रहे।

# मेहनत, अनुशासन सफलता का मूल मंत्र

## टॉपर्स से संवाद: जिलाधिकारी ने मेधावियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** वर्ष 2026 की उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जिला सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया। मेधावियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए सफलता का मूल मंत्र मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बताया। उन्होंने छात्रों को निरंतर प्रगति करने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और अपने भविष्य की



योजनाओं पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी की पहल पर 11 फरवरी को जनपद के 101 शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा जागरूकता एवं प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसमें 101 अधिकारियों ने विद्यालयों में पहुंचकर छात्रों को परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया। इंटरमीडिएट टॉपर्स में गीतिका पन्त (98.00) ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि खुशी काण्डपाल (96.40) पांचवें स्थान पर रहीं। दीक्षा काण्डपाल और रोहित सिंह मेहता (94.60) संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर रहे। विवेक सिंह देव (94.00) ने 17वां, स्नेहा आर्या (92.80) ने 23वां, तथा अनीशा सिंह और आशीष लोहनी (92.60) ने संयुक्त रूप से 24वां स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल टॉपर्स में योगेश जोशी (97.80) ने प्रदेश में तृतीय स्थान हासिल किया। नैन्सी नगरकोटी (95.60) 10वें, लोकेश सिंह नेगी (94.80) 14वें, तमन्ना ऐठानी (93.20) 22वें, साक्षी मेहता (93.00) 23वें तथा रविकांत और नेहा ऐठानी (92.60) संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर रहे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिक. ारी एनएस नबियाल, उप जिलाधिक. ारी प्रियंका रानी, मुख्य शिक्षा अधिक. ारी विनय कुमार सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण और अभिभावक मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**काशीपुर।** देश में गौमाता एवं गौवंश पर बढ़ती क्रूरता की रोकथाम के सम्बन्ध में धर्मयात्रा महासंघ महानगर काशीपुर ने राष्ट्रपति को संबोधित 16 सूत्रीय मांगपत्र उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह को सौंपा। ज्ञापन में राष्ट्रपति से आग्रह किया गया है कि गौमाता को राष्ट्रदेव, राष्ट्र आराध्या, राष्ट्र धरोहर अथवा राष्ट्र आधार का सम्मानित पद प्रदान किया जाये। गो सेवा हेतु केंद्रीय कानून बने, जिससे संपूर्ण भारतवर्ष में समान रूप से गो सेवा हो सके। भारत में गो हत्या पूरी तरह समाप्त हो। गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध सम्बन्धी कठोर कानून बनाया जाये। गोबर, गोमूत्र को लेकर बृहद अनुसंधान केन्द्र कृषि विश्वविद्यालयों में बने जिससे गोबर, गोमूत्र का कृषि और अन्य उपयोग में महत्व बढ़े। गौमाता का दूध, दही, घी, गोबर, गौमूत्र को बढ़ावा मिले, उस संदर्भ में शासन उचित नीतियां बनाए।

# कार में अधिवक्ता ने खुद को गोली से उड़ाया

## शव के हाथ में पिस्टल थी, कार के डैशबोर्ड में मिला सुसाइड नोट

- गोली की आवाज़ सुनकर पहुंचे लोग अंदर का नज़ारा देख दंग रह गए
- प्रथम दृष्टया बीमारी और मानसिक दबाव में आत्महत्या का मामला, लेकिन सवाल बाकी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के कलेक्ट्रेट स्थित पार्किंग में सोमवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहां दिन-दहाड़े एक कार के अंदर एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने खुद को गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। घटना स्थल जिला कोर्ट से महज 100 मीटर की दूरी पर होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई लेकिन कई तथ्य मामले को संदिग्ध भी बना रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमेश्वर मूल निवासी व वर्तमान में तल्लीताल स्थित लांग व्यू कंपाउंड में रह रहे अधिवक्ता पूरन सिंह भाकुनी (65) रोज की तरह सोमवार की सुबह घर से निकले और सामान्य अंदाज में कलेक्ट्रेट पार्किंग पहुंचे। पार्किंग कर्मियों से हंसकर अभिवादन भी किया और अपनी कार में बैठ गए। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि कुछ ही मिनटों में कार के भीतर एक खौफनाक घटना घटने वाली है। करीब 11.30 एक पर्यटक अपनी गाड़ी पार्क करने पहुंचा। इसी दौरान उसकी नजर पास खड़ी कार के अंदर गई। सीट पर बैठे अधिवक्ता के कान से खून बह रहा था। यह देख वह सन्न रह गया और तुरंत पार्किंग कर्मियों को बुलाया। कर्मचारियों ने कई बार आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई हलचल नहीं हुई, जैसे ही कार के खुले सीसे से अंदर झांका तो अंदर का दृश्य देख सभी के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस और दर्जनों अधिवक्ता मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर ही अधिवक्ता को मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में खुद को गोली मारकर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है लेकिन पूरे घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल सुसाइड नोट को लेकर है जो कार के डैशबोर्ड पर मिला है। हांलाकि सुइड नोट में उन्होंने जिंदगी से परेशान होने की बात कही है और अन्य लिखी बातों से भी साफ हो रहा है कि उन्होंने परेशान होकर आत्म हत्या कर ली है लेकिन यह सवाल बार बार उठ रहा है कि क्या अधिवक्ता किसी मानसिक दबाव में थे? वहीं गोली लगने के बाद भी अधिवक्ता का शव पीछे की सीट पर बैठी स्थिति में मिला जबकि सुसाइड नोट कार के डैशबोर्ड पर रखा मिला। इसके अलावा कार के शीशे आधे खुले हुए थे।





### अधिवक्ता भाकुनी की मौत ने खड़े किए कई सवाल

अधिवक्ता की मौत के मामले में यह सवाल उठ रहा है कि कया यह वास्तव में आत्महत्या है या फिर मामला संदिग्ध है। दिनदहाड़े कोर्ट परिसर के पास हुई इस घटना ने न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि यह भी सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर सच कया है आत्महत्या या कुछ और? इन सभी पहलुओं पर अब जांच की जा रही है। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने कार और आसपास के क्षेत्र से साक्ष्य जुटाए हैं और कई अहम नमूने एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी गई है।

### मामले की हर स्तर से जांच कर रही है पुलिस: कप्तान

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजू नाथ टीसी ने कहा कि 112 तथा फोन के माध्यम से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कलेक्ट्रेट पार्किंग स्थल पर किसी अधिवक्ता ने स्वयं को गोली मार ली है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जांच की तो अधिवक्ता की मौत हो चुकी थी। क्राइम सीन बनने के कारण फॉरेंसिक टीम बुलाई गई। टीम ने नमूने संग्रहित किये हैं। पुलिस की ओर से जांच व पूछताछ की जा रही है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। शव का होल बॉडी एक्सरे भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की हर स्तर से जांच कर रही है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल हुए खड़े

**नैनीताल।** कोर्ट परिसर के पास हुई इस घटना ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि यह भी सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर किस हालात ने एक अनुभवी अधिवक्ता को इतना बड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। मामले में सीओ अंजना नेगी ने बताया कि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच क र रही है और जरूरत पड़ने पर संबंधित लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

### अनुभवी अधिवक्ताओं में थी गिनती

**नैनीताल।** अधिवक्ता पूरन सिंह भाकुनी पिछले करीब दो दशकों से न्यायालय में सक्रिय रूप से वकालत कर रहे थे। कानूनी मामलों में उनकी पकड़ काफी मजबूत मानी जाती थी और वे अपने पेशे में एक अनुभवी चेहरा थे। बीते लगभग 15 वर्षों से वह नोटरी वकील के रूप में भी कार्यरत थे। स्थानीय अधिवक्ताओं और आम लोगों के बीच उनकी एक सुलझे और व्यवहारिक व्यक्ति के रूप में पहचान थी। उनकी अचानक मौत से अधिवक्ता समुदाय में शोक और स्तबधता का माहौल है।

### कार के अंदर मिला सुसाइड नोट, पिस्टल समेत भारी मात्रा में कारतूस बरामद

**नैनीताल।** घटनास्थल से पुलिस को कई अहम चीजें मिली हैं। कार के भीतर एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसमें आत्महत्या के कारणों का उल्लेख होने की बात कही जा रही है इसके अलावा मौके से एक पिस्टल भी मिली है जिसमें चार जिंदा कारतूस और एक खोखा मौजूद था। पुलिस को 9 अतिरिक्त जिंदा कारतूस भी कार से मिले हैं, साथ ही लाइसेंस, रजिस्टर तथा बैग और कोट भी बरामद किए गए हैं। फॉरेंसिक टीम ने सभी सामान को कबजे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है: एएसपी

**नैनीताल।** एसपी (क्राइम) डा. जगदीश चंद्रा के मुताबिक दोपहर 12 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कार पार्किंग में अधिवक्ता अपनी गाड़ी में मृत अवस्था में पड़े हुए हैं, मौके पर पहुंची पुलिस टीम और फॉरेंसिक टीम ने जाँच शुरू कर दी, वही गाड़ी के शीशे खुले हुए थे मृतक की पहचान पूरन सिंह भाकुनी के रूप में हुई है, यह जो घटना है उन्हीं की रिवाल्वर से हुआ है कार के अंदर रिवाल्वर उनके हाथ में पाई गई चार जिंदा कारतूस उनके रिवाल्वर में मिले हैं और एक खोखा मिला हुआ है इसके अलावा 9 अन्य कारतूस भी गाड़ी में मिले हुए हैं, प्रथम दृश्य यह घटना आत्महत्या लग रही है, गाड़ी में एक सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ है जिसमें डिटेल पर इस घटना के बारे में लिखा हुआ है, शव को कबजे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया गया है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मल्टीपल इंजरी की पुष्टि

## वन्यजीव के हमले में गई थी कमल बिष्ट की जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल तहसील के धारी/तल्लीताल क्षेत्र अंतर्गत भदूनी गांव में 24 अप्रैल को हुई 36 वर्षीय कमल सिंह बिष्ट की संदिग्ध मृत्यु के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो गया है कि उनकी मौत किसी वन्यजीव के हमले के कारण हुई थी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने वन्यजीव हमले की आशंका जताते हुए विरा. ध-प्रदर्शन शुरू कर दिया था, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस, वन विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीमें मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रित किया गया। एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल भी तैनात किया गया, जबकि वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज, हल्द्वानी भेजा।

यहां विशेषज्ञ डाक्टरों के पैनल ने पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर आई कई गंभीर चोटों (मल्टीपल इंजरी) को मौत का कारण बताया गया, जो स्पष्ट रूप से किसी वन्यजीव के हमले से हुई थीं। इस निष्कर्ष के साथ ही मामले में किसी भी आपराधिक घटना की आशंका को पूरी तरह खारिज कर दिया गया है। नैनीताल पुलिस ने जांच पूरी कर इसे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना बताया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करें।

### राज्य सरकार जनरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी पर टैक्स नहीं लगा सकती: हाईकोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा जल विद्युत परियोजनाओं पर विधुत उत्पादन पर टैक्स लगाए जाने के खिलाफ विभिन्न जल विधुत परियोजनाओं की ओर से दायर विशेष अपीलों में सुनवाई की। मामले में न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने जल विद्युत परियोजनाओं के हक में फैसला देते हुए कहा है कि राज्य सरकार जनरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी पर टैक्स नहीं लगा सकती। यह टैक्स लगाना राज्य सरकार का विषय नही है, केंद्र सरकार का है। पूर्व में कोर्ट की एकलपीठ ने एक्ट को सही ठहराते हुए विभिन्न हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट कंपनियों द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इस आदेश को हाइड्रोपावर कंपनियों ने विशेष अपील दायर कर खण्डपीठ में चुनोती दी है। विशेष अपीलों में सुनवाई करते हुए पूर्व मुख्य न्यायधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी ने इसपर अलग अलग मत दिए थे इसकी पुष्टि के लिए पूर्व में न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ को रिफरेंस आदेश भेजा गया था। जिसपर आज उनकी अदालत ने यह निर्णय दिया।

### आय व्यय का चार्ट बनाकर पेश करें

**नैनीताल।** हाई कोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन में हुई गड़बड़ियों को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने एसोसिएशन से कहा है कि जब से एसोसिएशन को बीसीसीआई से मान्यता मिली है। तब से अब तक वर्ष अनुसार आय व्यय का चार्ट बनाकर शपथपत्र के माध्यम से पेश करें। याचिकाकर्ता धीरज भण्डारी से भी कहा है कि आप जो दस्तावेज कोर्ट में दिखा रहे हैं उन्हें भी शपथपत्र के माध्यम से पेश करें। अगली सुनवाई 18 मई की तिथि नियत की है।

# महिलाओं के अधिकार को राजनीति से जोड़ रही भाजपा

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने हल्द्वानी में केन्द्र सरकार पर बोला तीखा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, महिला आरक्षण, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की। स्वराज आश्रम में सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह महिलाओं के अधिकार और स मान से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। इसे राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग करना



दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका आरोप था कि सरकार महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने के बजाय जनगणना के नाम पर टाल रही है, जबकि इसे बिना देरी लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस पर लगाए जा रहे आरोप भ्रामक और तथ्यहीन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे किसी भी राजनीतिक दल का अंध समर्थन करने के बजाय देशहित को सर्वोपरि रखें और सही-गलत का निर्णय स्वयं करें। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है और आम जनता में भय का माहौल बनता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है और प्रशासन पर राजनीतिक दबाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। पुलिस और प्रशासन का दायित्व निष्पक्ष होकर कानून-व्यवस्था बनाए रखना है, लेकिन वर्तमान में कुछ अधिकारियों की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। महिलाओं की सुरक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याएं और किसानों की स्थिति को लेकर भी उन्होंने सरकार से जवाब मांगा। जंगली जानवरों, विशेषकर बाघ के बढ़ते आतंक का मुद्दा उठाते हुए गोदियाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भय के साये में जीने को मजबूर है, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम उठाने के बजाय प्रचार-प्रसार में व्यस्त है। प्रदेश की जनता के बीच निराशा और असंतोष तेजी से बढ़ रहा है, जो आने वाले समय में बड़ा जन आंदोलन बन सकता है। वार्ता के दौरान विधायक सुमित हृदयेश, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश दुर्गापाल, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। एसएसपी के निर्देश पर जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस ने काली फिल्म, अवैध लैशर-बत्ती, हूटर-सायरन और अन्य नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए चालान किए है।

एसएसपी के निर्देश पर हल्द्वानी, भवाली और नैनीताल के प्रभारी निरीक्षकों को यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने और आमजन से नियमों का सख्ती से पालन कराने को कहा गया है। इसी क्रम में निरीक्षक यातायात भवाली महेश चंद्रा के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से लगी बहुरंगी लैशर-बत्तियों के खिलाफ कार्रवाई



करते हुए चार वाहनों से लैशर उतरवाए गए और चार चालान कर दो हजार रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया। वहीं काली फिल्म के खिलाफ कार्रवाई में 10 चालान किए गए, जिनमें दो न्यायालय चालान और आठ संयोजन चालान शामिल हैं। इस दौरान चार हजार रुपये का संयोजन शुल्क भी वसूला गया। पुलिस ने निजी वाहनों में सायरन और हूटर के अनधिकृत इस्तेमाल पर भी सख्त निगरानी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि ड्रंक एंड ड्राइव, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट और फर्जी नंबर प्लेट के मामलों में भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सड़क सुरक्षा को लेकर सभी की जि मेदारी तय है।

# स्कॉर्पियो और कार में भीषण टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हीरानगर क्षेत्र में सोमवार को एक मोड़ के पास स्कॉर्पियो और कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। टक्कर के बाद अनियंत्रित कार आगे जाकर बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कार चला रहे बुजुर्ग को हल्की चोटें आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पर्वतीय उत्थान मंच की आंतरिक सड़क से आ रही कार सामने से गुजर रही स्कॉर्पियो से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सीधे आगे बढ़ते हुए बिजली के पोल से जा टकराई। जोरदार झटके के चलते कार के एयरबैग खुल गए और अगला हिस्सा टूटकर सड़क पर बिखर गया। स्कॉर्पियो को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है। स्थानीय निवासी अमित कुमार ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद स्कॉर्पियो चालक ने मानवता दिखाते हुए घायल बुजुर्ग को स्वयं अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। चौकी प्रभारी हीरानगर कृपाल सिंह ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### छत से गिरकर घायल हुई महिला ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**हल्द्वानी।** क्वारब-सुयालबाड़ी मार्ग स्थित नैनीपुल क्षेत्र में छत से गिरकर घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार नैनीपुल नैनीताल निवासी 38 वर्षीय मीना सोनाल गुरुवार दोपहर अपने घर की छत पर कपड़े लेने गई थी। बताया जा रहा है कि नीचे उतरते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वह सीधे जमीन पर आ गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने तत्काल उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चार दिन तक उनका इलाज चला। हालत में सुधार न होने पर रविवार देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका के दो छोटे बेटे हैं, जबकि उनके पति संजय व्यवसाय से जुड़े है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# पॉक्सो एक्ट के मामलों में त्वरित कार्रवाई व मॉनिटरिंग होः रजवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य योगेश रजवार की अध्यक्षता में सोमवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) के सभागार जिला प्रोबेशन कार्यालय कालाढूंगी रोड हल्द्वानी में बाल कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला प्रोबेशन कार्यालय, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, राजकीय संस्थाएं एवं स्वैच्छिक बाल देखरेख संस्थाएं, चाइल्ड हेल्पलाइन उपस्थित थे। बैठक के दौरान सदस्य द्वारा जनपद में बाल अधिकार के संरक्षण व विभिन्न सरकारी योजना की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में किशोर न्याय अधिनियम और पॉक्सो एक्ट दर्ज मामलों की त्वरित कार्यवाही

### बाल कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक



मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया। बाल श्रम का उन्मूलन जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए संबंधित विभागों को आपस में बेहतर समन्वय बनाने और औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। स्कूल ड्राप आउट विद्यालयों से बच्चों के बाहर होने की समस्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उन्हें शिक्षा से जोड़ने लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया। सुरक्षा और हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन का प्रचार-प्रसार करने व बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। सदस्य योगेश सिंह रजवार द्वारा जनपद में संचालित ऐसी संस्थाएं जो किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है। उनका संचालन किया जा रहा है। उनकी भी जांच की जाए और दत्तक ग्रहण के ऐसे अभिभावक जिनके पास पहले से बच्चे है। उनको प्राथमिकता न देते हुए ऐसे अभिभावक जिनके कोई बच्चे नहीं है। उनको प्राथमिकता दी जाए। इस विषय पर जिला प्रोबेशन अधिकारी को ऐसे मामलों की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही हिमालयन नव जीवन संस्थान जो वर्ष 2019 से किशोर न्याय अधि. नियम में पंजीकृत होने के उपरान्त वर्तमान तक विभाग द्वारा कोई भी बजट का आंवटन न किये जाने पर चिन्ता व्यक्त की गयी। साथ ही उनके द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी के माध्यम से शासन को पुनः पत्राचार किये जाने के निर्देश दिये गये तथा 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों हेतु संचा. लित स्वैच्छिक संस्था यूएसआर इन्दु समिति रामनगर में निवासत 18 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों की संस्था से अन्यन्त्र व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया। बैठक में प्रोबेशन अधिकारी, नैनीताल वर्षा, अध्यक्ष बाल कल्याण देवकी आर्या, प्रकाश चन्द्र पुजारी, विनीता पाठक, गणेश बिष्ट, नजर अली, विनोद कुमार डालाकोटी, कंचन आर्या, अंजली कार्की, प्रकाश पाण्डे, भूपेन्द्र सिंह, मानस जोशी, माधवी बिष्ट, पूनम वीरांगना, आशीष सिंह, भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, अभिषेक शर्मा, अनुप्रिया शर्मा आदि कार्मिक उपस्थित थे।

# बागजाला के ग्रामीणों में फिर से आक्रोश

## सड़क मरम्मत के लिए लोनिवि के अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी ने लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर बागजाला (गौलापार) के लोगों को बार बार आश्वासन देने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं किये जाने पर आक्रोश व्यक्त किया और शीघ्रता से कार्य नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। गौरतलब है कि अखिल भारतीय किसान महासभा, बागजाला कमेटी द्वारा अधिशासी अभियंता हल्द्वानी कार्यालय के सम्मुख विगत 17 मार्च को धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा गया था और किसान महासभा के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता में अधिशासी अभियंता ने बागजाला (गौलापार) में सड़क की मरम्मत तत्काल प्रभाव से किये जाने का आश्वासन दिया था।



लेकिन खेद की बात है कि एक माह से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद बागजाला (गौलापार) में सड़क की मरम्मत के काम में एक भी इंच की प्रगति नहीं हुई है, जबकि सड़क की मरम्मत के काम के लिए बजट का आवंटन हो चुका है। जिसके चलते बागजाला में भारी जन आक्रोश है। किसान महासभा प्रतिनिधियों ने कहा कि हम एक बार फिर अनुरोध करने आये हैं कि बागजाला गांव में सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्रता से शुरू करवाने का निर्णय लिया जाय अन्यथा की स्थिति में हमारे पास आंदोलन के अतिरिक्त कोई विकल्प शेष नहीं रहेगा। अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में सहायक अभियंता को सौंपा गया. उन्होंने कहा कि हम वन विभाग से तालमेल कर शीघ्रता से बागजाला की सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय, किसान महासभा बागजाला कमेटी की उपाध्यक्ष विमला देवी, कोषाध्यक्ष मीना भट्ट, पूर्व प्रधानाचार्य प्रेम सिंह नयाल, हेमा आर्य, नंद किशोर आदि शामिल रहे।

# भाजपा सरकार के वादे ज़मीनी हकीकत में अंतर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का जारी आंदोलन उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और एकजुटता का प्रतीक बनकर उभरा है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने कहा कि यह संघर्ष केवल मांगों तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के अधिकारों की व्यापक लड़ाई को भी दर्शाता है। उन्होंने आरा. प लगाया कि भाजपा सरकार के वादों और जमीनी हकीकत में स्पष्ट अंतर है। उनके अनुसार, एक ओर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मातृशक्ति के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करते हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों पर अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई दे रही है। डा. उपाध्याय ने कहा कि बीते एक माह से अधिक समय से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तपती धूप में धरना दे रही हैं, लेकिन



अब तक शासन-प्रशासन की ओर से उनकी मांगों पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने इसे सरकार की संवेदनहीनता करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह आंदोलन प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर संगठित रूप से आवाज उठा सकें। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 में महिलाएं इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दे सकती हैं।

# गोरखपुर-लालकुआं विशेष ट्रेन के 11 फेरे निरस्त

**हल्द्वानी।** रेल प्रशासन ने परिचाल. निक कारणों के चलते गोरखपुर-लालकुआँ-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन के 11 फेरों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। इसके तहत 01 मई से 10 जुलाई 2026 तक गोरखपुर से चलने वाली 05009 गोरखपुर-लाल. कुआँ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन निरस्त रहेगी। वहीं, 02 मई से 11 जुलाई 2026 तक लाल. कुआं से संचालित होने वाली 05010 लालकुआँ-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन भी नहीं चलेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए वैकल्पिक ट्रेनों का उपयोग करने की अपील की है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पारिवारिक कलह के चलते फांसी पर झूले दो युवक

■ रुद्रपुर के वार्ड नंबर 32, भूरारानी में सोनू ने दी जान
■ सितारगंज में पत्नी के बच्चों संग जाने से क्षुब्ध होकर युवक ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/सितारगंज।** पारिवारिक कलह से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। युवक अपने पीछे पत्नी और एक मासूम बच्चे को छोड़ गया है।



जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 32, भूरारानी निवासी 24 वर्षीय सोनू पुत्र नीरज किराए के मकान में रहता था। उसकी करीब दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी और उसका एक वर्ष का बच्चा भी है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह उसने पत्नी और बच्चे को एक कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा दी और खुद दूसरे कमरे में चला गया, जहां उसने फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब पत्नी ने दरवाजा खुलवाने के लिए शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। दरवाजा खोलकर जब दूसरे कमरे में देखा गया तो सोनू फंदे पर लटका मिला। इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई। प्रारंभिक तौर पर युवक की आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह को कारण बताया जा रहा है। वहीं, क्षेत्र में कुछ लोग युवक के नशे का आदी होने की भी चर्चा कर रहे हैं और यह भी कहा जा रहा है कि नशा न मिलने के कारण उसने यह कदम उठाया। युवक मजदूरी का कार्य करता था।

**सितारगंज।** बलीनगर निवासी एक 25 वर्षीय युवक का शव सोमवार सुबह घर के पास पेड़ से लटका हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने पत्नी के बच्चों को लेकर घर से चले जाने के कारण युवक के मानसिक तनाव में होने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार बलीनगर निवासी सलीम पुत्र शराफत अली का शव सोमवार की सुबह घर के नजदीक एक पेड़ पर लटका हुआ बरामद हुआ। परिजनों ने बताया कि करीब 10 दिन पहले सलीम की पत्नी अपने चार मासूम बच्चों को लेकर कहीं चली गई थी।

इसके बाद से सलीम काफी परेशान रहने लगा था और लगातार अपनी पत्नी व बच्चों की खोजबीन कर रहा था। पत्नी का पता न चलने के कारण वह गहरे मानसिक तनाव में था। पति की मौत की सूचना मिलने पर पत्नी छोटे बच्चों को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंची, जहां वह शव से लिपटकर विलाप करने लगी।

पुलिस ने सलीम की मौत का वास्तविक कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है। उप निरीक्षक राकेश रौकली ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह और स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ऑनलाइन ट्रक बुकिंग के नाम पर व्यवसायी से ठगे डेढ़ लाख

■ ट्रांसपोर्टर ने एडवांस भुगतान लेकर बंद किया पफोन, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऑनलाइन ट्रांसपोर्टर खोजकर सामान मंगवाना एक व्यवसायी को भारी पड़ गया। जालसाजों ने ट्रक बुकिंग के नाम पर 80 प्रतिशत एडवांस रकम डकार ली और मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रगति विहार सिविल लाइन्स निवासी राहुल चौहान पुत्र रमेश चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह भूरारानी स्थित ओमनी प्रोडक्ट फर्म के स्वामी हैं। उन्होंने 13 मार्च 2026 को दमन और दीव से सामान मंगवाने के लिए ऑनलाइन माध्यम से दमन ट्रांसपोर्ट नामक फर्म से संपर्क किया था। ऑनलाइन मिले मोबाइल नंबरों पर बातचीत के दौरान ट्रांसपोर्टर ने सामान लोड होने से पहले 80 प्रतिशत एडवांस रकम की मांग की। राहुल चौहान ने अपनी फर्म के खाते से 1 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसपोर्टर द्वारा बताए गए भारतीय स्टेट बैंक के सूरत गुजरात स्थित खाता संख्या 20532101040 में जमा करवा दिए। पैसे ट्रांसफर होने के बाद से ही ट्रांसपोर्टर ने अपने दोनों मोबाइल नंबर बंद कर लिए। पीड़ित ने जब अपने स्तर से खोजबीन की तो पता चला कि ट्रांसपोर्टर ने गलत अकाउंट डिटेल्स दी थी। जांच में सामने आया कि भुगतान एमआरसी लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड, उधाना उद्योग नगर, सूरत के नाम पर प्राप्त किया गया है। पीड़ित ने अभिनव पटेल और महेन्द्र भारद्वाज नामक व्यक्तियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है और मामले की विवेचना की जा रही है।

## एक नजर

# चाणक्य पीजी कॉलेज में क्लाइंट काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर के प्रतिष्ठित संस्थान चाणक्य पीजी कॉलेज में विधि विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष क्लाइंट काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कानून की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देना और उन्हें भविष्य की कानूनी चुनौतियों के लिए तैयार करना था।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राध्यापकों ने बताया कि वकालत केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि एक वकील के लिए यह समझना बेहद जरूरी है कि वह अपने क्लाइंट के साथ कैसा व्यवहार करता है और उसकी समस्याओं को कानूनी दायरे में रहकर कैसे सुलझाता है। इस कार्यक्रम में एलएलबी, बीबीएएलएलबी और बीएएलएलबी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों का कहना था कि इस तरह के प्रायोगिक कार्यक्रमों से उन्हें थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल अनुभव भी प्राप्त हो रहा है। काउंसलर्स की भूमिका अदिबा अंसारी, अर्शि अंसारी, शाम्भवि सिंह तथा खुशी नारंग ने निभाई तो वहीं क्लाइंटस की भूमिका में रितिका भट्ट, निहारिका उप्रेती, पल्लवी सिंह तथा साक्षी शर्मा रहे। जूरी मेंबर प्राचार्या डा. दीपाक्षी जोशी और प्राध्यापक सलीम अहमद थे कार्यक्रम का संचालन सिद्धि अग्रवाल एवं वर्णिका वर्मा द्वारा किया गया कॉलेज के प्राचार्या डा. दीपाक्षी जोशी ने अपने संबोधन में कहा हमारा लक्ष्य छात्रों को केवल डिग्री दिलाना नहीं, बल्कि उन्हें एक कुशल और संवेदनशील अधिवक्ता बनाना है। क्लाइंट काउंसलिंग जैसे प्रोग्राम से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे कोर्ट रूम की वास्तविक स्थितियों को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं।

इस अवसर पर प्राध्यापकगण अनिल कुमार, डा. आइशा अमीन, डा. हरकमल कौर, डा. रुबिना सुलतान, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, आकांक्षा रघुवंशी, हिमानी फुलारा, उपासना तिवारी, दीपक गोस्वामी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# परिवहन मंत्री बत्रा ने किया रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण

■ निगम की क्षेत्रीय प्रबंधक को दिए जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** प्रदेश के परिवहन मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा के प्रथम बाजपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। मंत्री ने बाजपुर रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और आमजन की समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने उत्तराखंड परिवहन निगम की क्षेत्रीय प्रबंधक पूजा जोशी को जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर बाजपुर रोडवेज बस स्टैंड की स्थिति में सुधार कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाएंगी। मंत्री ने घोषणा की कि बाजपुर से दिल्ली, देहरादून, अमृतसर और चंडीगढ़ के लिए वॉल्वो बस सेवाएं शुरू की जाएंगी। साथ ही नई बसों का संचालन भी जल्द प्रारंभ होगा। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बाजपुर के महामंत्री ललित कोछड़ ने बाजपुर में रोडवेज डिपो की स्थापना, लंबी दूरी की बसों को वाया बाजपुर संचालित करने तथा नई सेवाएं शुरू करने की मांग रखी।

वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं अरुण शर्मा व प्रमोद राजहंस ने उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सक व स्टाफ की नियुक्ति की मांग की। कार्यक्रम के दौरान फोटो खिंचवाने को लेकर संभावित विधायकी दावेदारों के बीच धक्का-मुक्की चर्चा का विषय बनी रही।

# मतुआ सम्प्रदाय महा उत्सव के दूसरे दिन उमड़ा जनसैलाब

■ संकीर्तन से भक्तिमय हुआ वातावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** चारु बेटा टेढ़ाघाट स्थित बंगाली कॉलोनी में आयोजित '4वें श्री श्री मतुआ सम्प्रदाय महा उत्सव' के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। तीन दिवसीय इस धार्मिक महाकुंभ में खटीमा और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में भक्त दर्शन और भजन श्रवण हेतु पहुँच रहे हैं।

उत्सव के दूसरे दिन सोमवार को भव्य महोत्सव और दिव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आई कीर्तन मंडलियों ने महा हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। ढोल-मंजीरों की थाप



और प्रभु के गुणगान से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। श्रद्धालु सुख, शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद ले रहे हैं। स्थानीय निवासियों और मतुआ सम्प्रदाय के अनुयायियों में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

इस भव्य महायज्ञ में पालिक. ाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने भी शिर. कत की और भगवान का आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति ने बताया कि उत्सव के अंतिम दिन मंगलवार, 28 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तों को प्रसाद वितरित होगा।

इस आयोजन को सफल बनाने में चारूभेटा बंगाली कॉलोनी के समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# बोर्ड परीक्षाओं में शहीद हरि किशन शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों का दबदबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शहीद हरि किशन शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज में इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं (कक्षा 10 एवं 12) का परीक्षाफल अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

**अता वारिश ने 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ मारी बाजी**

हाईस्कूल की परीक्षा में अता वारिश ने 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया। अता की इस उपलब्धि में उनके विषयवार अंकों ने सभी को प्रभावित किया, जिसमें उन्होंने संस्कृत व हिंदी में 97-97 और गणित में 96 अंक प्राप्त किए। इसी क्रम में सोनल गुप्ता ने 79 प्रतिशत और गुंजा यादव ने 78.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के श्रेष्ठ प्रदर्शन को और मजबूती दी। इंटरमीडिएट के परिणामों में भी संस्थान के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। राजकुमार ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जबकि नेहा ने 71 प्रतिशत और विशाल कुमार ने 70.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन डोबरियाल एवं परीक्षा प्रभारी मोहित ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# खटीमा पालिका बोर्ड की बैठक में किए गए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद की नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी व सभासदों की मौजूदगी में सोमवार को हुई बैठक में अनुमोदन के उपरांत महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक में आय-व्यय का बजट पेश किया गया जिसमें 2025-26 में 294433000 आय तथा 169189741 व्यय हुआ। इसके साथ ही 2026 27 के लिए आय 303940000 तथा व्यय 23144000 अनुमानित व्यय पारित किया गया।

नई शक्ति वंदन अधिनियम विपक्षी दलों द्वारा पारित न होने देने पर समस्त बोर्ड द्वारा घोर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं शहर के सौंदर्यीकरण, पालिका सीमा के अंतर्गत वाटर कूलर की मरम्मत करने, बहाने वाले नदी/नालों की तली झाड़ सफाई करने, सभी वार्डों में कैमरे लगाने, सीमा के अंतर्गत 34 सड़क व नाली निर्माण लगभग 3 करोड़ की लागत से कराए जाने, अवस्थापना विकास निधि मद से लगभग 6 करोड़ की लागत से कार्य कराए जाने, मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत निर्माण/विकास कार्य कराए जाने, टीएसपी मद से लगभग 2 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराए जाने, राज्य वित्त से सड़क निर्माण करने हेतु लगभग 2.5 करोड़ की लागत से कार्य कराने, सभी वार्डों में फागिंग/दवा का छिड़काव कराने तथा पालिका सीमा के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर सीमेंट की बेंच स्थापित करने आदि महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

# अघोषित बिजली के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में इन दिनों बिजली विभाग ने जनता के साथ आंख-मिचौली का नया खेल शुरू कर दिया है। कभी सुबह कटौती, कभी दोपहर गायब, कभी रात में अंधेरा ऐसा कि लोग सोचने लगे कहीं शहर को फिर से लालटेन युग में तो नहीं धकेला जा रहा।



भारी बिजली कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा, जब स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में बिजली दफ्तर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।रणजीत सिंह रावत ने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता के हिस्से की बिजली बाहर बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है, और यहां उपभोक्ताओं को अंधेरे में तपस्या कराई जा रही है।उन्होंने स्मार्ट मीटर पर भी तंज कसते हुए कहा कि ये मीटर इतने स्मार्ट हैं कि बिजली रहे या ना रहे, बिल का रास्ता कभी नहीं भूलते।

जनता पसीने में बैठी है, लेकिन बिल देखकर विभाग की मुस्कान चमक रही है।पूर्व विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनता को इस तरह से परेशान करना बंद करें, वरना अब मामला सिर्फ नारेबाजी तक नहीं रहेगा, अदालत तक जाएगा। उन्होंने कहा कि रामनगर की जनता पूछ रही है कि जब जेब से पूरा पैसा जाता है तो घर में आधी रोशनी क्यों आती है। क्या बिजली विभाग का नया नारा है।" बिल पूरा लो और सप्लाई अधूरी दो!।

इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, कांग्रेस नेता भुवन पाण्डेय, युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक,युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव चांद खान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल,कांग्रेस जिला महामंत्री जावेद खान,कांग्रेस नेता नजाकत अली,नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस ललिता उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन महिला कांग्रेस पुष्पा देवी, पूर्व सभासद विमला आर्या, दीप्ति भारद्वाज, ममता आर्या, अजय छिमवाल, एन डी पंत, मनोज गोस्वामी, लीलाधर जोशी, राजू छिमवाल,डूंगर सिंह कनवाल, पंकज सुयाल, कुबेर बिष्ट, महेश पाण्डेय, वीरेंद्र लटवाल, दीपक मसीह, पूर्व सभासद दीपक चंद्र, कन्नू जोशी, मोईन खान, रमेश रावत, ललित कुमार, कैलाश त्रिपाठी, राजेश नेगी, फजल खान, शेर खान, सनब्बर अली, वीरेंद्र तिवारी, अंकुश अग्रवाल, सोएब रजा, अमितेश सिंह, मो अनीश, सुमित तिवारी, आफाक हुसैन, मुकुल नेगी, नारायण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# डायनेस्टी गुरुकुल के विद्यार्थियों ने कराटे में जीते चार स्वर्ण पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** युवा भवन में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, छिनकी फॉर्म के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र कल्पित थ्वाल, प्रिंस बोरा, दिया मिश्रा और रीना कथायत ने अपने-अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट तकनीक का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। इन सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी 8 मई को देहरादून में होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विजेता खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ाधिकारी चंदन सिंह बिष्ट द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी चंपावत मनिष कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष आनन्द सिंह अधिकारी, नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य सतीश पाण्डेय उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, अशोक जोशी, भरत बिष्ट व समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विज. ताओं को शुभकामनाएं दी हैं।

# खाद व्यापारियों ने बंद रखे प्रतिष्ठान

■ देशव्यापी हड़ताल का किया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित देशव्यापी बंद के समर्थन में क्षेत्र के खाद व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया।




व्यापारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। व्यापारियों की प्रमुख मांगों में खाद पर टैगिंग बंद किए जाने, रिटेल गोदाम तक एफओआर लागू किए जाने, डीलर मार्जिन 8 प्रतिशत निर्धारित किए जाने, सैंपल फेल करने वाली कंपनियों पर सख्त कार्रवाई, बीज के 'साथी पोर्टल' को केवल कंपनियों तक सीमित रखने तथा डीलरों को गवाह बनाए जाने की मांग शामिल रही। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि व्यापारियों का सम्मान सुनिश्चित होने पर ही किसानों का समुचित कल्याण संभव है। उन्होंने सरकार से शीघ्र उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। इस मौके पर राकेश कुमार गोयल, सन्नी चौधरी, तरसेम गोयल, लखविंदर सिंह सहित कई खाद व्यापारी मौजूद रहे।

# राजेंद्र इंस्टीट्यूट में भव्य वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया

■ रामनगर के मीडिया कर्मी नदीम वारसी को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडीकल एंड मैनेजमेंट में प्रथम वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान की प्रिंसिपल डॉक्टर डिंपल खन्ना ने शिरकत की।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन को साथ किया गया, जिसके बाद विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।छात्रों ने नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करिया, जिससे पूरा सभागार तालियों की गूंज उठा। अपने संबोधन में डॉ. डिंपल खन्ना ने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह सस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में उन्हें बेहतर




अवसर प्रदान करने का प्रयास करता रहोगा। उसके बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों, लोगों और रामनगर मीडिया कर्मी नदीम वारसी को सम्मानित किया गया। समारोह ने छात्रों और शिक्षकों के बीच उत्साह और नई ऊर्जा का संचार किया। इस दौरान सेक्रेट्री महजबी, राहुल पंत, सूरज आर्य,मयंक तिवारी,रुचि शर्मा,नदीम वारसी आदि मौजूद रहे।

# हज के मुबारक सफर पर रवाना हुए शफी अहमद व कमरु निशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 06, मोहल्ला केशवनगर से बुधवार देर शाम शफी अहमद (बालानगर वाले) एवं उनकी पत्नी कमरु निशा हज के पवित्र सफर के लिए रवाना हुए।



इस अवसर पर क्षेत्र में खुशी और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। हज यात्रा पर रवाना होने से पहले बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पहुंचकर उन्हें गले लगाया और मुबारकबाद दी। लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और उनके सुरक्षित व सफल हज सफर की दुआ की।

इस मौके पर मदीना मस्जिद केशवनगर के पेश इमाम हाफिज हाजी राहत अली, हाजी हाफिज मारूफ, नाजमा शेख, भाई जान चौधरी, फरीद अहमद, हाजी अब्दुल हनीफ, हाजी रईस अहमद, खलील अहमद, हफीज ठेकेदार, रईस अहमद मतपुरिया, सरफराज सहित निवर्तमान सभासद मौ. आसिफ भी मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने हज यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सकुशल वापसी की कामना की।

# होटल और रिजॉर्ट संचालकों ने विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जिम कॉर्बेट रिजॉर्ट्स जीएम एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुन्दर सिंह बिष्ट के नेतृत्व में होटल और रिजॉर्ट संचालकों ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा।



सोमवार को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से विद्युत आपूर्ति को लेकर समस्या आ रही थी जिससे आम जन मानस और रिजॉर्ट व्यवसाय दोनों ही बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।इसी मामले को लेकर बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर उनके ज्ञापन सौंपा गया किया है। उन्होंने जल्द से जल्द इसके समाधान की मांग की।अधिशाषी अभियंता द्वारा बताया गया कि रामनगर स्तर से कोई रोस्टिंग नहीं की जा रही है।रात के समय में दो घंटे की रोस्टिंग कंट्रोल रूम देहरादून से ही की जा रही है।उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग ने ग्राम छोई में नए बिजलीघर के लिए एक जमीन का सर्वे करवाया है जिसके स्थापित होने के बाद भविष्य में बिजली की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती है।लेकिन उसका आबंटन अभी तक विद्युत विभाग को नहीं हुआ है।इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।वही होटल और रिजॉर्ट संचालकों ने बताया कि इसके लिए अधिशासी अभियंता द्वारा हमसे सहयोग मांगा गया कि हम अपने स्तर पर उच्च अधिकारियों और संबंधित जनप्रति. निधियों से भी बात कर विद्युत विभाग का पक्ष रखें और भूमि का आबंटन जल्द कराने के लिए प्रयास करें।इस दौरान जिम कॉर्बेट रिजॉर्ट्स जीएम एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुन्दर सिंह बिष्ट,कीर्ति जोशी, बबीता मेहरा,प्रकाश पाठक,लक्ष्मण रावत, मनोज कोठारी, राजेश पंत, दीप छाबड़ा, एनडी पालीवाल, सुन्दर रावत, मनीष शर्मा,देवी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मेरी पुत्री कु. खुशी जिसकी जन्मतिथि 23/02/2009 है जो कि वर्तमान में नाबा. लिग है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम भूलवश एच.आर. हनेरी दर्ज हो गया है, जो गलत है। सही व वास्तविक नाम हुकम राम है, जो कि शपथकर्ता के आधार कार्ड में दर्ज है। एच.आर. हनेरी एवं हुकम राम दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं, जो कि शपथकर्ता स्वयं है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम सही व वास्तविक नाम हुकम राम दर्ज किया जाए।

**हुकम राम पुत्र श्री बीर राम**
**निवासी- ग्राम काण्डा, तहसील पूर्णागिरी, जिला चंपावत**

## रोडवेज बस और डंपर की भिड़ंत में बाल-बाल बचे यात्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीरुमदारा क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हल्दुआ चौकी के पास देहरादून से काठगोदाम जा रही काठगोदाम डिपो की रोडवेज बस और डंपर के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के वक्त बस में 33 सवारियां मौजूद थीं, जो सभी सुरक्षित हैं। डंपर चालक को नींद की झपकी आना हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।घ्हादसे में रोडवेज कर्मी हिमांशु काठगोदाम से अपने घर लौट रहा था, डंपर के नीचे दब गया। सूचना पर तत्काल पहुंची अग्निशमन और पुलिस की टीम ने मोर्चा संभाला।अग्निशमन अधिकारी गोपाल रावत ने बताया जैसे ही हमें घटना की सूचना मिली, हमने तुरंत अपनी टीम मौके पर भेजी। डंपर के नीचे फंसे घायल को सावधानी पूर्वक रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया और उपचार के लिए 108 के माध्यम से काशीपुर अस्पताल भेजा गया। टीम की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

# विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: बत्रा

- **जिला योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 7413.20 लाख रुपये की धनराशि का किया अनुमोदन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुराज मंत्री तथा जनपद प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्जलित कर बैठक का शुभारम्भ किया तथा समिति द्वारा जिला योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 7413.20 लाख रुपये की धनराशि का अनुमोदन किया गया।

जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही है और निष्पक्षता से सभी जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को योजना में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला योजना जनपद के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण होती है। जनपद की अतिआवश्यक कार्यों के सम्पादन एवं जनपद की छोटे-छोटे विकास कार्यों मे होने वाले धन की कमी को पूरा करती है। श्री बत्रा ने कहा कि जिला योजना में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, सिंचाई, पेयजल पर विशेष फोकस किया गया है, जो कार्य अतिआवश्यक है उसे प्राथमिता से कार्य योजना में शामिल किये गये है। उन्होंने अधूरे विकास कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने सभी जनसमान्य को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने व नियमित पानी की टेस्टिंग कराने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जिला योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 7413.20 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला योजना में स्वरोजगार, आजिविका परख योजनाओं के साथ ही शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल व नवाचार प्रस्तावों को प्राथमिकता से सम्मिलित किया गया है। उन्होने बताया कि जिला योजना में मुख्यत: माध्यमिक शिक्षा को 500 लाख, बेशिक शिक्षा को 498 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 335 लाख, कृषि को 205 लाख, उद्यान को 239.25 लाख, सिंचाई को 547 लाख, लघु सिंचाई को 300 लाख, नलकूप को 225 लाख, सामुदायिक विकास को 334.14 लाख, पशुपालन को 195 लाख, जल संस्थान को 390 लाख, पेयजल निगम को 315 लाख, लोक निर्माण को 615 लाख, पंचायतीराज को 500 लाख अनुमोदित किये गये। उन्होने कहा कि प्रभारी मंत्री जी द्वारा जो दिशा-निर्देश दिये गये है उनका अनुपालन किया जायेगा।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, ब्लांक प्रमुख चन्द्र प्रभा, ज्योति ग्रोवर, अनूप कौर, रीना गौतम, सांसद प्रतिनिधि कमल किशोर, प्रीत ग्रोवर, डीके जोशी, अमित नारंग, भास्कर सम्भल, सुरज नारायण, जिला योजना समिति सदस्य सचिव एवं मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, पीडी हिमांशु जोशी, संयुक्त सचिव एवं अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी डा. वीकेएस यादव, डीएफओ यूसी तिवारी, एमएनए शिप्रा जोशी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी भानू प्रताप, सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी व समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### पुल्ला गुमदेश उप तहसील का मुख्यालय बदला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

अब किमतोली से चलेगा प्रशासन राज्यपाल की मंजूरी के बाद शासन की अधिसूचना जारी

**चम्पावत/लोहाघाट।** चम्पावत जनपद की प्रशासनिक व्यवस्था में एक अहम बदलाव करते हुए उत्तराखंड शासन ने उप तहसील पुल्ला गुमदेश के मुख्यालय परिवर्तन की अधिसूचना जारी कर दी है। अब तक गुरेली से संचालित हो रही उप तहसील का मुख्यालय किमतोली स्थानांतरित कर दिया गया है।

राजस्व अनुभाग-1 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह निर्णय क्षेत्रीय जरूरतों और प्रशासनिक सुगमता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 की धारा 21 के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए पूर्व में जारी अधिसूचनाओं में संशोधन को स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि पुल्ला गुमदेश उप तहसील का गठन 31 जनवरी 2015 को छीड़ाखाल को मुख्यालय बनाकर किया गया था। बाद में इसमें संशोधन करते हुए मुख्यालय गुरेली स्थानांतरित किया गया था। अब एक बार फिर बदलाव करते हुए किमतोली को नया प्रशासनिक केंद्र घोषित किया गया है। इस फैसले से क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच और अधिक सुगम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### महेशपुरा की बेटियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विधानसभा क्षेत्र बाजपुर के ग्राम महेशपुरा की होनहार बेटियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के दम पर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा मुर्शीदा ने उत्तराखंड बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया है। अल्पसंख्यक समाज से आने वाली मुर्शीदा ने अपने कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और लगन से यह साबित किया कि प्रतिभा किसी भी बाधा की मोहताज नहीं होती। वहीं, ग्राम महेशपुरा की ही छात्रा शिक्षा ने जूनियर हाई स्कूल महेशपुरा में 10वीं कक्षा में 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जो एक प्रेरणादायक उपलब्धि है। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश कुमार व क्षेत्रीय लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर दोनों छात्राओं को इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उनकी इस उपलब्धि को परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र और समाज के लिए गर्व का विषय बताया गया। सभी ने ईश्वर से कामना की कि दोनों बेटियां आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करती रहे।

# एबट-माउंट चर्च पुनर्जीवन को मिली रफ्तार

- **पूर्व स्वीकृत 96.96 लाख पर मसीही समुदाय ने जताया आभार**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** जनपद चम्पावत के ऐतिहासिक एबट-माउंट स्थित ब्रिटिश कालीन चर्च एवं सिमिट्री (कब्रिस्तान) के संरक्षण कार्य के लिए पूर्व में स्वीकृत छ96.96 लाख की धनराशि को लेकर अब स्थानीय स्तर पर आभार व्यक्त किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण विरासत परियोजना को राज्य सरकार द्वारा पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है, जिसके तहत कुमाऊं मंडल विकास निगम (ज्ञडटछ) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

इस संबंध में टनकपुर स्थित होली ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जे.बी. सिंह और मसीही समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उपेक्षित पड़े इस ऐतिहासिक चर्च के संरक्षण की मांग वर्षों से उठाई जा रही थी, जिसे अब सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पूरा किया है। समुदाय के लोगों का कहना है कि यह निर्णय केवल एक जर्जर भवन के पुनर्निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से एबट-माउंट क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी और यह स्थान फिर से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा।

मसीही समुदाय ने इसे "नई शुरुआत" बताते हुए कहा कि चर्च के पुनर्जीवन के बाद यहां नियमित धार्मिक गतिविधियां और सामाजिक आयोजन फिर से शुरू हो सकेंगे। साथ ही, उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस धरोहर की देखरेख सामुदायिक स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी, ताकि इसकी गरिमा और ऐतिहासिक महत्व बरकरार रह सके।

# कुमाऊं-गढ़वाल पर बयान से सियासी बवाल

- **कांग्रेस पर भड़की भाजपा, 'समाज तोड़ने की साजिश' का आरोप**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** उत्तराखंड की सियासत में एक बार फिर बयानबाजी ने आग लगा दी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश कोडियाल के कुमाऊं-गढ़वाल को लेकर दिए गए बयान ने राजनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया है। भाजपा ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पर सीधे-सीधे धर्म और क्षेत्रवाद की राजनीति करने का आरोप जड़ दिया है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि यह बयान सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि समाज को बांटने की खतरनाक कोशिश है। पार्टी ने इसे "उत्तराखंड की एकता पर हमला" करार देते हुए कांग्रेस की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। चम्पावत के वरिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख भुवन चंद पांडे ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि, "कांग्रेस बार-बार धर्म और क्षेत्रवाद के नाम पर राजनीति कर समाज में दरार डालने का काम कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जनता अब ऐसे हथकंडों को समझ चुकी है। उन्होंने कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि अगर मुद्दे हैं तो उन पर बात करें, न कि प्रदेश को बांटने की कोशिश करें। इस बयान के बाद प्रदेश का सियासी तापमान अचानक बढ़ गया है। भाजपा जहां आक्रामक रुख अपनाए हुए है, वहीं कांग्रेस की ओर से अब तक कोई ठोस सफाई सामने नहीं आई है। अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि कांग्रेस इस विवाद पर क्या पलटवार करती है या फिर मामला और ज्यादा तूल पकड़ता है। फिलहाल, कुमाऊं-गढ़वाल के नाम पर छिड़ी यह जुबानी जंग उत्तराखंड की राजनीति को और गरमा चुकी है। इस मौके पर जिला महामंत्री पूरन मेहरा, मंडल अध्यक्ष तुलसी कुवंर, मंडल महामंत्री कुमुद जोशी, हरीश कलौनी उपस्थित रहे।

# जनता मिलन में जनता को राहत

- **42 शिकायतों का मौके पर निस्तारण, सीडीओ का सख्त रुख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक 'जनता मिलन' इस बार आम लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में जिले भर से पहुंचे फरियादियों की 42 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर प्रशासन ने सक्रियता का संदेश दिया।

सीडीओ डॉ. खाती ने साफ शब्दों में अधिकारियों को चेतावनी दी कि जन-समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही या देरी अब बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने दो टूक कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता मिलन में ग्रामीण इलाकों की मूलभूत समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। ढकना बडोला की नारायणी देवी द्वारा बिजली-पानी की समस्या उठाने पर विद्युत विभाग और जल संस्थान को संयुक्त रूप से तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं मोराड़ी और मानर तल्ला से आई पेयजल शिकायतों पर जल संस्थान और जल निगम को मौके की स्थिति स्पष्ट कर आपूर्ति सुचारू करने को कहा गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट समेत कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, फरियादी मौजूद रहे।

# जनहित मामलों पर सख्त दिखे जिलाधिकारी

- **जनसुनवाई में उठीं जन समस्याएं**
- **जिलाधिकारी ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**
- **पेयजल व नगर समस्याएं रहीं प्रमुख**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में सोमवार को जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई दिवस का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जनपद के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कुल 39 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें पेयजल, सड़क, विद्युत, शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य,राजस्व, रोजगार, शहरी व्यवस्थाएं एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जनसुनवाई में नगर क्षेत्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण समस्याएं सामने आईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्य प्रभावित न हो और किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारण करते हुए आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का परिचय दें तथा प्रत्येक प्रकरण में गुणवत्ता सुनिश्चित करें। जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह,डीडीओ रमा गोस्वामी, सीएमओ डॉ0 एस. एस. नबियाल, उपप्रभागीय वनाधिकारी राज. कुमार,महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कविता भगत,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड बोर्ड की टॉपर तुबा सैफी को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 91.8 प्रतिशत अंक लाकर बोर्ड की टॉप 10 सूची में अपना नाम दर्ज करवाकर अपने परिजनों नाम रोशन करने वाली तुबा सैफी का सोमवार को सैफी वेलफेयर सोसायटी उत्तराखंड के प्रदेश संरक्षक डॉ जफर सैफी, महिला प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सभासद रूबीना सैफी, डीएम कूलिंग पॉइंट काशीपुर के ऑनर व उधमसिंह नगर जिलाध्यक्ष मो. आलम सैफी, महिला प्रकोष्ठ की काशीपुर नगराध्यक्ष गौसिया सैफी, यूथ प्रकोष्ठ के काशीपुर नगर अध्यक्ष मो आजम सैफी के द्वारा एसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुल्तान जोहर, यूपी प्रदेश अध्यक्ष मो उस्मान सैफी, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष बब्बू सैफी की ओर से तुबा सैफी के निवास पर पहुंचकर उनका माल्यापर्ण करके उन्हें सम्मानित किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गयी। इस मौके पर तुबा की माता साजदा बेगम, उनके कजिन ब्रदर डॉ शोहेब सैफी, कजिन सिस्टम शीना सैफी का माल्यापर्ण करके उन्हें तुबा सैफी की तरक्की की मुबारकबाद दी।

# डीएम ने दिए अस्पताल की खामियों में सुधार के सख्त निर्देश

- **जिला अस्पताल में ब्लड मशीन खराब मिलने पर लगाई फटकार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उनका हाल-चाल जाना तथा उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों एवं स्टाफ की उपस्थिति सहित सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान जिला अस्पताल में ब्लड सेपरेशन मशीन खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए मशीन को तत्काल ठीक कराने के सख्त निर्देश दिए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण, संवेदनशील एवं समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार लाया जाए तथा किसी भी प्रकार की ढिलाई पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पूर्णागिरि मेले में आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चंपावत।** यहां चल रहे पूर्णागिरि मेले में आस्था का सैलाब लगातार उमड़ रहा है। सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में खासा इजाफा देखने को मिला, क्योंकि इस दिन छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार का विशेष महत्व माना जाता है। मुंडन के बाद श्रद्धालु यहां से करीब 80 किलोमीटर दूर मानेसर महादेव मंदिर में मानसरोवर जल से अभिषेक कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों को इस धार्मिक परंपरा की जानकारी भी दी जा रही है, जिससे श्रद्धालु अब मानेश्वर महादेव मंदिर के साथ रणकोची मंदिर में भी दर्शन करने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के यहां पूजा अर्चना व दर्शन के बाद इस स्थल की प्रसिद्धि और बढ़ी है।

मेला मजिस्ट्रेट डॉ. ललित मोहन तिवारी लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और श्रद्धालुओं से फीडबैक लेकर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में जुटे हैं। बेहतर व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालु संतुष्ट नजर आ रहे हैं और सुखद अनुभव के साथ लौट रहे हैं। शारदा नदी में स्नान के दौरान डूबी एक बालिका को गोताखोर रविंद्र कुमार, होमगार्ड सुरेश शर्मा, जावेद खान और मुकेश राणा ने बहादुरी से बचाकर नया जीवन दिया। अब तक गोताखोरों द्वारा दर्जनों लोगों की जान बचाई जा चुकी है, जो मेले की सुरक्षा व्यवस्था का अहम हिस्सा है।

# रामनगर में गो माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने सहित अन्य मांगों को लेकर हुआ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर में सिद्धेश्वर मंदिर से लेकर तहसील मुख्यालय तक गौ माता के सम्मान एवं गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने के साथ ही गौकसी पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन तहसीलदार मनीषा मारकना के माध्यम से देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उत्तराखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजा गया।कार्यक्रम में विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के अलावा साधु संतों ने भी भागेदारी की तो वही करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने केंद्र व राज्य सरकार से गौ हत्या रोकने को लेकर कडा कानून बनाने के साथ ही गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग की।तो वहीं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन जोशी ने कहा कि आज का दिन इतिहास में लिखा जाएगा और अब हर वर्ष इस कार्यक्रम को होली और दीपावली जैसे पर्व के रूप में मनाया जाएगा।इस दौरान करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी,प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग कल्पना वर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष.हिर्देश शर्मा,भाजपा नेता मदन जोशी,पूर्व राज्यमंत्री अमिता लोहनी, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री दिनेश मेहरा,भाजपा नेत्री आशा बिष्ट,भाजपा नेत्री भावना भट्ट ,हरीश प्रकाश,किशोर शर्मा . अंकित जोशी,प्रशांत तिवारी, सुभाष चंद्र,लाखन,विट्टू कश्यप आदि मौजूद रहे।

# गदरपुर में भूमि विवाद पर बवाल

- **बुक्सा समाज का उग्र प्रदर्शन, विधायक के खिलाफ नारेबाजी**
- **विधायक पुत्र पर जमीन हड़पने के आरोप**
- **गदरपुर में बढ़ा तनाव प्रशासन ने दिए जांच के आदेश**
- **बुक्सा जनजाति का फूटा गुस्सा: गूलरभोज में पुतला दहन, अरविंद पांडे घिरे विवादों में**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर/गूलरभोज।** अरविंद पांडे के विधानसभा क्षेत्र गदरपुर में बुक्सा जनजाति समाज से जुड़े भूमि विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। 12 फरवरी के अंक में 'शाह टाइम्स' द्वारा जताई गई आशंका अब हकीकत में बदलती नजर आ रही है। अखबार ने पहले ही संकेत दिया था कि जातीय मुद्दे को लेकर क्षेत्र में संघर्ष जैसी परिस्थितियां बन सकती हैं, और अब बुक्सा समाज के लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आ रहा है।

मामले की जड़ में विधायक के पुत्र अतुल पांडे पर लगाए गए गंभीर आरोप हैं। सोमवार को बुक्सा समाज के लोगों ने गूलरभोज के एक चौराहे पर विधायक अरविंद पांडे का पुतला फूंका और अरविंद पांडे हाय हाय और अरविंद पांडे मुर्दाबाद के नारे लगाए बुक्सा जनजाति समाज का आरोप है कि उनकी भूमि को विधायक पुत्र ने कथित रूप से अपने नाम करवाकर आगे बेच दिया गया। इस आरोप के सामने आने के बाद समाज के लोगों में नाराजगी बढ़ गई है और उन्होंने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह न केवल उनकी जमीन का मुद्दा है, बल्कि उनके अधिकारों और अस्तित्व से जुड़ा मामला भी है।

स्थिति को देखते हुए प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। जिला अधिकारी (डीएम) ने पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासनिक स्तर पर मामले की गंभीरता को समझते हुए शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर तनाव कम होता नहीं दिख रहा। राजनीतिक दृष्टि से भी यह मामला महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय विधायक की छवि पर असर पड़ सकता है। विपक्षी दल भी इस मुद्दे को लेकर सरकार और विधायक पर निशाना साध रहे हैं। आने वाले दिनों में यह देखना अहम होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और प्रशासन इस विवाद को किस तरह सुलझाता है। फिलहाल, गदरपुर में हालात संवेदनशील बने हुए हैं और सभी की नजरें इस पूरे घटनाक्रम पर टिकी हैं।

# कॉर्बेट पार्क पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला

- **लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने पर जोर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सोमवार को अपने परिवार के साथ दो दिवसीय दौरे पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व पहुंच गए हैं। उनके आगमन पर एक निजी रिसॉर्ट में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मुलाकात की।सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यह पूरे नैनीताल जिले के लिए सौभाग्य की बात है कि देश के लोकसभा अध्यक्ष यहां पहुंचे हैं।उन्होंने बताया कि इस दौरे के दौरान लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने को लेकर कई महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

अजय भट्ट ने जानकारी दी कि नैनीताल स्थित एटीआई में सबसे पहले ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों, सरपंचों के साथ बैठक की जाएगी। इसके बाद जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, ग्राम प्रधानों और स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियोंख्रजैसे मेयर, चेयरमैन और पार्षदों के साथ भी संवाद होगा। उन्होंने कहा कि यही संस्थाएं लोकतंत्र की बुनियादी इकाइयां हैं, जिन पर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे की नींव टिकी होती है।उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और अन्य संस्थाएं उसी जमीनी स्तर से विकसित होती हैं।जहां से लोकतंत्र की असली समझ और अनुभव मिलता है। इसलिए इन बैठकों का उद्देश्य निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक लोकतंत्र को और मजबूत बनाना है।अजय भट्ट ने लोकसभा अध्यक्ष के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संसद में सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाने का पूरा अवसर दिया है, जिससे जनहित के मुद्दों पर तेजी से कार्रवाई संभव हो पाती है। उन्होंने कहा कि ओम बिड़ला का दृष्टिकोण न केवल सराहनीय है, बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित करने वाला भी है।ओम बिड़ला विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ-साथ कॉर्बेट में प्रवास भी करेंगे। उनके इस दौरे को लेकर प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस दौरान नैनीताल लोकसभा सांसद अजय भट्ट, जिला अधिकारी ललित मोहन रयाल,मुख्य वन संरक्षक विवेक पांडे,कार्बेट डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला, डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत आदि मौजूद रहे।

# धारी में वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौके पर मौत

## मैक्स गाड़ी 200 मीटर गहरी खाई में गिरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विधान सभा क्षेत्र के धारी ब्लॉक में सोमवार को एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल

### चार लोग गंभीर रूप से घायल

हो गए, जिनका प्राथमिक उपचार कर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। वहीं मृतकों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी में पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी के अनुसार मैक्स वाहन दुदली गांव से हल्द्वानी को जा रहा था की तभी 12 बजे वाहन चालक कमल शर्मा ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क से 200 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। वाहन दुर्घटनाग्रस्त में लता शर्मा (40) पत्नी दिनेश चंद्र, हरीश चंद्र बेलवाल (35) पुत्र भैरव दत्त बेलवाल की मौके पर ही मौत हो गई। वही दिनेश चंद्र (48) पुत्र त्रिलोचन शर्मा मामूली रूप से घायल हो गए वहीं चालक कमल शर्मा (23) पुत्र विपिन चंद्र शर्मा तथा नेहा बेलवाल (17) पुत्री हरीश चंद्र बेलवाल तथा सुभाष बेलवाल (13) पुत्र हरीश चंद्र बेलवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका प्राथमिक उपचार कर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. हिमांशु कांडपाल ने बताया वाहन में 6 लोग सवार थे। जिन्हें 108 और निजी वाहनों की मदद से पदमपुरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं हरीश बेलवाल और लता शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा मृत अवस्था में थे। जिनकी मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को हल्द्वानी रेफर कर दिया गया वहीं धानाचुली चौकी इंचार्ज एसआई हरिराम ने बताया दिन में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया गया।

# पांच दिन बाद मिला युवक का शव

## परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के रानीखेत तहसील के ताड़ीखेत विकास खंड के दुभना ग्राम



सभा के रमाधारा गांव निवासी युवक दीपक उपाध्याय (32) के लापता होने के मामले में सोमवार को बड़ा अपडेट सामने आया है। लापता होने के पांच दिन बाद युवक का शव नैनीताल-भवाली रोड में टूटा पहाड़ क्षेत्र में बरामद हुआ है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं मृतक के भाई ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार दीपक उर्फ दिनेश उपाध्याय बीते बुधवार को तल्लीताल रोडवेज



स्टेशन क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। पुलिस ने मामले में 20 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और लगातार सर्च अभियान चलाया लेकिन शुरुआती चार दिनों तक कोई सुराग नहीं लग पाया। इस दौरान पुलिस ने युवक के तीन दोस्तों से भी सख्ती से पूछताछ शुरू की थी। सोमवार को जब पुलिस ने दोबारा टूटा पहाड़ क्षेत्र में सर्च किया तो युवक का शव मीटर गहरी खाई में मिल गया। फोरेंसिक टीम की ओर से सेंपल कलेक्ट करने के बाद शव को मेडिकल परीक्षण के लिए सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज भेज दिया गया है। मृतक के भाई बाला दत्त उपाध्याय ने युवक के साथ मौजूद रहे दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि दीपक का अचानक लापता होना और फिर इस तरह शव का मिलना संदेह पैदा करता है।

### मृतक के दोस्तों के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी

**नैनीताल।** मामले में एसपी जगदीश चंद्रा ने बताया कि पूछताछ के दौरान युवकों ने स्वीकार किया है कि चारों दोस्तों ने मिलकर 11 बोतल बीयर और दो बोतल शराब पी थी। इसके बाद आपस में किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके दौरान दीपक खाई में गिर गया जबकि बाकी तीन युवक नशे की हालत में बाजार की ओर चले गए। एसपी ने बताया कि मृतक के दोस्तों के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी भी की जा रही है।

# सीडीओ ने ली शिक्षा महकमे की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल स्थित विकास भवन सभागार में सोमवार को सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में सरकारी स्कूलों में बेहतर पठन पाठन के साथ ही शिक्षा संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। सीडीओ पांडेय ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं उप शिक्षा अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार विद्यालयों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए गए। कहा कि प्रत्येक माह 15 ग्राम पंचायतों के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जाए। कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता, व्यवस्थाओं एवं शिक्षण कार्यों का समुचित आंकलन करना है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिका. रियों को निर्देश दिए कि निर्धारित



रोस्टर के अनुसार समयबद्ध एवं प्रभावी निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का प्रोत्साहन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मिड-डे मील पर भी विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों को पोषक और स्वच्छ भोजन मिल सके साथ ही शिक्षकों के व्यवहार का भी समय-समय पर मूल्यांकन किया जाए ताकि बच्चों के साथ सकारात्मक और सहयोगात्मक माहौल बना रहे। उन्होंने कहा कि ऐप के द्वारा डिजिटल माध्यम से कार्यों की निगरानी भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समूह बनाए जाएंगे और उन्हें नियमित रूप से अपडेट किया जाएगाए जिससे उनकी गतिविधियों और प्रगति पर नजर रखी जा सके। बैठक में सीईओ गोविन्द राम जायसवाल समेत सभी खंड शिक्षा अधिकारी व उप शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## परियोजनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के तहत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार को विकास भवन सभागार भीमताल में सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की विस्तृत प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में लगभग 12 विभागों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बताया गया कि 31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार जनपद में कुल 117 परियोजनाएं विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित हैं जिनकी कुल परियोजना लागत 441.01 करोड़ रुपए है तथा नाबार्ड द्वारा 396. 95 करोड़ रुपए की ऋण सहायता प्रदान की गई है। बैठक में परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति, धीमी गति से चल रही परियोजनाओं तथा पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की पूर्णता रिपोर्ट की स्थिति तथा सामा. जिक अनुश्रवण आदि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीडीओ पांडेय द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षित लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब से लागत वृद्धि तथा संसाधनों का दुरुपयोग होता है जिसे प्रभावी अनुश्रवण के माध्यम से रोका जाना आवश्यक है। बैठक में सीडीओ द्वारा दिए गए निर्देशानुसार परियोजनाओं की नियमित निगरानी एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष निरीक्षण समिति का गठन किया गया जिसमें ग्रामीण निर्माण विभाग, जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग तथा लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सदस्य रखा गया।

## एक नजर

### दो हफ्ते के भीतर हाई पावर कमेटी गठन करें

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पर्यटन सीजन में मंसूरी शहर की विभिन्न सड़कों पर अवैध तरीके से वाहन पार्क करने के बाद लगने वाले जाम से निजात दिलाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिस्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिदार्थ साह की खण्डपीठ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए जनहित याचिका को निस्तारित कर दी है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिये हैं कि वे दो सप्ताह के भीतर सचिव शहरी विकास, सचिव पर्यटन और सचिव गृह की एक हाई पावर कमेटी का गठन करेंगे। कमेटी का अध्यक्ष इनमें जो वरिष्ठ होंगे वे इसकी अध्यक्षता करेंगे। कमेटी आठ सप्ताह के भीतर जाम से निजात दिलाए जाने के सबन्ध में कार्य कार्य करेगी। समाधन मिलने के बाद उस पर जन सुनवाई करने के लिए विज्ञापन जारी करेगी। जन सुनवाई में याचिकाकर्ता के साथ साथ मंसूरी के डाक्टर, शिक्षक, होटल एसोसिएशन के सदस्य, कैब के सदस्य, छात्र व स्थानीय निवासी व अन्य लोगों की एक बैठक बुलाएगी बैठक में जो निर्णय लिया जाएगा उसे राज्य सरकार को भेजेगी और उसपर राज्य सरकार एक्शन लेगी।

### सबका पंजीकरण जरूरी: एडीएम असवाल

**नैनीताल।** अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) नैनीताल सौरभ असवाल ने अपील करते हुए अवगत कराया कि फारेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम (एफएसआई) में विभिन्न विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी, जन साधारण आदि पंजीकरण कर लें ताकि संबन्धित को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत वनाग्नि से संबन्धित फायर अलर्ट की सूचना प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि एफएसआई पोर्टल पर पंजीकरण का फालो चार्ट के अनुसार जनपद के समस्त विभाग/ संस्था के अधिकारी/ कर्मचारी/ ग्राम प्रधान/ सरपंच वन पंचायत व सदस्य वन पंचायत एवं जनसाधारण को एफएसआई सिस्टम में जोड़ने हेतु जिला अन्तर्गत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर, बैठकों, कार्यशालाओं के माध्यम से एफएसआई एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु समस्त प्रभागीय वनाधिकारियों को भी अपने स्तर से कार्यवाही हेतु कहा गया है।

### दो दिवसीय प्रिसीजन शूटिंग कैंप का आयोजन

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में एनसीसी कैडेट्स के लिए दो दिवसीय प्रिसीजन शूटिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स की विभिन्न इकाइयों डीएसबी परिसर, 79 बटालियन आर्मी, 05 यूके नेवल यूनिट एनसीसी, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक नैनीताल तथा ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुल 100 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डीएसबी परिसर की कार्यवाहक निदेशक प्रो. चंद्रकला रावत ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि फायरिंग में सही निशाना लगाना जितना आवश्यक है जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे साधना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट प्रो. रीतेश साह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए निशानेबाजी के तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी वहीं सीटीओ प्रो. आशीष मेहता ने कैडेट्स को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं में आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और जिमेदारी की भावना विकसित करते हैं।

### दमकल विभाग ने जंगलों की बुझाई आग

**नैनीताल।** नैनीताल के फायर स्टेशन को सोमवार को सूचना प्राप्त हुई कि ज्यूलिकोट तथा चोपड़ा गाँव क्षेत्र में जंगल में आग लगी हुई है। सूचना प्राप्त होते ही फायर यूनिट तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुँचकर देखा गया कि जंगल क्षेत्र में आग फैली हुई थी जिसे नियंत्रित करने हेतु फायर यूनिट द्वारा मोटर फायर इंजन के माध्यम से दो होज लाइन फैलाकर पपिंग की गई। त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया घटना स्थल पर वन विभाग, स्थानीय जनता एवं ग्राम प्रधान उपस्थित थे। सभी को भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### नैनीताल पालिका के तीन पार्किंग का ठेका छूटा सुमित जेठी के नाम 94 लाख में

**नैनीताल।** नगरपालिका कार्यालय में सोमवार को बीडी पांडे अस्पताल, बारापत्थर और अंडा मार्केट पार्किंग की निविदा खोली गई जो कि 94 लाख



50 हजार में सुमित जेठी के नाम छूटी इसके लिए पालि. का की ओर से 55 लाख बेसिक अमाउंट रखा गया था। कुल 6 लोगों ने निविदा डाली थी जिसमें बीते शुक्रवार को तकनीकी निविदा संपन्न होने के बाद सुमित जेठी और नवीन अग्रवाल क्वालीफाई हुए थे। सोमवार को पालि. काध्यक्ष कार्यालय में वित्तीय निविदा खोली गई जिसमें अधिक अमाउंट डालने पर निविदा सुमित जेठी के नाम रही। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, कर अधीक्षक दीपेंद्र बमौला, लेखाकार सिद्धार्थ शर्मा, कोषाधिकारी कमलेश भंडारी समेत विविध लिपिक संजय कनवाल आदि मौजूद रहे।

## मेरु परिसर की भूमि से अतिक्रमण हटाया

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के मेरु परिसर की भूमि से अतिक्रमण हटाया तथा निर्माण कार्य का रास्ता साफ किया। बता दें कुमाऊं विश्व. विद्यालय के प्रस्तावित मेरु परिसर पटवाडांगर में सोमवार को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और विश्व. विद्यालय प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में अनधिकृत कबजे और भवनों पर लगाए गए ताले हटाकर भूमि एवं भवनों पर विश्वविद्यालय का अधिकार स्थापित कराया गया। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब परिसर के विकास और निर्माण कार्य को गति मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विश्वविद्यालय की ओर से प्रभारी कुलसचिव राकेश विश्वकर्मा, निर्माण कार्य समीक्षा समिति के प्रभारी प्रो. महेंद्र राणा, डा. मनोज बिष्ट, अवर अभियंता संजय पंत तथा संपति अनुभाग के कुलदीप सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे में इंटर्नशिप के लिए 10 छात्रों का हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के आईटीईपी (शिक्षा विभाग) ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कामयाबी दर्ज करते हुए संस्थान के 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे में इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए हुआ है। बता दें यह इंटर्नशिप 6 माह की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी। इस कामयाबी ने न केवल चयनित विद्यार्थियों बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय उत्पन्न किया है। संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे की निदेशक डा. देवयानी मुनगली द्वारा चयनित विद्यार्थियों में क्रमशः हर्षिता पंत, ईशिता उपाध्याय, अनिमा आर्या, आकांक्षा बेहेरा, प्रतिभा रावत, मानसी दानी, प्रतीक्षा जोशी, याशिका उपाध्याय, अश्वनी कुमार यादव एवं कार्तिकेय निगाल्टिया शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता, अनुशासन, कौशल एवं समर्पण के आधार पर यह अवसर प्राप्त किया है।

संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक है जहाँ आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत भाषा के संवर्धन पर विशेष बल दिया जाता है। ऐसे संस्थान में इंटर्नशिप प्राप्त करना विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अहम कामयाबी पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों का इस प्रकार के प्रतिष्ठित संस्थान में चयन होना अत्यंत गर्व का विषय है। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत और लगन का परिणाम है बल्कि हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान की गुणवत्ता का भी प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि ये सभी विद्यार्थी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे। शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता के बल पर राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में स्थान प्राप्त किया है। यह कामयाबी अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।कहा कि वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है ऐसे में विद्यार्थियों को निरंतर स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक है। विभागाध्यक्ष डा. अशोक उप्रेती ने इस अवसर पर विशेष रूप से हर्ष व्यक्त करते हुए कहा विभाग के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि हमारे विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर यह कामयाबी हासिल की है।

# कार्बेट को भारी पड़ा गेंदबाज़ी का फैसला

## कोल्ट्स ने 40 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर जड़े 325 रन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेली जा रही अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में जीएनजी क्रिकेट एरिना में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और कार्बेट क्रिकेट अकादमी रामनगर आमने-सामने रही। टॉस जीतकर कार्बेट ने पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन यह फैसला उस पर भारी पड़ गया। कोल्ट्स ने निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट पर 325 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। विवेक ने 115, कार्तिक रावत ने 73 और कार्तिक जोशी 52 रनों की शानदार



पारी खेली। जवाब में कार्बेट की टीम 277 रन पर सिमट गई। सौम्य जोशी ने शानदार 166 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। कोल्ट्स ने 48 रन से मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए सौम्य जोशी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में एमएस क्रिकेट ग्राउंड में जीएनजी और काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी के बीच भिड़ंत हुई। पहले बल्लेबाजी करते हुए काठगोदाम की टीम 28 ओवर में मात्र 105 रन पर सिमट गई। जीएनजी के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीएनजी ने 4 विकेट खोकर 108 रन बनाते हुए 6 विकेट से आसान जीत दर्ज की। गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन के लिए जय को मैन आफ द मैच दिया गया। इस दौरान एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिक. ारी, दिग्विजय कनवाल, मनोज भट्ट, अभिषेक सिंह, मोहम्मद इसरार, मोहम्मद अमान आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी के दिशा-निर्देशन में जनपद में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं नशा तस्करी की रोकथाम हेतु पौड़ी पुलिस द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। दैनिक चेकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए कोतवाली कोटद्वार पुलिस द्वारा एक व्यक्ति गौरव पाल पुत्र राम सिंह, निवासी - सिंबलचौड़, कोटद्वार को 60 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ सिंबलचौड़ से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में अभियुक्त के विरूद्ध कोतवाली कोटद्वार में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोगर पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

# गो माता को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में सोमवार को हिंदू संगठनों गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। बजरंग दल, बजरंग वाहिनी दल, मातृ शक्ति के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 व 51ए (जी) की मूल भावना के अनुरूप गौ माता को राष्ट्रीय आराध्य का संवैधानिक दर्जा देने की मांग की। कहा कि देश के समस्त सनातनी, भक्तों तथा कार्यकर्ताओं जागरूक नागरिकों और संत समाज की ओर से निवेदन है कि भारतीय स्थिति अत्यंत पीड़ादायक है वही गौ हत्या लगातार



बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि गोवंश केवल आस्था का विषय नहीं है इसलिए गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देना जरूरी है।

इस मौके पर विवेक वर्मा, मनोज कुमार, कुनाल बेदी, आदित्य, रौनक, अनुज, मोहित, सूरज, पुजारी, रश्मि, भावना समेत दर्जनों मातृ शक्ति उपस्थित थी। दूसरी ओर गौ आवाहन अभियान के तहत भाजपा के पूर्व जिला मंत्री प्रकाश चंद्र आर्य के नेतृत्व में गौ रक्षको ने एडीएम विवेक राय के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन देने वालों में गिरीश चंद्र, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, योगी कमलनाथ, अभिषेक, हेमचंद्र, प्रकाश चंद्र आर्य, अखिलेश कुमार, पंकज टम्टा, राहुल कुमार, गणेश सिंह व सुशील कुमार मौजूद रहे।

# ग्रुप कमांडर राजेश सिंह ने किया घोड़ाखाल सैनिक स्कूल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय नैनीताल कोमोडोर बाल



राजेश सिंह द्वारा सोमवार को स्वतंत्र इकाई कंपनी एनसीसी सैनिक स्कूल घोड़ाखाल का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के एनसीसी छात्रों द्वारा कोमोडोर बल राजेश सिंह को गार्डन ऑफ आनर दिया गया, इसके उपरांत सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के बैंड द्वारा अपना प्रदर्शन किया गया कोमोडोर बाल राजेश सिंह द्वारा स्वतंत्र इकाई कंपनी का निरीक्षण कर उनके द्वारा एनसीसी के प्रशिक्षण में किए गए कार्यों के लिए उनको बधाई दी गई एवं भविष्य के प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर सैनिक स्कूल घोड़ाखाल स्वतंत्र इकाई सीसी की कमान अधिक. ारी कमांडर अर्चना चौधरी द्वारा ग्रुप कमांडर एवं उनकी पत्नी का स्वागत किया गया एवं उनका स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र इकाई कंपनी के प्रधान सहायक गोपाल दास एवं सूब. ेदार राजेंद्र सिंह, नायब सूबेदार ललित मोहन कांडपाल, नंदन सिंह मेवाड़ी एवं नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट ने साईं कृपा स्टोन क्रशर की अंतरिम रोक को हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए भीमावाला विक. ासनगर में साईं कृपा स्टोन क्रशर यूनिट के संचालन पर लगी अंतरिम रोक को हटा दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने पारित किया। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता स्कंद कुमार सिंह ने आरोप लगाया था कि संबंधित साईं कृपा स्टोन क्रशर घनी आबादी, सरकारी इंटर कालेज आंगनवाड़ी केंद्र और ग्राम पंचायत कार्यालय के करीब स्थापित किया जा रहा है जो नियमों के विरुद्ध है। याचिका में यह भी कहा गया था कि क्रशर यूनिट 200 मीटर की निषिद्ध दूरी के भीतर स्थापित की जा रही है और इससे क्षेत्र में पर्यावरण तथा स्थानीय निवासियों एवं स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के जुलाई 2023 के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन होने का भी आरोप लगाया गया। प्रारंभिक सुनवाई में न्यायालय ने 25 जुलाई 2025 को प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए क्रशर के निर्माण और संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी थी। न्यायालय ने यह माना था कि क्रशर निर्धारित जोन में नहीं है और सीपीसीबी के दिशा-निर्देशों के विपरीत है। इसके बाद साईं कृपा स्टोन क्रशर के स्वामी ने इस रोक को हटाने के लिए आवेदन दाखिल किया और मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा। सर्वोच्च न्यायालय ने हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह इस मामले में शीघ्र सुनवाई कर उचित आदेश पारित करे।

# पशु चिकित्सा दिवस का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** आइसीएआर इंडियन वेटरिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट आईवीआरआई मुक्तेश्वर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर चल रहे तीन दिवसीय दिवसीय आयोजित कार्यक्रम का समापन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की थीम पशु चिकित्सक: भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षक रखी गई। आयोजन स्वर्ण जयंती भवन ऑडिटोरियम मुक्तेश्वर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय मुक्तेश्वर के विद्यार्थियों के लिए रंगोली एवं चित्रकला



प्रतियोगिता आयोजित की गई। सोमवार को संस्थान गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद किसानों के लिए किसान गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें पशु रोग निगरानी, शीघ्र पहचान, प्रबंधन तथा खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों और पशुपालन विभाग के अधिका. रियों द्वारा किसानों को आधुनिक जानकारी मुहैया कराई गई। संयुक्त निदेशक डा. यशपाल सिंह मलिक उद्घाटन संबोधन दिया। मुख्य अतिथि मुख्य पशु चिकित्सा अधिक. ारी नैनीताल डा. धीरज चंद्र जोशी ने किसानों को संबोधित किया साथ ही एससीएसपी योजना के अंतर्गत किसानों को उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई। समारोह में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीवीओ डा. धीरेश चन्द्र जोशी रहे। प्रधान वैज्ञानिक डक्कशेर सिंह, समन्वयक डा. नीतीश सिंहए वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सीएल पटेल, सीवीओ डक्कधीरेश चन्द्र जोशी, आईवीआरआई के संयुक्त निदेशक डक्क यशपाल सिंह मलिक तथा डक्क अमूल गुरव आदि रहे।

# हेजलवुड़-भूवी के तूफान में उड़ी दिल्ली

### दिल्ली को बेंगलुरु ने 75 रनों पर समेटा
### बेंगलुरु ने 6.3 ओवर में हासिल किया लक्ष्य


जोश हेजलवुड़ ने 12 रन देकर झटके 4 विकेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के 39वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 75 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु ने 6.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी बेंगलुरु ने 8 रन के स्कोर पर ही दिल्ली के 6 विकेट निकाल लिए। इसके बाद अभिषेक पोरेल ने 30 रन बनाए और टीम को कुछ हद तक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड ने 4 और भुवनेश्वर कुमार ने 3 विकेट लिए। जवाब में बेंगलुरु ने 2 ओवर में बिना विकेट खोए 13 रन बना लिए हैं। जैकब बेथेल और विराट कोहली क्रीज पर हैं। तीसरे ओवर में जैकब बेथेल ने लगातार दो सिक्स लगा दिए। उन्होंने शार्ट गेंद पर शानदार तरीके से पिकअप शाट खेलकर मिडविकेट के ऊपर छक्का जड़ा। अगली बाल में उन्होंने कदमों का इस्तेमाल करते हुए गेंद को मिडविकेट के पार भेज दिया। यह सिक्स104 मीटर का था। 75 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने संभली हुई शुरुआत की है। पहले ओवर में 7 रन आए। जैकब बेथेल ने फाइन लेग की दिशा में चौका लगाकर टीम का खाता खोला।

इसके बाद कुछ डाट गेंदें जरूर आईं, लेकिन उन्होंने स्ट्राइक रोटेट करते हुए ओवर खत्म किया। दिल्ली कैपिटल्स की पारी पूरी तरह बिखर गई और टीम सिर्फ 75 रन पर ऑलआउट हो गई। 16.3 ओवर में जोश हेजलवुड ने अभिषेक पोरेल को बोल्ड कर दिया। यार्कर लेंथ की तेज गेंद पर पोरेल देर से बल्ला ला पाए और गेंद सीधे स्टंप्स से जा टकराई। पोरेल 33 गेंदों में 30 रन बनाकर टीम के टॉप स्कोरर रहे, लेकिन उन्हें किसी दूसरे बल्लेबाज का साथ नहीं मिला। 75 रन इस आईपीएल सीजन का सबसे छोटा टोटल रहा। इससे पहले गुजरात की टीम 20 अप्रैल को मुंबई के खिलाफ 100 रन पर आउट हो गई थी।

15.3 ओवर में दिल्ली को एक और झटका लगा और अब टीम 9 विकेट गंवा चुकी है। सुयश शर्मा ने शानदार गेंद डालकर कुलदीप यादव को बोल्ड कर दिया। लेग स्पिनर की यह गेंद आफ स्टंप के बाहर पिच होकर तेजी से अंदर आई। कुलद. ीप उसे ठीक से पढ़ नहीं पाए और शाट खेलने की कोशिश में पूरी तरह चूक गए। गेंद सीधा स्टंप्स से जा टकराई और गिल्लियां बिखर गईं। कुलदीप 11 गेंदों में 3 रन बनाकर आउट हुए। 14वें ओवर में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्पिनर सुयश शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 3 रन दिए।

# भारतीय पुरुषों ने क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की

**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), वार्ता।** पूर्व चैंपियन भारत ने सोमवार को डेनमार्क के हॉर्सेंस में थॉमस और उबर कप 2026 के पुरुषों के ग्रुप ए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

भारत ने अपने शुरुआती ग्रुप मुकाबले में कनाडा को 4-1 से हराया था और अब ग्रुप विजेता का फैसला करने के लिए उसका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन से होगा। चीन ने ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था और सोमवार को कनाडा को 4-1 से मात दी थी। यह जानते हुए कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत उन्हें अंतिम आठ में जगह की गारंटी देगी, भारत ने उस टीम में सिर्फ एक बदलाव किया जिसने कनाडा को हराया था, इसमें किदांबी श्रीकांत की जगह एच-एस-प्रणय को मैच खेलने का मौका मिला। लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम को 21-14, 21-16 से हराकर टीम की जीत का सिल. सिला शुरू किया,

और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयु शेट्टी ने श्रेय धांड को सिर्फ 26 मिनट में 21-8, 21-6 से हराकर स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद पूर्व एशियाई चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने रिजकी हिदायत और जैक यू को 21-14, 21-16 से हराकर जीत को पूरी तरह से सुनिश्चित कर दिया। फिर प्रणय और पुरुों की युगल जोड़ी हरिहरन अमसकारुनन और एम-आर- अर्जुन ने शानदार जीत दर्ज करते हुए स्कोर को पूरा किया। परिणाम: पुरु: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया (लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम को 21-14, 21-16 से हराया।

## खेल विशेष

### एशियन गेम्स ओलंपिक्स से ठीक पहले वाले साल में कराए जा सकते है: ओसीए

**सान्या, वार्ता।** ओलंपिक परिाद ऑफ एशिया (ओसीए) एशियाई खेलों को ग्रीमकालीन ओलंपिक से ठीक पहले वाले र्वा में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। ओसीए के एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम का मकसद इस महाद्वीपीय स्पर्धा को दुनिया के सबसे बड़े स्पोर्ट्स के क्वालीफाइंग के रूप में कार्य कर सके। ओसीए के उपाध्यक्षट सॉन्ग लुजेंग ने रविवार को कहा कि यह एडजस्टमेंट दोहा एशियन गेम्स से लागू होने की उम्मीद है, जिन्हें 2030 से 2031 में शिफ्ट किया जाएगा। इस प्रस्ताव को ओसीए एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने पहले ही मंजूरी दे दी है और अब इस पर इंटरनेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के साथ आगे बातचीत चल रही है। सोंग ने कहा कि इससे एशियन गेम्स ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाइंग इवेंट के तौर पर काम कर सकेंगे, जिससे ज्यादा एलीट एथलीट्स को कॉम्पिटिशन के कीमती मौके मिलेंगे और गेम्स का ओवरऑल स्टैंडर्ड बढ़ेगा।

### रग्बी प्रीमियर लीग के सीजन 2 में महिला फ्रेंचाइजियो की होगी शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** ज ीएमआर स्पोर्ट्स ने रग्बी इंडिया के साथ साझेदारी में सोमवार को एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के विकास में एक अहम कदम की घोाणा करते हुए कहा कि दूसरे सीजन में महिला फ्रेंचाइजियों की शुरुआत की जाएगी। 2025 में आयोजित पहले सीजन की सफलता के बाद, मौजूदा छह पुरु टीमों में से चार, :चेन्नई बुल्स (एविड सिस स्पोर्ट्स के स्वामित्व में), दिल्ली रेड्ज (आरएमजेड कॉर्प के स्वामित्व में), मुंबई ड्रीमर्स (ड्रीम स्पोर्ट्स के स्वामित्व में) और कोलकाता बंगा टाइगर्स (हंच वेंचर्स के स्वामित्व में), जो पहले कलिंगा ब्लैक टाइगर्स के नाम से जानी जाती थी और अब भुवनेश्वर से कोलकाता स्थानांतरित हो चुकी है: अपनी-अपनी महिला टीमें भी उतारेंगी।

### श्रीनगर चितन शिविर में शारीरिक शिक्षा के भविय पर हुआ मंथन

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा 25 से 26 अप्रैल 2026 तक श्रीनगर में आयोजित दो दिवसीय राट्रीय 'चितन शिविर' में देश को खेल महाशक्ति बनाने के लिए केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय तथा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों के बीच में मंथन हुआ। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में इस शिविर में 'श्रीनगर खेल संकल्प' के माध्यम से राज्यों के साथ मिलकर खेल प्रशासन, प्रतिभा की पहचान और खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना बनाई गई। इस चितन शिविर में फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) का प्रतिनिधित्व राट्रीय सचिव प्रोफेसर (डॉ-) पीयूा जैन ने किया।

# मोहसिन पर नजर होनी चाहिए भारतीय चयनकर्ताओं की: बांगर



**लखनऊ, वार्ता।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज और बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के समूह में मोहसिन खान सबसे अधिक प्रभावित कर रहे है और चयनकर्ताओं को नजर उन पर करीब से होनी चाहिए।

लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच रविवार रात खेले गए मुकाबले में 23 रन देकर पांच विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज को लेकर बांगर ने कहा, अगर आप हमारे बाएं हाथ के सीमरों के समूह को देखें, तो मोहसिन सबसे अधिक प्रभावित करते हैं, क्योंकि उन्हें अतिरिक्त उछाल मिलता है, वह उस लेंथ पर लगातार हिट कर सकते हैं और उनके पास 'हेवी बॉल' है, जैसा अक्सर कहा जाता है। एक शानदार बाएं हाथ का सीमर बनने के लिए जो गुण चाहिए, वह सब उनमें है और चयनकर्ताओं की नजर उन पर करीब से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत समय हो गया है और अब बात अपनी सर्वश्रेठ फटिनेस दोबारा हासिल करने की है, क्योंकि भारतीय प्रतिभा में इस तरह की स्किलसेट वाले खिलाड़ी बहुत कम हैं। हमारे पास बल्लेबाज बहुत हैं, लेकिन जो चीज कम है वह बाएं हाथ के सीम गेंदबाजो की विविधता है। टी-20 विश्व कप विजेता टीम में अर्शदीप सिंह ऐसे अकेले विशोज्ञ थे।

# हमें ब्रेक चाहिए व खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी होगी: रिषभ पंत



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुजर जायंट्स के कप्तान रिषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मिली लगातार पांचवीं हार के बाद कहा कि हमें ब्रेक की जरुरत है और हर खिलाड़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को उतार-चढ़ाव भरे मैच के सुपर ओवर में मिली हार के बाद पंत ने कहा कि देखिए, मुझे लगता है कि हमें निश्चित तौर पर एक ब्रेक चाहिए। हम खुद को तरोताजा करेंगे। दबाव तो हमेशा रहेगा,

और यह हमेशा दबाव वाला खेल रहेगा। लेकिन साथ ही हमें जवाब बाहर नहीं, अपने भीतर ढूंढ़ने होंगे। चीजों को सरल रखना होगा। हर खिलाड़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। यह एक या दो खिलाड़ियों की बात नहीं हो सकती, पूरी टीम की बात है। और बहुत से लोग इसकी जिम्मेदारी लेंगे, इसमें कोई शक नहीं। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक चिंता निकोलस पूरन की फॉर्म भी रही है, जिन्होंने अब तक सिर्फ 82 रन बनाए हैं, औसत 10-25 और स्ट्राइक रेट 81-18 रहा है। इसके बावजूद एलएसजी ने सुपर ओवर में पूरन और पंत को बल्लेबाजी के लिए भेजा। पूरन पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए, जबकि एलएसजी कुल तीन गेंद ही खेल सकी। अन्य बल्लेबाज एडन मारक्रम भी बिना खाता खोले आउट हो गए। पंत ने कहा कि हमने टीम के रूप में चर्चा की थी और जो नाम सामने आया, वह निकी पी (पूरन) का था। हो सकता है वह इस समय अपने करियर की सर्वश्रेठ फॉर्म में न हों, लेकिन मुश्किल समय में आपको अपने खिलाड़ी पर भरोसा करना होता है। वो वापसी करेंगे। इसलिए कोई बहाना नहीं है। बस सकारात्मक बातों को देखना है। अभी शायद ज्यादा सकारात्मक बातें नजर न आ रही हों।

# बंग्लादेश ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया



**चटगांव, वार्ता।** मो. तौहीद दोय (नाबाद 51) और शमीम हुसैन (नाबाद 31) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत बंगलाद. ेश ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 12 गें. दें शो रहते छह विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश के लिए सैफ हसन और तंजिद हसन की सलामी जाड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। छठें ओवर में नेथेन स्मिथ ने सैफ हसन (17) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कप्तान लिटन कुमार दास (21) और तंजिद हसन (20) को ईश सोढ़ी ने आउट किया। परवेघ हुसैन इमॉन 14 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुये। बंगलाद. ेश ने 18 ओवरों में चार विकेट पर 183 रन बना छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मो- तौहीद हृदोय और शमीम हुसैन की जोड़ी ने पांचवें विकेट अविजित 49 रन जोडे। मो- तौहीद हृदोय ने 27 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 51 रनों की पारी खेली। शमीम हुसैन ने 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 31 रन बनाए। इससे पहले आज यहां के- क्लार्क और डेन क्लीवर की (51-51) रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैड ने पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया। बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को दूसरे ही ओवर में टिम रॉबिसन (शून्य) के रनआउट होने पर पहला झटका लगा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डेन क्लीवर ने के-क्लार्क के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 88 रन जोड़े।

10वें ओवर में रिशाद हुसैन ने डेन क्लीवर को आउट कर इस साझेदारी को अंत किया। डेन क्लीवर ने 27 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 51 रन बनाए। 12वें ओवर में के-क्लार्क को भी रिशाद हुसैन ने अपना शिकार बना लिया। के क्लार्क ने 37 गेंदों में सात चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 51रनों की पारी खेली।

कप्तान निक केली ने 27 गें. दों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जॉश क्लार्कसन ने 14 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 27 रनों की पारी खेली। बंगलादेश के लिए रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिये। शोरिफुल इस्लाम, तनजीम हसन साकिब और मेहदी हसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# बीमारी से जूझते हुए गॉफ ने दर्ज की जीत

**मैड्रिड, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने बीमारी से जूझते हुए एक सेट और एक ब्रेकडाउन से वापसी करते हुए सोराना क्रिस्टिया को हराते हुए मैड्रिड ओपन के अंतिम 16 में जगह बना ली है। वहीं पुरु वर्ग में जैनिक सिनर ने एल्मर मोलर पर जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंच गए है। मुकाबले के दौरान अमेरिका की तीसरी सीड गॉफ पेट के संक्रमण से जूझती रही और उन्हें दूसरे सेट के बीच में कूड़ेदान में उल्टी करनी पड़ी। उन्होंने ने वापसी करते हुए रोमानिया की सोराना क्रिस्टिया पर 4-6, 7-5, 6-1 से जीत हासिल की।

गॉफ ने रोमानिया की 25वीं सीड वाली क्रिस्टिया के खिलाफ दूसरे सेट में मेडिकल टाइमआउट मांगा और जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने मैच कैसे खेला, तो उन्होंने जवाब दिया, सच कहूं तो मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बदकिस्मती से मुझे भी वही मिला जो मैड्रिड में बाकी सबको हो रहा है। इसलिए, मैं बस कल के लिए कोशिश करूंगी। मुझे बेहतर महसूस होने लगा था, ऐसा नहीं लग रहा था कि मुझे उल्टी करनी है।

# सिंधु ने BWF परिषद में अपने कार्यकाल की शुरुआत की

**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय स्टार खिलाड़ी पी वी सिंधु ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिाद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है। सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन का अध्यक्ष चुने जाने के बाद बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की काउंसिल में मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधु आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिरी में परिाद में शामिल हुई थी। यहां बीडब्लयूएफ की हुई वार्िाक बैठक में हिस्सा लेने के साथ सिंधु की सबसे बड़ी गवर्निंग बॉडी में उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई। इस अवसर पर पी- वी- सिंधु ने कहा, बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन में यह जिम्मेदारी लेना।


**पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (परियोजना मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं. 0135-2646000-212 फैक्स नं0 0135-2643050 email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **27.05.2026** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/ जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **25.05.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो General Manager Project, Office PTCUL, Dehradun के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-01/2026-27:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Printer Cartridges उपलब्ध करवाने का कार्य।
2) **T-02/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में भूतल पर स्थित GIS Sub-Station के 3D Model हेतु Toughened Glass क्रय कर स्थापित करने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
3) **T-03/2026-27:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में साफ-सफाई से सम्बन्धित सफाई का सामान उपलब्ध करवाने का कार्य।
4) **T-04/2026-27:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Stationary Items उपलब्ध करवाने का कार्य।
5) **T-05/2026-27:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में PVC Wall paneling की आपूर्ति व पूर्ण फिटिंग सहित स्थापना का कार्य।

पत्रांक: 697/प0मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 27.04.2026
अधिशासी अभियन्ता (प0मु0भु0ई0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"



**कार्यालय नगरपालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)।**

पत्रांक: 1030/05-कर अनु0/2026-27 दिनांक- 27-4-2026

**ठेका सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, रामनगर द्वारा अपनी सीमान्तर्गत ठेका काशीपुर रोड स्थित पार्किंग स्थल, शुल्क वसूली की निविदा आमंत्रित की जाती है, ठेके के आवंटन हेतु दिनांक 28-04-2026 से 06-05-2026 की सायं 05:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते है, जिन्हें दिनांक 07-05-2026 की सायं 05:00 बजे रजिस्टर्ड डाक/कोरियर द्वारा कार्यालय में जमा किया जा सकता है, निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदाएँ दिनांक 08-05-2026 को पूर्वाहन 12:00 बजे मा0 अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोले जायेंगे। ठेकों की शर्तो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी नगरपालिका परिषद की वेबसाइट www.nagarpalikaramnagar.in पर या नगरपालिका कार्यालय में किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0सं0 | ठेके का विवरण | निविदा शुल्क | न्यूनतम सरकारी धनराशि | ठेका अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेका काशीपुर रोड स्थित पार्किंग स्थल | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | 1,52,715+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त | दिनांक 16-05-2026 से दिनांक-31-03-2027 तक |

अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, रामनगर।
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, रामनगर।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर (ऊधमसिंहनगर)**

पत्रांक- 4201/04 - सम्पत्ति कर अनुभाग/2025-26/2025 दिनांक: 27.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर जिला उधमसिंह नगर के कर विभाग में अभिलेखों में नामान्तरण/ दाखिल खारिज हेतु आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं- सूची निम्नवत् है।

| क0सं0 | आवेदन का दिनांक | मौहल्ला/डिमाण्ड रजि0 संख्या | वर्तमान अभिलेखों में दर्ज नाम व पता | नामान्तरण होने वाले का नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 13.04.2026 | अमृतपुर पूर्वी | श्री चन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री लल्लू सिंह | श्री आशीष कुमार सिंह पुत्र स्व0 श्री चन्द्रपाल सिंह | विरासतन/मृत्यु |

जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामान्तरण / दाखिल-खारिज किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह एक माह (30 दिन) के अन्दर लिखित रूप से सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्त होने पर नामान्तरण/दाखिल-खारिज कर दिया जायेगा तथा समयावधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0प0 जसपुर

# मंगलौर पुलिस ने दबोचे तीन नशा तस्कर

## आरोपियों के कब्जे से दस लाख रुपए कीमत की 32 ग्राम अवैध स्मैक की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर/नारसन।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत मंगलौर पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 32.80 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है।



कोतवाली प्रभारी भगवान मेहर के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित की गई थीं। टीमों ने गांव और कस्बों की कच्ची सड़कों से लेकर हाईवे तक सघन चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी सईद अहमद पुत्र सुल्तान अहमद, निवासी मौहल्ला कटहेड़ा, मंगलौर को 26.28 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद स्मैक की कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई गई है। वहीं पिरान कलियर थाना क्षेत्र निवासी मुनीर पुत्र रियासत और सलमान पुत्र खुर्शीद को संयुक्त रूप से 6.52 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस बरामदगी की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये आंकी गई है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी भगवान मेहर ने बताया कि 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी सूरत में नशे का कारोबार पनपने नहीं दिया जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में मंगलौर चौकी प्रभारी नितिन बिष्ट, चौकी प्रभारी नारसन हेमदत्त भारद्वाज, अउनि श्याम बाबू, अमित शर्मा, कानि हाकम सिंह और कानि पंकज चौधरी शामिल रहे।

# घोसीपुरा में अवैध खनन के विरोध पर जमकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घोसीपुरा में अवैध खनन को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार देर रात खनन माफिया द्वारा एक ग्रामीण के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर ग्रामीण को बेरहमी से पीटा गया और उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया, ताकि घटना का कोई सबूत न रहे। पीड़ित रिसालत अली ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।ग्राम निवासी हाकम अली का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन हो रहा है और इसका विरोध करने वालों को धमकाया जा रहा है। उनका आरोप है कि पूर्व में भी मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन-रात सरकारी जमीनों पर खनन किया जा रहा है और शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने प्रशासन से अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और सुरक्षा की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गंगदासपुर गांव के जंगल में मिला अज्ञात युवक का शव, सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के गंगदासपुर गांव के जंगल में सोमवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नाले के पास मिला शव।

रायसी चौकी पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह लगभग 10 बजे ग्रामीणों ने सूचना दी कि गंगदासपुर गांव के जंगल में एक नाले के समीप करीब 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही रायसी चौकी प्रभारी अजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के मुताबिक, शव काफी खराब स्थिति में था, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि मौत कुछ समय पहले हुई होगीशिनाख्त के प्रयास जारीपुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन काफी प्रयासों के बाद भी युवक की पहचान नहीं हो पाई। मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज या सामग्री बरामद नहीं हुई जिससे उसकी पहचान सुनिश्चित की जा सकेपुलिस का बयानरायसी चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। युवक की पहचान के लिए उसकी फोटो और जानकारी आसपास के सभी थानों और सोशल मीडिया ग्रुप्स में प्रसारित कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक उस निर्जन स्थान तक कैसे पहुँचा

# आईआईटी रुड़की ने जीता ऑल सर्विस क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की के क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए श्ऑल सर्विस क्रिकेट डिपार्टमेंट टूर्नामेंटश के रोमांचक फाइनल मुकाबले में आईआईटी रुड़की की टीम ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। 12 मार्च 2026 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट का भव्य समापन 26 अप्रैल को डे-नाइट मैच के साथ हुआ।

मैच का लेखा-जोखा: सौरभ बास की शानदार बल्लेबाजी- फाइनल मुकाबला केदार-11 एडवोकेट बनाम आईआईटी रुड़की के बीच खेला गया। केदार-11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, लेकिन आईआईटी रुड़की के गेंदबाजों के सटीक अनुशासन के सामने उनकी टीम टिक नहीं सकी और पूरी टीम महज 114 रनों पर सिमट गई। वहीं आईआईटी की टीम की शुरुआत संघर्षपूर्ण रही। केदार-11 के गेंदबाजों, विशेषकर प्रदीप और सुदीप (2-2 विकेट), ने आईआईटी के बैटिंग लाइनअप को कड़ी चुनौती देते हुए 7 विकेट झटक लिए। हालांकि, एक छोर पर सौरभ बास डटे रहे। उन्होंने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 60 रन बनाए और अपनी टीम को जीत की दहलीज के पार ले गए। मैन ऑफ द मैच सौरभ बास (शानदार 60 रन) एवं मैन ऑफ द सीरीज शिवम सैनी रहे। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इवेंट मैनेजर हरेंद्र आर्य ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से चल रहे इस आयोजन ने विभाग के खिलाड़ियों को एक बेहतरीन मंच प्रदान किया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिन गुप्ता, चेरब जैन, अशोक चौहान, अनुराग राठी और सरिता शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता निशानेबाज अनित चौधरी, इंद्रपाल बेदी, शील चंद सैनी, मनोज देशवाल और अमित धीमान ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिन शर्मा, मनोज शर्मा, अजय सकलानी, बैजराम, पल्लवी, मेघा, प्राची सेठी, विवेक मांगलिक, सुमित शर्मा, अंकित सिंह, मोहित लाल, अभिनव देशवाल और शौर्य सैनी का विशेष सहयोग रहा




# युवक से ऑनलाइन लाखों की धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला लक्सर कस्बे के केशव नगर मोहल्ले का है, जहाँ एक युवक ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गया। पीड़ित के खाते से शातिरों ने जाल बिछाकर करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक की रकम उड़ा ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्या है पूरा मामला-केशव नगर मोहल्ला निवासी कुलदीप कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात ऑनलाइन लिंक आया था। जैसे ही उन्होंने उस लिंक को क्लिक किया, उनके बैंक खाते से किस्तों में कुल 1,54,500 रुपये की राशि कट गई। कुलदीप का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपनी पहचान छुपाकर और झूठे नाम का सहारा लेकर उनके साथ छल-कपट किया और उनकी मेहनत की कमाई हड़प ली। खाते से बड़ी रकम कटने का मैसेज मिलते ही पीड़ित के होश उड़ गए, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस की शरण ली। लक्सर कोतवाली के एसएस आई नितिन चौहान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी और संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने कहा ऑनलाइन धोखाधड़ी के इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है और बैंक ट्रांजेक्शन की डिटेल खंगाली जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, लॉटरी या संदिग्ध मैसेज पर क्लिक न करें।

## बारात में विवाद के बाद गांव में पथराव

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा भनेड़ा से कलियर गई एक बरात में शुरू हुआ मामूली विवाद गांव लौटते ही खूनी संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच जमकर चले ईंट-पत्थरों से गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। वहीं दूसरी ओर मंगलौर के मोहल्ला मलकपुरा में हुई कहासुनी के बाद हुए पथराव की घटना में इरफान और साजिद निवासी मलकपुरा घायल है। मंगलौर के टांडा भनेड़ा गांव से एक बरात पिरान कलियर गई थी। वहां शादी की रस्मों के दौरान किसी पर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और नौबत हाथापाई तक आ गई। हालांकि उस समय मौजूद जिम्मेदार लोगों और बरातियों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करा दिया था। बताया जा रहा है कि जैसे ही बरात वापस गांव पहुंची कलियर में हुई तनातनी की कसक फिर से उभर आई। दोनों पक्ष एक बार फिर आमने-सामने आ गए। गाली-गलौज से शुरू हुआ मामला देखते ही देखते पथराव में बदल गया। सड़क पर ईंट-पत्थर चलने से गांव में अफरातफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। विवाद की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भारी बल के साथ टांडा भनेड़ा पहुंचा। पुलिस को देखते ही पथराव करने वाले उपद्रवी मौके से फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर झगड़ा करने वालों को तलाश रही है। इंस्पेक्टर भगवान सिंह मेहर ने बताया कि अरसलान निवासी भनेड़ा व नदीम निवासी टांडा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## अभ्यस्त अपराधियों पर सिविल लाइन पुलिस का शिकंजा

# गोकशी व पशुक्रूरता में शामिल 3 गैंगस्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसएसपी के सख्त रुख के बाद जनपद पुलिस ने ऐसे आदतन अपराधियों की लम्बी लिस्ट तैयार, सभी पर लगातार कड़ी कार्रवाही कर रही है। सिविल लाइन पुलिस ने गोकशी व क्रूरता में शामिल तीन गैंगस्टर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर जनपद में समाज विरोधी, पेशेवर व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की प्रदीप विष्ट के नेतृत्व में गिरोह बनाकर गोकशी/पशु क्रूरता जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले 05 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। मु0अ0सं0 160/2026 व 161/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत। दिनांक 27.04.2026 को 03 अभियुक्तों को उनके ठिकानों से हिरासत में लिया गया। सभी के विरुध्द अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। नाम पता गैंगस्टर-नौशाद पुत्र बांदा, निवासी जौरासी जबरदस्तपुर, रुड़की, प्रवेज पुत्र महमूद, निवासी इमली रोड, रुड़की, साहिल पुत्र शमीम, निवासी धोबी वाली गली, इमली रोड, रुड़की है।



## बाइक सहित चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने एक वाहन चोर को दबोच कर उसकी निशानी पर एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है पूछताछ में बताया गया है कि वह अपने शोक पूरा करने के लिए वाहन चोरी की घटनाओं का अंजाम देता था।

जानकारी के अनुसार वादी शाहिद परवेज पुत्र स्व. शमशाद अली निवासी मौहल्ला सत्ती, साबरी मस्जिद के पास, रुड़की द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर उनकी स्प्लेंडर प्लस (सिल्वर रंग) चोरी होने पर कोतवाली रुड़की में मु0अ0सं0 163/26 धारा 303(2) ठछै के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप विष्ट के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दिनांक 27.04.2026 को वर्ल्ड बैंक कॉलोनी के दूसरे गेट के पास झाड़ियों से आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित हिरासत में लिया। अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता आरोपित-मोईन उर्फ मोनू पुत्र मशरूर निवासी छप्पर वाली मस्जिद के पास, इमली रोड, कोतवाली रुड़की, हरिद्वार (उम्र: 24 वर्ष) है। उसको पकडने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 सुभाष चन्द, चौकी प्रभारी सोत बी, कांस्टेबल सुरेश तोमर, कांस्टेबल इतेन्द्र ध्यानी आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम कुछ दस्तावेजों में भोला व जन्मतिथि 11-05-2006 दर्ज हो गई थी जो गलत है मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 01-01-2009 व मेरे पुत्र का सही नाम सुशांत सिंह कर्णवाल है। मेरे पुत्र को सुशांत सिंह कर्णवाल नाम से ही जाना पहचाना पढ़ा लिखा व दर्ज किया जाए। श्रीमती बबली पत्नी नेतराम उर्फ संदीप नि. ग्राम हिरणा खेड़ी ग्राम पंचायत बुक्कनपुर ब्लॉक व तहसील लक्सर हरिद्वार।

# चोरों ने लाखों के जेवर व नकदी पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव में शनिवार रात एक घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। विरोध करने पर गृहस्वामी के साथ मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गए। ग्राम लाठरदेवा हुण निवासी जोगेन्द्र ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 25 अप्रैल को अपने परिवार के साथ साले की शादी में गए थे। रात करीब 10:45 बजे जब वह घर लौटे और मुख्य द्वार खोला, तो उन्हें अंदर से कुछ आवाजें सुनाई दीं। जोगेन्द्र के हल्ला करने पर घर के अंदर से दो युवक भागने की कोशिश करने लगे। भागने की कोशिश कर रहे बदमाशों में से एक तो दीवार फांदकर फरार हो गया, लेकिन जोगेन्द्र ने दूसरे को दबोच लिया। जोगेन्द्र और आरोपित के बीच काफी देर तक हाथापाई हुई। पीड़ित ने आरोपित की पहचान गांव के ही रोशन उर्फ छोटन के रूप में की है। शोर मचने पर आरोपित जोगेन्द्र को धक्का देकर मौके से फरार हो गया, जिससे उन्हें काफी चोटें आईं। शोर सुनकर पड़ोसी अक्षय कुमार मौके पर पहुंचे और घायल जोगेन्द्र को थाने लेकर पहुंचे। चोरों ने सोने के दो जोड़ी कान के सेट, एक गले का सेट,चांदी के दो हाथों के पचांगले,नकदी 60 हजार रुपए एक इनवर्टर-बैटरा और एक मोबाइल फोन पर हाथ साफ किया। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि मामले में जोगेन्द्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

# शोभायात्रा के दौरान मारपीट मामले में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के टिक्कमपुर गांव में अंबेडकर जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस ने एक युवक और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट और हुड़दंग करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैक्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार टिक्कमपुर निवासी विनोद पुत्र नरेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 14 अप्रैल को गांव में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शोभायात्रा निकाली जा रही थी। गांव में उल्लास का माहौल था लेकिन तभी गांव के ही एक युवक अयन पुत्र हरपाल ने अपने कुछ अज्ञात दोस्तों के साथ मिलकर रास्ते में विनोद के भाई प्रवीण को घेर लियाआरोप है कि बिना किसी उकसावे के अयन और उसके साथियों ने प्रवीण के साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव के लिए जब लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर तत्काल प्रभाव से मामला दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली के एसएसआई नितिन चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल, गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है और पुलिस घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

# 53 पाउच अवैध देशी शराब सहित एक तस्कर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने 53 पूछअवैध शराब के साथ एक शराब तस्कर को दबोच कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार जनपद में अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा थाना क्षेत्र में नशा माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हेतु टीम गठित की गई। दिनांक 26-04-2026 को पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए एक तस्कर को मोहनपुरा फ्लाईओवर के नीचे रेलवे पटरी के पास से हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरुध्द मु.अ.स.-162/2026 अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। नाम पता आरोपित-गोपाल पुत्र स्व० लाला निवासी: डबल फाटक, मोहनपुरा, कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार है।

# लक्सर क्षेत्र में सरकारी चिकित्सक की कार पर फायरिंग, बाल-बाल बची जान

## परिवार दहशत में, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश की शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के बाडीटाप गांव में एक सरकारी चिकित्सक की कार पर बदमाशों ने फायरिंग की गयी जिसमें चिकित्सक व उसका परिवार बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की धरपकड के लिए प्रयास शुरू कर दिये हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार को शाहपुर-भोगपुर मार्ग पर काटद्वार में तैनात सरकारी चिकित्सक अपने गांव दाबकी से परिवार के साथ जा रहा था जब उसकी बार बाड़ीटीप गांव के पास बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने कार को निशाना बनाते हुए कई राउंड फायरिंग कर दी। जिसमें कार सवार चिकित्सक व उसका परिवार घबरा गये तुरंत ही आवाज सुनकर आसपास के लोग दौडे तो बदमाश मौके से फरार हो गये। बताया गया कि चिकत्सक सुमित चौधरी कार में उनके साथ पूर्व ग्राम प्रधान भंवर सिंह, शीला देवी और साला सुमित पवार भी मौजूद थे। दोपहर के समय जब वे वापस भिक्कमपुर लौट रहे थे, तभी बाड़ीटीप गांव के पास एक सिल्वर रंग की स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने उनकी कार का पीछा करना शुरू कर दिया। खिड़की में जा धंसी गोली-डॉ. सुमित ने बताया कि बदमाशों ने कार के बराबर बाइक लगाकर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने कुल चार राउंड गोलियां चलाईं। इनमें से एक गोली कार की पिछली खिड़की के शीशे को चीरते हुए अंदर जा धंसी। गनीमत रही कि गोली किसी सवारी को नहीं लगी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर हवा में हथियार लहराते हुए फरार हो गए। लक्सर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक नितिन चौहान ने बताया दाबकी निवासी डॉ. सुमित चौधरी की तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।



# भीषण गर्मी में भी गैस एजेंसी के बाहर लग रही लोगों की लंबी कतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** भीषण गर्मी के चलते भी सोमवार को दोपहर तक कस्बा स्थित इंडेन गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की लाइन लगी रही। सुबह 9:00 बजे गैस एजेंसी कर्मचारियों द्वारा कार्यालय खोलने के बाद उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेने के लिए गैस एजेंसी के बाहर दोपहर तक गर्मी में धूप में खड़े होना पड़ा। दोपहर 12:00 बजे बाद ही लोगों को राहत मिल पाई। कस्बा झबरेड़ा व ग्रामीण क्षेत्र में एक ही गैस एजेंसी कस्बे में है। इसी एक गैस एजेंसी पर पूरा कस्बा सहित ग्राम कोटवाल आलमपुर ग्राम भक्तों वाली ग्राम सुल्तानपुर ग्राम कुशालीपुर ग्राम शेरपुर खेल मऊ ग्राम सदोली ग्राम खरकड़ी ग्राम साबतवाली आदि कई गांव के लगभग 50000 की जनसंख्या इसी गैस एजेंसी पर निर्भर है। सरकार द्वारा गैस सिलेंडर लेने के लिए 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए 45 दिन का समय मिलने का नियम निरधारित करने से कुछ लोगों के सामने जिनके परिवार बड़े हैं परेशानी खड़ी हो गई है। 25 दिन व 45 दिन में गैस सिलेंडर मिलने का नियम लागू होते ही उपभोक्ताओं परेशान है। सोमवार सुबह से ही गैस एजेंसी के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। इस भीषण गर्मी में भी लोग कई कई घंटे तक गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन मैं लगे हुए हैं लेकिन सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। आवाम बेहद परेशान है।



**भगवानपुर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**आशू मलिक** (संवाददाता भगवानपुर)
**कार्यालय :** जिला पंचायत मार्किट भगवानपुर,
मोबाइल नं0 9761496669

# सम्पादकीय


मंगलवार, 28 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## थम गया चुनाव प्रचार

29 अप्रैल को होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा के दूसरे चरण के मतदान का चुनाव प्रचार 27 अप्रैल को थम गया। दूसरे चरण में 142 विधानसभा सदस्यीय सीटों पर चुनाव होना है। 152 पर 23 अप्रैल को पहले ही हो चुका है। चुनाव यूं तो लो. कतंत्र में एक सामान्य प्रक्रिया है और पूरे देश में चुनाव होते हैं। अभी भी पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, लेकिन पश्चिमी बंगाल को लेकर जिस तरह का चुनाव प्रचार देखने में आया, ऐसा बेहद कम ही देखने में आता है। प्रधानमंत्री मोदी सहित तमाम नेता व भाजपा पश्चिम बंगाल में लंबे समय से डेरा जमाए रहे। आरएसएस व अन्य सहयोगी संगठन भाजपा को पूरा बैकअप दे रहे हैं। जाहिर है चुनाव की गर्मी के साथ–साथ बेचैनी का माहौल भी बनता है। यूं भी पश्चिम बंगाल का चुनाव अपनी हिंसक घटनाओं के लिए भी जाना जाता है। भले ही पहले चरण का मतदान शांतिपूर्वक बताया जा रहा हो, लेकिन तब भी कई स्थानों से मारपीट व हिंसा की खबरें आई थी। यह अलग बात है कि कोई बड़ा कांड सामने नहीं आया और इसलिए चुनाव आयोग ने भी राहत की सांस ली, लेकिन 29 तारीख को होने वाले चुनाव से पूर्व जिस तरह 27 अप्रैल को गोहाटी में टीएमसी की सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ, हमले के समय वह गो घाट से आराम बाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शॉ में शामिल हो रही थीं। हमले में कार के शीशे फूट गए, उनको व उनके ड्राइवर को चोटें आईं। जहां दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जहां भवानीपुर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपना रोड शॉ किया, तो वहीं पीएम मोदी ने बंगाल की जनता को एक ओपन लेटर लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि बंगाल में रैलियों और रोड शॉ के दौरान उन्हें ऐसा लगा कि जैसे वह किसी तीर्थ यात्रा पर हों। भीषण गर्मी के बावजूद थकान महसूस नहीं हुई और मां काली के भक्तों तथा लोगों के आशीर्वाद से ऊर्जा मिलती रही। इससे पता चलता है कि भाजपा अपने हिन्दुत्व को लेकर ही आगे बढ़ना चाहती है और इसी के सहारे अपनी चुनावी नैया पार लगाने का प्रयास कर रही है। जीत किसकी होगी, इसका पता तो उस समय ही लगेगा जब 4 मई को चुनाव परिणाम सामने आएंगे, लेकिन चुनाव प्रचार के समय जिस तरह जनता से जुड़े मुद्दे गौण दिखाई दिए और उनकी जगह तू–तू मैं–मैं ने ले ली, जिनमें घुसपैठियों ने बड़ी भूमिका निभाई। उससे पता चलता है कि भारतीय राजनीति में गंभीरता की कमी होती जा रही है और बुनियादी मुद्दे हाशिए पर रखे जा रहे हैं। चुनाव प्रचार के समय जो सबसे ज्यादा खराब बात देखने में आई वह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता पर तमाम विरोधी दलों के हमले हैं। जिसमें वह कहते रहे हैं कि चुनाव आयोग पक्षपात कर रहा है और भाजपा से मिलकर वोट काटने का काम कर रहा है। चुनाव आयोग हालांकि इस बात से इन्कार करता है, लेकिन साथ में यह भी कहना पड़ेगा कि उसकी ओर से ऐसा उत्तर नहीं आता जिसको संतोषजनक कहा जा सके।

## इजरायल पर रुख को लेकर भारत अकेला



भारत असामान्य रूप से इजरायल के पक्ष में खड़ा है और ब्रिक्स देशों की बैठक में उसके रुख का अन्य सदस्यों ने समर्थन नहीं किया, ब्रिक्स देशों के उप विदेश मंत्रियों और विशेष दूतों की बैठक आयोजित हुई, जो बिना किसी संयुक्त वक्तव्य के समाप्त हुई, इजरायल –फलस्तीन मुद्दे पर भाषा को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद सामने आए और भारत द्वारा भाषा को नरम करने के आग्रह को अन्य देशों ने स्वीकार नहीं किया, रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, यूएई और ईरान के प्रतिनिधियों ने भारत के रुख का समर्थन नहीं किया, यह देश के हितों को प्रभावित करने वाली नीति है, भारत दुनिया का एकमात्र प्रमुख देश बन गया है, जो गाजा, दक्षिण लेबनान और वेस्ट बैंक में जारी घटनाओं के बावजूद इजरायल के प्रति समर्थन बनाए हुए है, जिससे संतुलित विदेश नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। **–जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# भारतीय राजनीति के जय चंद और मीर जाफर



**तनवीर जाफरी**

सिद्धांत व विचारविहीन राजनीति करते हुए अपनी सुविधा, लाभ व राजनैतिक भविष्य के मद्देनजर दल बदल करना हमारे देश में एक हकीकत बन चुकी है। सच पूछिए तो वर्तमान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की पूरी सत्ता इस समय दल बदलुओं के भरोसे ही चल रही है। इस समय केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद विधायक जैसे तमाम पदों पर कल के कांग्रेसी आज के भाजपाई बने देखे जा सकते हैं। इनमें कई तो लंबे समय तक विपक्ष की भूमिका में न रह पाने और संघर्ष व विपक्ष की राजनीति में सक्षम न हो पाने के कारण किसी न किसी बहाने से भाजपा में शामिल हुए। तो कई भ्रष्ट लोग जेल जाने या कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए श्राजनैतिक धर्म परिवर्तन श करने को मजबूर हुए। कुछ नेता डर,लालच या भयवश इधर से उधर करने को बाध्य हुए तो दल बदल के लिए उतावले कई नेता पार्टी में अपनी उपेक्षा का बहाना बनाकर चलते बने। यह और बात है कि ऐसे अनेक लोग दल बदल कर जहां गए वहां भी वे देखते देखते लापता हो गए।

पिछले दिनों आम आदमी पार्टी को भी उस समय एक बार फिर जबरदस्त झटका लगा जबकि उसके राज्य सभा के दस में से सात सांसदों ने दल बदल कर भाजपा में शरण ले ली। ए सभी सात सांसद पंजाब राज्य से निर्वाचित होकर आए थे। गौरतलब है कि इस समय आम आदमी पार्टी केवल पंजाब में ही सत्ता में है। और इसी राज्य के 7 राज्य सभा सांसदों के पार्टी बदलने के बाद अब कई विधायकों के भी दल बदल की संभावना जताई जा रही है। इस दल बदल के मुख्य सूत्रधार के रूप में राघव चड्ढा को देखा जा रहा है। राघव चड्ढा वही हैं जो कई बार यह कह चुके हैं कि भाजपा अनपढ़ व गुंडों की पार्टी है। यह गुंडों को संरक्षण देने वाली पार्टी है। राघव चड्ढा पिछले दिनों राज्यसभा में उठाए गए कई जनहितकारी मुद्दों को लेकर जनता में काफी लोकप्रिय हो गए थे। उन्होंने संसद में गिग वर्कर्स की सुरक्षा, एयरपोर्ट पर आम लोगों को मिलने वाला महंगा खाना, गरीब आदमी का मिनिमम बैलेंस कम होने पर उसपर लगने वाली बैंक पैनल्टी, पैटरनिटी लीव, स्वास्थ्य सेवा, इनकम टैक्स जैसे अनेक मुद्दे उठाए थे। तथा इन मुद्दों पर सरकार से एक्शन लेने की मांग भी की थी। इन दलबदल करने वालों में एक राज्यसभा सांसद का नामअशोक मित्तल है। ए उस लवली ग्रुप के मालिक हैं जिसका वार्षिक टर्नओवर रु. 850 करोड़ का बताया जा रहा है। मित्तल, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, लवली ऑटोज, लवली स्वीट्स जैसे संस्थानों के स्वामी



**जनता इस बार के दलबदलुओं की तुलना इतिहास के गद्दार जय चंद व मीर जाफर से कर रही है। यह सरासर पंजाब के उनलोगों से धोखा व गद्दारी है जिन्होंने इन दलबदलुओं को मान सम्मान देकर राज्य सभा में भेजा। पहले भी विभिन्न राज्यों में राजनैतिक तोड़फोड़ कर सत्ता परिवर्तन करने वाली भाजपा पंजाब में भी निर्वाचित सरकार को गिराने या अस्थिर करने के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ भी यही खेल, खेल सकती है।**

हैं। अभी कुछ दिन पहले ही मित्तल के लगभग सभी ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ED की छापेमारी भी हुई थी। और आखिरकार इन्होंने भी भाजपा की शरण में जाकर अपने व्यवसायिक साम्राज्य की रक्षा करने में ही अपनी भलाई समझी। बहरहाल जितने भी चेहरे आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में गए हैं उनमें से किसी का भी कोई पूर्व राजनैतिक अनुभव नहीं है। हरभजन सिंह क्रिकेटर को छोड़ जिसने भी अपनी पहचान बनाई है वह केजरीवाल व आप पार्टी के साथ काम कर ही बनाई है। हालांकि केजरीवाल व आप का साथ छोड़कर जाने वाले नेताओं की फेहरिस्त भी बहुत लंबी है। यह भी सच है कि केजरीवाल के आचरण व स्वभाव में जरूर कुछ न कुछ कमी है जिसके चलते प्रशांत भूषण व योगेंद्र यादव जैसे अनेक बुद्धिजीवी व सुलझे हुए लोग भी केजरीवाल को छोड़कर चले गए। परन्तु इस ताजातरीन दलबदल के बाद जनता की राय बिल्कुल विपरीत है। जनता इस बार के दलब. दलुओं की तुलना इतिहास के गद्दार जय चंद व मीर जाफर से कर रही है। यह सरासर पंजाब के उनलोगों से धोखा व गद्दारी है जिन्होंने इन दलब. दलुओं को मान सम्मान देकर राज्य सभा में भेजा। ऐसा माना जा रहा है कि पहले भी विभिन्न राज्यों में राजनैतिक तोड़फोड़ कर सत्ता परिवर्तन करने वाली भाजपा पंजाब में भी निर्वाचित सरकार को गिराने या अस्थिर करने के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ भी यही घिनौना खेल, खेल सकती है परन्तु भाजपा व इनके पाले में गए अवसरवादी दलबद्लुओं को इसबार यह खेल मंहगा पड़ सकता है, क्योंकि इस दल बदल से आम जनता में भारी रोष है। कई किसान नेता भी खुलकर इन अवसरवादियों के विरुद्ध मैदान में आ गए हैं। जिससे ऐसा लगता है कि इन लोगों का भविष्य में जनता के बीच जाना आसान नहीं होगा। इस बात की भी उम्मीद की जा रही है कि भाजपा ने अगले वर्ष राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले जिन उम्मीदों से ऑपरेशन लोटस चलाया था उन उम्मीदों पर भी पानी फिरने वाला है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि यदि इस राजनैतिक घटनाक्रम से आम आदमी पार्टी को नुक्सान हुआ भी तो भी भाजपा को कोई फायदा नहीं मिलने वाला। बजाए इसके कांग्रेस जरूर राज्य में अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है। उधर कानूनी जानकारों का भी कहना है कि यह सातों सांसद भले ही दो तिहाई सदस्यों के पार्टी छोड़ने को दल बदल कानून के दायरे से बाहर बता रहे हों परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि सांसदों से पहले यदि आम आदमी पार्टी के सदस्यों द्वारा बाकायदा दो तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर पार्टी छोड़ने की घोषणा की गई होती उसके बाद ही सांसदों का दो तिहाई दल बदल कानूनी रूप से सही माना जाता। परन्तु चूंकि पार्टी की तरफ से ऐसा कुछ भी नहीं है इसलिए इन सभी का दलबदल पूरी तरह गैरकानूनी है। लिहाजा यदि राज्य सभा के सभापति से लेकर अदालत तक ने समय रहते ईमानदारी से फैसला किया तो इन सभी दलबदलुओं की राज्य सभा सदस्यता जा सकती है। बहरहाल यह महाराष्ट्र नहीं जहां भाजपा ने शिवसेना में विभाजन कराकर सत्ता हथियाने का चक्रव्यूह रचा था। बल्कि यह वह पंजाब है जिसने किसान आंदोलन में इसी सरकार को नाकों चने चबाने और विवादित कृषि कानून वापस लेने पर मजबूर कर दिया था। पंजाब में ही कांग्रेस व अकाली दल छोड़कर अपने उज्जवल राजनैतिक कैरियर की तलाश में भाजपा में शामिल अनेक प्रमुख नेताओं का आज कोई अता पता ही नहीं है। भारतीय राजनीति के इन जय चंदों और और मीर जाफरों को भी न तो पंजाब की जनता बख्शने वाली है न ही भाजपा में इन्हें वह मान सम्मान व अवसर मिलने वाला है जो इन्हें आम आदमी पार्टी में हासिल था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# बिना गुरु का शिष्य : रामानुजन की सूत्रों वाली आध्यात्मिक क्रांति

**उनकी नोटबुक्स और शोध समय के साथ और अधिक अमूल्य बनते गए, और यह सत्य स्थापित हुआ कि सच्ची प्रतिभा कभी समाप्त नहीं होती, वह समय के प्रवाह में और भी अधिक तेजस्वी होकर उभरती है। आज रामानुजन का नाम केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रेरणा के एक अनंत प्रवाह के रूप में जीवित है। उनका जीवन यह स्पष्ट संदेश देता है कि प्रतिभा किसी सुविधा या संसाधन की मो. हताज नहीं होती, बल्कि वह गहरे समर्पण, अटूट विश्वास और निरंतर साधना से जन्म लेती है। भारत सरकार द्वारा उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाना तथा उनकी विरासत को सम्मान देना इस तथ्य का सशक्त प्रमाण है कि उनका योगदान केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य धरोहर है।**

काल के पन्नों में 26 अप्रैल 1920 वह दिन बनकर दर्ज हुआ, जब गणित की दुनिया ने अपना सबसे उज्ज्वल नक्षत्र खो दिया। उस क्षण गणित के आकाश से एक ऐसा सूर्य अस्त हुआ, जिसकी प्रकाश–रेखाएं आज भी विच. ारों को दिशा देती हैं। निवास रामानुजन का भौतिक अंत भले हो गया, पर उनकी चेतना आज भी हर संख्या, हर सूत्र और हर रहस्यमई समीकरण में स्पंदित होती है। वे केवल गणितज्ञ नहीं थे, बल्कि संख्याओं के ऐसे साधक थे जिन्होंने गणित को तर्क की सीमाओं से उठाकर एक आध्यात्मिक अनुभव में बदल दिया। उनकी पुण्यतिथि शोक नहीं, बल्कि उस विलक्षण प्रतिभा का उत्सव है जिसने मानव बुद्धि की सीमाओं को खुलकर चुनौती दी। तमिलनाडु के इरोड में 22 दिसंबर 1887 को जन्मा एक बालक आगे चलकर गणित के इतिहास में असाधारण अध्याय बन गया। निवास रामानुजन का जीवन प्रारंभ से ही अभावों और संघर्षों की कठोर परीक्षा से गुजरता रहा। आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी और सीमित औपचारिक शिक्षा उनके रास्ते में लगातार दीवार बनकर खड़ी रहीं, लेकिन उनकी प्रतिभा किसी भी सीमा में बंध नहीं सकी। किशोरावस्था में जब उनके हाथ गणित की एक दुर्लभ पुस्तक लगी, तो जैसे उनके भीतर छिपा ब्रह्मांड जाग उठा। बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के ही उन्होंने गणित की गहराइयों में उतरकर ऐसे सूत्र और सिद्धांत रचे, जिनकी कल्पना उस समय के विद्वान भी नहीं कर सकते थे। रामानुजन के चिंतन में गणित मात्र अंकों और समीकरणों की गणना नहीं था, बल्कि एक गहन, लगभग दैवीय अनुभव था। वे .ढ़ता से मानते थे कि उनके मन में उभरने वाले सूत्र किसी अ.श्य शक्ति की प्रेरणा से आते हैं। अपनी कुलदेवी नमगिरी में अटूट आस्था के कारण वे हर नई गणितीय खोज को ईश्वर का संकेत समझते थे। इसी आध्यात्मिक दृष्टि ने उनकी रचनाओं को एक रहस्यमय सौंदर्य प्रदान किया। अनंत श्रेणियां, जटिल भिन्नराशियां और विभाजन सिद्धांत जैसे उनके कार्य केवल गणितीय निष्कर्ष नहीं, बल्कि मानो ब्रह्मांडीय संगीत के स्वर हों, जिनमें हर लय के भीतर गहरी और शाश्वत सच्चाई छिपी हुई प्रतीत होती है। 1913 गणित के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ बन गया, जब निवास रामानुजन ने जी.एच. हार्डी को अपने सूत्रों से भरा पत्र भेजा। उन सूत्रों ने समूची गणितीय दुनिया को हिला दिया। हार्डी ने स्वयं स्वीकार किया कि ऐसे मौलिक और गहन विचार उन्होंने पहले कभी नहीं देखे थे। यह किसी सामान्य परिचय का नहीं, बल्कि एक स्वशिक्षित भारतीय युवक की अद्भुत प्रतिभा का विस्फोट था, जिसने कैम्ब्रिज में अपनी सशक्त पहचान बनाई। आगे चलकर हार्डी–रामानुजन की जोड़ी ने गणित को नई दिशा दी और संख्या सिद्धांत सहित अनेक जटिल समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। कैम्ब्रिज की विद्वतापूर्ण दीवारों के बीच भी रामानुजन का अंतर्मन निरंतर गणित की अनंत गहराइयों में विचरण करता रहा। उनकी प्रसिद्ध नोटबुक्स में ऐसे हजारों सूत्र संकलित हैं, जो आज भी आधुनिक गणित के लिए एक अबूझ रहस्य बने हुए हैं। उनकी खोजें केवल अपने युग की सीमा में कैद नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने भविष्य की पीढ़ियों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोल दिए। विशेष रूप से उनके द्वारा विकसित मॉक थीटा फलन और विभाजन सिद्धांत आज भी क्वांटम भौतिकी, क्रिप्टोग्राफी और स्ट्रिंग थ्योरी जैसे अत्याधुनिक वैज्ञानिक क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, मानो रामानुजन का चिंतन समय की सीमाओं को भी पार कर चुका हो। रामानुजन की विलक्षणता का सबसे आश्चर्यजनक पक्ष यह था कि वे जटिल से जटिल गणितीय समस्याओं का समाधान बिना लंबे प्रमाणों के अपने सहज अंतर्ज्ञ्थ्ान से ही खोज लेते थे। यही अद्भुत क्षमता उन्हें अपने समकालीन गणितज्ञों से स्पष्ट रूप से अलग करती थी। उनकी गणनाएं केवल तर्क और नियमों पर आधारित नहीं थीं, बल्कि उनमें एक ऐसी गहरी अंतर्दृष्टि समाहित थी, जो मानो सीधे ब्रह्मांड के रहस्यमय सत्य से जुड़ी हो। इसी कारण जी।एच। हार्डी ने उन्हें गणित का ऋषि कहा था एक ऐसा संबोधन जो आज भी उनकी असाधारण प्रतिभा और आध्यात्मिक गहराई को पूर्णतः अभिव्यक्त करता है। जीवन की अंतिम पगडंडी पर रामानुजन ने अत्यंत कठिन संघर्षों का सामना किया। इंग्लैंड की कठोर जलवायु और लगातार बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं ने उनके शरीर को धीरे–धीरे दुर्बल कर दिया। अंततः वे भारत लौटे, परंतु बीमारी ने उन्हें लगातार घेर रखा। मात्र 32 वर्ष की अल्पायु में उनका देहावसान हो गया। **–कृति आरके जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है मप्र का धार





**प्रो. आर.के. जैन**

मप्र के धार की पहचान अब केवल उसके प्राचीन वैभव से नहीं, बल्कि एक नए साहसिक संकल्प से जुड़ने जा रही है। 22 अप्रैल 2026 की घोषणा ने इस शांत, ऐतिहा. सिक नगर को अचानक राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दियाकृजब इसे 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट 2026' के लिए चुना गया। देश के 10 चुनिंदा शहरों में स्थान पाना और मध्य प्रदेश से अकेले प्रतिनिधि के रूप में उभरना इस बात का संकेत है कि धार अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है। घ10 करोड़ का आवंटन और पांच वर्षों की समयसीमा केवल प्रशासनिक आंकड़े नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव हैं। प्राचीन मालवा की राजधानी अब महिलाओं की सुरक्षा के आधुनिक प्रतीक की ओर बढ़ रही है एक ऐसा रूपांतरण, जो शहर का चेहरा ही नहीं, उसकी सोच भी बदल सकता है। यह योजना सिर्फ सुरक्षा के इंतजाम खड़े करने की नहीं, बल्कि हर महिला के भीतर भरोसे का अहसास जगाने की पहल है। इसके तहत संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, बेहतर स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग और सशक्त निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा। महिला हेल्प डेस्क, त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन इस ढांचे को और प्रभावी बनाएंगे। 'पिंक टॉयलेट्स' जैसी सुविधाएं स्पष्ट करती हैं कि लक्ष्य केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि सम्मान और सुविधा भी है। निर्भया फंड से जुड़ी इस पहल को धार लोकसभा क्षेत्र की सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के सक्रिय प्रयासों से गति मिली, जबकि जिला प्रशासन ने चरणबद्ध योजना में हाई–रिस्क क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर इसे जमीनी जरूरतों से जोड़ दिया है। धार की मौजूदा तस्वीर ही इस पहल की अपरिहार्यता को रेखांकित करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन का संगम जहां इसकी पहचान है, वहीं यही मिश्रण सुरक्षा की चुनौतियों को और पेचीदा बना देता है। अंधेरी गलियां, कमजोर रोशनी वाले बाजार और सूने सार्वजनिक स्थल यह परिस्थितियां महिलाओं के लिए असहजता और असुरक्षा का माहौल गढ़ती हैं। कामकाजी महिलाएं, छात्राएं और पर्यटक अक्सर भय के साए में गुजरते हैं। ऐसे में यह परियोजना केवल ढांचे का सुधार नहीं, बल्कि भरोसे को फिर से मजबूत करने का प्रयास है। स्थानीय महिलाओं की आवाज इसे दिशा देती है अब हमारी बेटियां बिना डरे बाहर निकल सकेंगी। यह सिर्फ उम्मीद नहीं, बल्कि लौटते सामाजिक आत्मविश्वास का सशक्त संकेत है। यह पहल बदलाव का निर्णायक मोड़ बन सकती है, जिसका असर शहर के हर कोने में दिखेगा। महिलाओं की बढ़ती सुरक्षा के साथ उनकी भागीदारी शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में तेजी से बढ़ेगी। बाजार देर तक जीवंत रहेंगे, छोटे कारोबारों को संबल मिलेगा और निवेश का भरोसा मजबूत होगा। पर्यटन को भी नई रफ्तार मिलेगी, क्योंकि धार के ऐतिहासिक स्थल अब अधिक सुरक्षित और आकर्षक बनेंगे। इससे स्थानीय गाइड, हस्तशिल्प विक्रेता, होटल व्यवसाई और परिवहन सेवाएं सीधे लाभान्वित होंगी, और शहर की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आएगी। मध्य प्रदेश सरकार इसे एक मॉडल मान रही है, जो इंदौर, भोपाल सहित अन्य शहरों के लिए भी मार्गदर्शक बन सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर यह पहल इस धारणा को तोड़ती है कि 'सेफ सिटी' केवल महानगरों तक सीमित है। इस चमकती तस्वीर के पीछे कुछ सख्त सच भी छिपे हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। 2012–16 के दौरान मध्य प्रदेश के चार शहरों में लागू 'सेफ सिटी इनिशिएटिव' की रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि केवल बुनियादी ढांचे के सुधार से अपराध में अपेक्षित कमी नहीं आई। सामाजिक मान्यताओं और व्यवहार में बदलाव की कमी ने इसकी प्रभावशीलता सीमित कर दी। यही अनुभव इस नई परियोजना के लिए एक अहम चेतावनी है। कैमरे और रोशनी सुरक्षा के साधन हैं, समाधान नहीं असल परिवर्तन समाज की सोच में आता है। इसलिए व्यवहार परिवर्तन, लैंगिक संवेदनशीलता और जन–जागरूकता अभियानों को अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा, ताकि सुरक्षा दिखावे से आगे बढ़कर जीवन की स्वाभाविक सच्चाई बन सके। जमीन पर उतरते ही असली परीक्षा शुरू होती है, और यहीं चुनौतियां सामने आती हैं। रु. 10 करोड़ का फंड तभी असर दिखाएगा, जब उसका पारदर्शी और सुविचारित उपयोग हो। तकनीकी उपकरणों का नियमित रखरखाव, कर्मचारियों का समुचित प्रशिक्षण और निगरानी तंत्र की सतत सक्रियताकृयही इसकी सफलता की धुरी हैं। सीसीटीवी के विस्तार के साथ गोपनीयता का सवाल भी उठेगा, जिसे संतुलित और संवेदनशील तरीके से संभालना होगा। साथ ही डिजिटल साक्षरता और तकनीकी जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, ताकि नागरिक इस व्यवस्था से जुड़ सकें और उसका सही उपयोग करें। पांच वर्षों के बाद इसकी निरंतरता बनाए रखना भी चुनौती होगी, क्योंकि योजनाएं तभी सफल मानी जाती हैं जब वे समय के साथ जीवित और प्रासंगिक बनी रहें। फिर भी, यह पहल एक साझा जिम्मेदारी का दुर्लभ अवसर बनकर उभरती है। प्रशासन, पुलिस, गैर–सरकारी संगठन और नागरिक सभी को मिलकर इस बदलाव को जमीन पर उतारना होगा। सांसद सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में बनी रूपरेखा में इस साझेदारी की स्पष्ट झलक है। यदि स्कूलों, कॉलेजों, महिला समूहों और स्थानीय संगठनों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया, तो यह पहल केवल योजना नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक आंदोलन बन सकती है जो सुरक्षा से आगे बढ़कर समाज के हर आयाम को छुएगी। यही सामूहिक प्रयास इसे स्थायित्व और वास्तविक गहराई दे सकता है। इतिहास के मोड़ पर खड़ा धार अब ऐसे बदलाव की ओर बढ़ रहा है, जो सिर्फ रूप नहीं, सोच भी बदलेगा। सवाल केवल चेहरे के परिवर्तन का नहीं, बल्कि उसकी गहराई और स्थायित्व का है। इस यात्रा में आशा और सतर्कता दोनों जरूरी हैं। मजबूत वित्तीय आधार, केंद्र–राज्य सहयोग और पांच वर्षों की समयसीमा इसे सफलता की मजबूत नींव देते हैं। यदि क्रियान्वयन पारदर्शी रहा, जनभागीदारी मजबूत हुई और सोच में बदलाव आया, तो धार की सड़कें रोशनी के साथ भरोसे और स्वतंत्रता से चमकेंगी। तब यह शहर संदेश देगा कि सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार है और इसी में विकास का असली अर्थ छिपा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल के साथ सीधी बातचीत की संभावना नहीं: हिजबुल्लाह



■ नईम कासिम ने जोर दिया कि केवल अप्रत्यक्ष बातचीत पर ही विचार किया जाना चाहिए

**तेल अवीव।** हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने सोमवार को इजरायल के साथ सीधी बातचीत की मेज पर बैठने से इनकार करते हुए कहा कि इस तरह का अनुमान लगाने का 'सवाल ही नहीं पैदा होता'। कासिम ने सशस्त्र प्रतिरोध के प्रति समूह के मजबूत इरादे को फिर से दोहराया। कासिम ने साफ तौर पर कहा कि हम हथियार नहीं छोड़ेंगे, और रक्षा तथा मैदान-ए-जंग ने टकराव के लिए हमारी तैयारी साबित कर दी है।

उन्होंने जोड़ा कि हिजबुल्लाह इजरायली आक्रामकता का जवाब देना जारी रखेगा। उन्होंने लेबनान सरकार की भी आलोचना की और कहा कि सरकार ने 'रियायत देने में अनावश्यक जल्दबाजी की' है। उन्होंने जोर दिया कि केवल अप्रत्यक्ष बातचीत पर ही विचार किया जाना चाहिए। ये बयान इजरायल-लेबनान सीमा पर फिर से बढ़ते तनाव के बीच आया है, जबकि वहां अप्रैल के मध्य से अमेरिका की मध्यस्थता वाला संघर्ष विराम लागू है, जिसे हाल ही में बढ़ाया गया है। इस युद्धविराम ने बड़े पैमाने पर लड़ाई को कम तो किया है, लेकिन सीमा पार होने वाले हमलों को पूरी तरह से नहीं रोका जा सका है और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर उल्लंघन के इल्जाम लगा रहे हैं। इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के कई शहरों के लिए नई निकासी चेतावनी जारी की है, जिसमें बाशिदों को उन इलाकों से हटने की सलाह दी गई है जिन्हें वह हिजबुल्लाह की गतिविधियों से जुड़ा बता रहा है। एक इजरायली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि हिजबुल्लाह लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है और चेतावनी दी कि यदि जरूरत पड़ी तो इजरायल पूरी ताकत के साथ जवाब देगा। उधर, हिजबुल्ला ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसकी कार्रवाई बार-बार होने वाले इजरायली उल्लंघनों का 'वैध जवाब' है। समूह का दावा है कि संघर्ष विराम समझौते का सैकड़ों बार उल्लंघन हुआ है, जिससे यह नाजुक युद्धविराम कमजोर हो रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी हालिया हमलों के बाद सेना को दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले तेज करने का निर्देश दिया है। इन हमलों में कथित तौर पर कई लोग मारे गए हैं। इजरायली अधिकारियों का मानना है कि उत्तरी सीमा पर सुरक्षा पक्की करने के लिए सैन्य अभियान जरूरी हैं। अमेरिका की मध्यस्थता वाला यह संघर्ष विराम समझौता लगातार हो रही झड़पों और एक-दूसरे पर शर्तों को न मानने के आरोपों के कारण दबाव में है, क्योंकि दोनों ही पक्ष इस युद्धविराम के लंबे समय तक टिकने पर चिंता जता रहे हैं।



पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 71वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने से पहले कतारों में इंतजार करते उम्मीदवार।

## एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ मंगलवार को किर्गिजस्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बैठक के दौरान विभिन्न सदस्य देशों के रक्षा मंत्री क्षेत्र की रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े अनेक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय शांति, आतंकवाद-रोधी प्रयासों तथा एससीओ सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। इस वर्ष की एससीओ बैठक पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण उत्पन्न हो रही भू-राजनीतिक अस्थिरता की पृष्ठभूमि में आयोजित हो रही है। क्षेत्र के सबसे बड़े राजनीतिक एवं आर्थिक संगठनों में से एक एससीओ इस संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों पर भी चर्चा कर सकता है।

## राजा चार्ल्स तृतीय की अमेरिका यात्रा योजनानुसार होगी: राजमहल

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रात्रि भोज के दौरान हुई गोलीबारी की घटना के बावजूद ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स तृतीय की अमेरिका यात्रा योजनानुसार जारी रहेगी।बकिंघम पैलेस ने एक बयान में यह जानकारी दी है। इससे पहले, राजमहल के सूत्रों ने कहा था कि चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला की अमेरिका की प्रस्तावित यात्रा पर इस घटना के संभावित प्रभावों के बारे में लंदन और वाशिंगटन के बीच चर्चा की जा रही है। 'इंडिपेंडेंट' समाचार पत्र ने राजमहल के हवाले से कहा है कि दिन भर दोनों देशों के बीच हुई चर्चा के बाद और सरकार की सलाह पर कार्रवाई करते हुए, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि उनकी राजकीय यात्रा योजनानुसार आगे बढ़ेगी।

## पश्चिमी देशों में परमाणु हथियारों की तैनाती पर रूस चिंतित

**मास्को।** रूस ने पश्चिमी देशों के अपने क्षेत्रों में परमाणु हथियार तैनात करने की बढ़ती इच्छा पर गहरी चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि यह रुझान भविष्य में और तेजी से बढ़ सकता है। परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन में रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और रूसी विदेश मंत्रालय के एंबेसडर-एट-लार्ज आंद्रेई बेलौसोव ने स्पुतनिक को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि रूस एनपीटी के संदर्भ में कई मुद्दों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। उनके अनुसार, पश्चिम के देशों में एक ऐसा चलन देखा जा रहा है जो जल्द ही 'हिमस्खलन जैसी वृद्धि' में बदल सकता है। उल्लेखनीय है कि एनपीटी की 11वीं समीक्षा बैठक आज से से 22 मई तक न्यूयॉर्क में आयोजित की जा रही है। बेलौसोव ने कहा कि गैर-परमाणु पश्चिमी देशों में तैनाती करने की मांग की जा रही है। नाटो के 'संयुक्त परमाणु मिशनों' और 'विस्तारित' या 'अग्रिम' परमाणु निवारण (न्यूक्लियर डिटरेंस) की योजनाएं गहरी अस्थिरता पैदा करने वाली और एनपीटी को नुकसान पहुंचाने वाली हैं। रूसी राजनयिक ने 'यूरोपीय संघ (ईयू) को परमाणु क्षमता संपन्न' बनाने की कोशिश और इसके गैर-परमाणु सदस्य देशों द्वारा खुद के परमाणु हथियार हासिल करने की दिशा में बढ़ने की संभावना पर भी चिंता जताई।

# पाक मध्यस्थ बनने के लायक नहीं: इब्राहिम

## ईरानी सांसद बोले: पाकिस्तान अमेरिका के पक्ष में झुका है, ट्रम्प के खिलाफ कुछ नहीं बोलता इस्लामाबाद



■ पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखता है और उनके खिलाफ कुछ नहीं कहता, इसलिए वह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता: रेजई

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत में अभी तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है। इसी बीच ईरान के एक नेता ने पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजई ने कहा कि पाकिस्तान दोस्त जरूर है, लेकिन वह बातचीत में बीच का सही पक्ष (मध्यस्थ) नहीं बन सकता। रेजई ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखता है और उनके खिलाफ कुछ नहीं कहता। इसलिए वह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि एक सही मध्यस्थ वही होता है, जो दोनों पक्षों के बीच निष्पक्ष रहे, न कि हमेशा एक ही पक्ष की तरफ झुका रहे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 24 घंटे में 2 बार पाकिस्तान का दौरा किया। सांसद ने कहा पाकिस्तान हमारा एक अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए उपयुक्त मध्यस्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान का मानना है कि एक मध्यस्थ को निष्पक्ष होना चाहिए और दोनों पक्षों को असहज सच बोलने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिसमें पाकिस्तान विफल रहा है। रजाई के अनुसार, पाकिस्तान यह सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि अमेरिका ने शुरू में प्रस्ताव स्वीकार किया और फिर उससे पीछे हट गया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान लेबनान और ईरान की रुकी हुई वित्तीय संपत्तियों के संबंध में अमेरिका को उसकी प्रतिबद्धताओं के लिए जवाबदेह ठहराने में विफल रहा है। सबसे गंभीर आरोप उस 10-सूत्रीय वार्ता ढांचे को लेकर है, जिसे ईरान का दावा है कि तेहरान यात्रा के दौरान पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को सीधे सौंपा गया था। ईरान के अनुसार, जनरल मुनीर को यह प्रस्ताव इस समझ के साथ दिया गया था कि इसे अमेरिकी पक्ष तक पहुंचाया जाएगा, लेकिन ईरान का कहना है कि उसे अब तक कोई प्रतिक्रिया या पावती नहीं मिली है। यह कूटनीतिक तनाव 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों के बाद शुरू हुए संघर्ष की पृष्ठभूमि में सामने आया है। इस युद्ध ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग बंद कर दिया है, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ सीधी बातचीत से इनकार कर दिया है। दूसरी ओर, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर संकेत दिया कि यदि ईरान बात करना चाहता है, तो उन्हें बस फोन करना चाहिए, लेकिन अमेरिका अब इस्लामाबाद में वरिष्ठ वार्ताकार नहीं भेजेगा। पाकिस्तान की मुस्लिम जगत के शांति मध्यस्थ बनने की महत्वाकांक्षा को इस कूटनीतिक गतिरोध से बड़ा झटका लगा है। ईरान का संदेश स्पष्ट है-तटस्थता दिखाई देनी चाहिए, केवल उसका दावा करना पर्याप्त नहीं है।

## बीएलए ने किया 42 पाक सैनिकों को मारने का दावा

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने कहा है कि उन्होंने 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर 27 हमले किए हैं। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने एक बयान जारी कर हमलों की जिम्मेदारी ली। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया कि संगठन के लड़ाकों ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट, घात लगाकर हमले, छापेमारी और ड्रोन हमले किए। बीएलए ने दावा किया कि इस दौरान 42 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हुए और एक सैनिक को बंदी बना लिया गया। बीएलए ने पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की कई चौकियों पर कब्जा करने और पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के हथियार लूटने का भी दावा किया। बीएलए ने बयान में यह भी स्वीकार किया कि पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के साथ हुई झड़पों में उसके तीन लड़ाके मारे गए। बीएलए के अनुसार, उसके लड़ाकों ने सोहंदा क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना को रिमोट कंट्रोल आईईडी से निशाना बनाया और इसके बाद घात लगाकर हमला किया, जिसमें कई जवानों के मारे जाने का दावा किया गया। बयान में यह भी आरोप लगाया गया कि हमले के बाद में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने नागरिक क्षेत्रों में कार्रवाई की, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। बीएलए ने ये भी कहा कि उन्होंने खारान के अलमार्क क्षेत्र में आईईडी और घात लगाकर हमले किए गए, जिससे सुरक्षा बलों को पीछे हटना पड़ा और उन्हें नुकसान हुआ। इसके अलावा, कोहलू जिले में एक कथित सरकारी समर्थक सशस्त्र व्यक्ति की हत्या की जिम्मेदारी भी ली गई। संगठन ने बेसिमा क्षेत्र में भी सशस्त्र समूहों और सुरक्षा बलों पर हमले कर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। बीएलए के मुताबिक, हरनाई के शहराग इलाके में झड़प के दौरान एक सैनिक को जिंदा पकड़ लिया गया। वहीं झल मगसी में एक चौकी पर कब्जा कर हथियार जब्त करने का भी दावा किया गया।

## माली के रक्षामंत्री सादियो की बम धमाके में मौत

■ कल घर पर सुसाइड कार से हमला हुआ, हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए

**बमाको।** माली के रक्षा मंत्री सादियो कामारा की बम धमाके में मौत हो गई। शनिवार को राजधानी बमाको से करीब 15 किमी दूर काटी शहर में उनके घर पर आत्मघाती कार से हमला किया गया। हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए।

यह जानकारी उनके परिवार और अधिकारियों ने दी। एक रिश्तेदार ने रायटर्स को उनकी मौत की पुष्टि की, जबकि उनके साले ने फेसबुक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। हमले के पीछे अल-कायदा से जुड़ा जिहादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोही समूह एफएलए का गठजोड़ बताया जा रहा है। दोनों संगठनों ने मिलकर यह हमला किया। इस हमले के साथ ही देश के कई हिस्सों में भी हिंसा भड़क गई। बमाको, गाओ, किदाल और सेवरे समेत कई शहरों में गोलीबारी और धमाकों की खबरें सामने आई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक राष्ट्रपति असीमी गोइता को सुरक्षित जगह ले जाया गया क्योंकि उनके घर को भी निशाना बनाया गया था। रक्षा मंत्री सादियो कामारा माली की सैन्य सरकार के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। वे पेशे से सैन्य अधिकारी थे और लंबे समय तक सेना में सेवा देने के बाद शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचे। 2020 और 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद उनका कद तेजी से बढ़ा और वे सत्ता के केंद्र में आ गए। रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने माली की सुरक्षा नीति तय करने में अहम भूमिका निभाई। कामारा को माली और रूस के बीच बढ़ते सैन्य संबंधों का प्रमुख सूत्रधार माना जाता था। उनके कार्यकाल में माली ने फ्रांस और पश्चिमी देशों से दूरी बनाकर रूस के साथ सहयोग बढ़ाया। वे केवल रक्षा मंत्री ही नहीं, बल्कि सैन्य शासन के सबसे ताकतवर चेहरों में शामिल थे। तुआरेग विद्रोही संगठन एफएलए ने उत्तरी शहर किदाल पर कब्जा करने का दावा किया है। एफएलए का कहना है कि किदाल अब पूरी तरह उनके नियंत्रण में है। हालांकि माली की सेना ने कहा है कि किदाल समेत कई इलाकों में अभी भी आपरेशन जारी हैं और हमलावरों को खदेड़ा जा रहा है। विद्रोहियों ने यह भी दावा किया है कि एक समझौते के तहत माली सेना और उसके रूसी सहयोगियों को शहर छोड़ने की अनुमति दी गई है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# कनाडा में सिख बुजुर्ग पर हमला

■ नस्लीय टिप्पणी भी की आरोपी ने कहा: मेरे देश से निकल जाओ, आरोपी गिरफ्तार, हिरासत में भेजा

**ओटावा।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के वुडस्टाक शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर नस्लीय टिप्पणी के साथ हमला किया गया। आरोपी युवक ने पीड़ित को धक्का दिया और चिल्लाते हुए कहा मेरे देश से निकल जाओ।

पुलिस ने इस घटना को नफरत-आधारित अपराध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। वुडस्टाक पुलिस के अनुसार, यह घटना 22 अप्रैल की है। जब सिख बुजुर्ग फुटपाथ पर चल रहे थे, तभी एक युवक ने उन्हें बिना किसी उकसावे के रोककर धक्का दे दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने केवल हमला ही नहीं किया, बल्कि पीड़ित की जातीय पहचान को लेकर आपत्तिजनक और नस्लीय टिप्पणियां भी कीं। हालांकि, इस हमले में बुजुर्ग को गंभीर शारीरिक चोट नहीं आई। जांच में यह भी सामने आया कि घटना के बाद आरोपी युवक ने पास के टर्टल आइलैंड स्कूल की बाउंड्री फांदकर परिसर में प्रवेश किया और फिर वहां से बाहर निकल गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस दौरान किसी छात्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें आरोपी को बार-बार नस्लीय अपशब्द कहते सुना जा सकता है, जैसे-'तुम मेरे देश में क्या कर रहे हो?' यहां से निकल जाओ। वुडस्टाक पुलिस ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जमानत सुनवाई के लिए हिरासत में रखा गया है। पुलिस ने कहा हमारे समुदाय में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वर्ल्ड सिख आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएसओ) ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई है। संगठन ने इसे अस्वीकार्य बताया और वुडस्टाक पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। डब्ल्यूएसओ ने कहा कि यह घटना किसी अकेली नहीं है, बल्कि सिख समुदाय के खिलाफ बढ़ते नफरत अपराधों के एक बड़े पैटर्न का हिस्सा है।

## चाड में पानी को लेकर विवाद, 40 से अधिक लोगों की मौत

**न्जामेना।** दक्षिण अफ्रीकी देश चाड में पानी के स्रोत पर अधिकार को लेकर दो परिवारों के बीच हुई हिसक झड़प में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। चाड के उप प्रधानमंत्री लिमाने महामत के अनुसार, यह हिंसा एक जल स्रोत को लेकर दो परिवारों के बीच शुरू हुए झगड़े का परिणाम थी। यह विवाद बाद में बदले की कार्रवाइयों में बदल गया। चाड के राष्ट्रपति महामत इदरीस देबी इतनो ने स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर एक आयोग भेजा है, जिसमें उप प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और जनरल स्टाफ के प्रमुख शामिल हैं।

# इंटरव्यू में पत्रकार पर भड़के ट्रम्प

## कहा: मैं रेपिस्ट नहीं, मुझे क्लीन चिट मिल चुकी है



■ एंकर ने हमलावर का बयान टीवी पर पढ़ दिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक इंटरव्यू के दौरान महिला पत्रकार पर भड़क गए। यह मामला हिल्टन होटल में फायरिंग के आरोपी कोल टामस एलन के मैसेज से जुड़ा था।

एलन ने हमले से 10 मिनट पहले परिवार को एक मैनिफेस्टो (लिखित बयान) भेजा था। इसमें उसने 'पेडोफाइल, रेपिस्ट और गद्दार' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था, लेकिन उसने किसी का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया। इसी मामले को लेकर पत्रकार नोरा ओश्डोनल ने जब ट्रम्प से पूछा कि क्या ये आरोप उन्हीं की तरफ इशारा करते हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि मैं न तो रेपिस्ट हूं, न ही किसी का रेप किया है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए ये भी कहा कि आपने एक बीमार आदमी की बकवास टीवी पर पढ़ दी। मुझे उन चीजों से जोड़ा गया, जिनसे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। मुझे पहले ही पूरी तरह क्लीन चिट मिल चुकी है। इस पर नोरा ने साफ किया कि वे मेरे शब्द नहीं थे, बल्कि आरोपी ने लिखे थे। इस पर ट्रम्प ने कहा कि ऐसे आरोप टीवी पर पढ़ना ही गलत था। इंटरव्यू में जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या वे खुद निशाने पर थे, उन्होंने कहा कि मुझे पक्के तौर पर नहीं पता। हालांकि, घटना के दौरान मुझे डर नहीं लगा, क्योंकि दुनिया ऐसी ही है और ऐसी घटनाएं हो सकती हैं। ट्रम्प ने कहा कि पहले मुझे लगा था कि यह छोटी घटना है, लेकिन फिर समझ आया कि मामला गंभीर है। उस वक्त एक आर्टिस्ट शो कर रहा था और माहौल सामान्य लग रहा था, लेकिन अचानक सब बदल गया। ट्रम्प ने कहा कि सुरक्षा टीम मुझे तुरंत बाहर ले जाना चाहती थी, लेकिन मैं देखना चाहता थे कि क्या हो रहा है।


देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.

BDS, BAMS, BUMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)


# निर्मित कौर अहलूवालिया के नए फ्रैश हेयर लुक ने मचाई हलचल



■ यह छोटा लेकिन खास बदलाव उनके लुक को और भी सॉफ्ट और स्टाइलिश बना रहा

**मुंबई।** अभिनेत्री निर्मित कौर अहलूवालिया ने इस गर्मी में एक नया और फ्रेश लुक अपनाया है। निर्मित कौर ने फ्रेश हेयरस्टाइल ट्राय किया है, जो सोशल मीडिया और इंडस्ट्री में चर्चा का विषय बन गया है। यह छोटा लेकिन खास बदलाव उनके लुक को और भी सॉफ्ट और स्टाइलिश बना रहा है।

इन दिनों बॉलीवुड में फ्रेश हेयरकट का ट्रेंड भी काफी चल रहा है। अनन्य पांडे, अदिति राव हैदरी और भूमि पेडणेकर जैसी अभिनेत्री भी इस लुक में नजर आ चुकी हैं, लेकिन निर्मित का स्टाइल अपनी सादगी और एलिगेंस के कारण अलग नजर आता है, जो उनकी पर्सनैलिटी को अच्छी तरह सूट करता है। शुरुआत में फैंस को लगा कि यह सिर्फ उनका पर्सनल स्टाइल चेंज है या किसी रोल के लिए, लेकिन अब निमृत ने खुद इस बात का खुलासा कर दिया है। अपने नए लुक के बारे में निर्मित ने कहा कि मैंने हाल ही में एक नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है और यह लुक उसी के लिए है। मैं कुछ अलग ट्राय करना चाहती थी और फ्रेश मुझे सही लगा। नए अंदाज के साथ किसी नई चीज की शुरुआत करना हमेशा एक्साइटिंग होता है, और यह उसी सफर का एक हिस्सा है। एक करीबी सूत्र ने बताया कि निर्मित काफी समय से अपने लुक के साथ कुछ नया करना चाहती थीं, और जब यह प्रोजेक्ट आया तो उन्हें लगा कि यही सही समय है। यह फ्रेश उनके स्क्रीन प्रेजेंस में एक नया पहलू जोड़ता है। निर्मित लगातार अपने काम में सादगी और नएपन के बीच संतुलन बनाए रखती हैं। नए प्रोजेक्ट की शुरुआत और उनके इस लुक को मिल रही प्रतिक्रिया को देखते हुए, वह एक बार फिर कुछ नया और खास लेकर आने के लिए तैयार हैं।


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108